kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-108 | सोमवार, 19 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

अखिलेश जी, सपाइयों को लोहिया-जेपी पढ़ाइए और पंडित जनेश्वर के भाषण सुनवाइए, ताकि इनके आचरण और उच्चारण में समाजवाद झलके। लोहिया की किताबें आप पर न हो तो मैं उपलब्ध करवा सकता हूं। **ब्रजेश पाठक**

सहकारी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता: शाह 11

आरसीपी सिंह ने अपनी पार्टी का जनसुराज में किया विलय 12

संक्षेप

लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

इस्लामाबाद। आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया है। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया। रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह भारत में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों का मास्टरमांइड बताया जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैफुल्लाह बीते कई सालों से नेपाल में फर्जी नाम से रहकर लश्कर के कामों को ऑपरेट कर रहा था। उसने नेपाल में विनोद कुमार नाम रखकर नगमा बानू नाम की महिला से शादी भी की। सैफुल्लाह को 2006 में नागपुर में आरएसएस मुख्यालय पर हुए हमले का मुख्य आरोपी बताया जाता है। इससे अलावा, उसे रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमले और 2005 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस बेंगलुरू में हमले का भी साजिशकर्ता बताया जाता है। दावा किया जा रहा है कि सैफुल्लाह लश्कर के ऑपरेशनल कमांडर आजम चीमा का सहयोगी था।

सीजेआई ने दिया संविधान के सम्मान पर जोर

मुंबई। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान के सम्मान पर जोर दिया। बार काउंसिल महाराष्ट्र और गोवा की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह और अधिवक्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि न तो न्यायपालिका और न ही कार्यपालिका, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और इसके स्तंभों को मिलकर काम करना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे खुशी है कि देश न केवल मजबूत हुआ है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर भी विकसित हुआ है और ऐसा करना जारी है। भारत का संविधान सर्वोच्च है और तीनों अंगों को संविधान के अनुसार काम करना है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश का बुनियादी ढांचा मजबूत है और संविधान के तीनों स्तंभ समान हैं। संविधान के सभी अंगों को एक-दूसरे के प्रति उचित सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति गवई द्वारा सुनाए गए 50 उल्लेखनीय निर्णयों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया। सीजेआई बीआर गवई ने मुंबई में चैत्यभूमि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधान न्यायाधीश बनने के बाद आज मेरी पहली महाराष्ट्र यात्रा है और आज मैं चैत्यभूमि में बाबा साहेब के स्मारक पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं। मैं यहां बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा हमें दिए गए संविधान के अनुसार स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और एकता के मूल्यों को आगे बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए बाबा साहेब का आशीर्वाद लेने आया हूं।

ऑपरेशन सिंदूर का नया वीडियो जारी, सेना ने कहा

जहां से सीजफायर उल्लंघन हुआ, उसे मिट्टी में मिला दिया

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ड्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का एक नया वीडियो जारी किया। सेना की पश्चिमी कमान ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। सेना ने कहा, प्लान किया, ट्रेनिंग दी और पूरा किया। उन्होंने आगे कहा, ''इंसाफ हुआ।''

वीडियो में, एक सुरक्षाकर्मी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए एक सबक था। ऐसा सबक जो उसने दशकों से नहीं सीखा था। सेना के जवान ने कहा, ''इसकी शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले से हुई। गुस्सा पिघले हुए लावा की तरह था। मन में बस एक ही विचार था - इस बार, हम ऐसा



सबक सिखाएंगे कि उनकी पीढ़ियां याद रखेंगी। यह बदला लेने का काम नहीं था, यह न्याय था। 9 मई की रात लगभग 9 बजे, भारतीय सेना ने दुश्मन पोस्ट को नष्ट कर दिया जिसने युद्धविराम का उल्लंघन किया था। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक कार्रवाई नहीं थी, यह पाकिस्तान के लिए एक सबक था, जो उसने दशकों से नहीं सीखा था। भारत ने पिछले महीने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के ● शेष पेज 11 पर

इसरो के 101वें सैटेलाइट का लॉन्च विफल

पीएसएलवी-सी61/ईओएस-09 मिशन तकनीकी गड़बड़ी के कारण पूरा नहीं हो सका

एजेंसी

श्रीहरिकोटा। पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 को ले जाने वाला पीएसएलवी-सी61 मिशन रविवार सुबह 4-चरणीय रॉकेट के तीसरे चरण के प्रज्वलन और अलग होने में तकनीकी गड़बड़ी के कारण पूरा नहीं हो सका।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने संवाददाताओं को बताया कि तीसरे चरण में कुछ विसंगति आने के कारण मिशन पूरा नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि रॉकेट ने निर्धारित समय 0559 बजे उड़ान भरी और पहले दो चरणों का प्रज्वलन और पृथक्करण सामान्य रहा। हालांकि, तीसरे चरण (ठोस प्रणोदकों के साथ) के प्रज्वलन और पृथक्करण के दौरान तकनीकी गड़बड़ी देखी गई। उन्होंने कहा,

हम इसका विश्लेषण कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि मिशन पूरा नहीं हो सका। श्री नारायणन ने कहा आज हमने श्रीहरिकोटा से 101वें प्रक्षेपण, पीएसएलवीसी61 ईओएस-09 मिशन को लक्ष्य बनाया। पीएसएलवी चार चरणों वाला वाहन है और दूसरे चरण तक इसका प्रदर्शन सामान्य था। तीसरे चरण की मोटर पूरी तरह से चालू हो गई, लेकिन तीसरे चरण के संचालन के दौरान हमें एक विसंगति देखने को मिली और मिशन पूरा नहीं हो सका। आज 101वें प्रक्षेपण का प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य था। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण में एक अवलोकन के कारण मिशन पूरा नहीं हो सका। ईओएस-09 उपग्रह को पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर मौजूदा तनाव के मद्देनजर सर्जिकल एयर स्ट्राइक के लिए एक गेम चेंजर के रूप में देखा जा रहा है और यह अपने ऑनबोर्ड सी-बैंड सिंथेटिक अपर्चर रडार का उपयोग करके उच्च रिज़ॉल्यूशन वाली सीमा की तस्वीरें प्रदान करेगा जो दिन और रात सभी मौसम की स्थिति में तस्वीरें कैप्चर करेगा। इससे पूर्व 22 घंटे की उल्टी गिनती के बाद, इसरो का सबसे भरोसेमंद प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी61, स्ट्रैप-ऑन मोटर्स के साथ, 0559 बजे अंधेरे आसमान को रोशन करते हुए प्रथम लॉन्च पैड से शानदार उड़ान भरी। उड़ान भरने से 15 मीटर पहले मिशन निदेशक ने प्रक्षेपण क्रम शुरू किया, लेकिन तीसरे चरण में तकनीकी खराबी के कारण यह विफल हो गया।

हैदराबाद में आग लगने से 17 लोगों की मौत

एजेंसी

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार तड़के भीषण आग लगने से 17 लोगों की मौत हो गयी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है। तेलंगाना राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवा विभाग के अनुसार चारमीनार के गुलजार हाउस चौरास्ता में स्थित जी+2 बिल्डिंग में सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद मोगलपुरा दमकल केंद्र से एक वाटर टेंडर और चालक दल सबसे पहले मौके पर पहुंचे। आग भूतल पर लगी थी और तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। अग्निशमन, तलाश और बचाव अभियान एक साथ शुरू किया गया। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने पहली मंजिल पर फंसे सत्रह व्यक्तियों को बचाया और इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया। कुछ देर बाद विभिन्न स्थानों से कुल 12 अग्निशमन उपकरण घटनास्थल पर पहुंचे। कड़ी मुशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और फायर रोबोट ने इस अभियान में अहम भूमिका निभाई।

आग लगने के कारणों की फिलहाल पता नहीं चल पाया है। संपत्ति के नुकसान का आकलन अभी नहीं हो पाया है। मृतकों की पहचान प्रहलाद (70), मुन्नी (70), राजेंद्र मोदी (65), सुमित्रा (60), हमी (7), अभिषेक (31), शीतल (35), प्रियांश (4), इराज (2), आरुषि (3),

दुखद

- मरने वालों में 8 बच्चे,शॉर्ट सर्किट से दुर्घटना की आशंका, मोदी ने जतायी संवेदना

ऋषभ (4), प्रथम (1.5 वर्ष), अनुयान (3), वर्षा (35), पंकज (36) रजनी (32) और इद्रू (4) के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और तत्काल बचाव और राहत उपायों के आदेश दिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार और पीड़ित परिवारों को पूर्ण सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कुछ पीड़ितों से व्यक्तिगत रूप से बात की और प्रतिक्रिया की निगरानी के लिए हैदराबाद के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर के साथ समन्वय किया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने घटनास्थल का दौरा किया और अग्निशमन विभाग के महानिदेशक नागी रेड्डी और दक्षिण क्षेत्र की पुलिस उपाधीक्षक (डीसीपी) स्नेहा मिश्रा से जानकारी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि आग लगने की सूचना सुबह 6:16 बजे मिली और टीमों ने तुरंत कार्रवाई की। हालांकि मदद पहुंचने तक कई पीड़ित गंभीर रूप से जख्मी हो चुके थे, लेकिन त्वरित प्रतिक्रिया से जानमाल के और नुकसान को रोकने में मदद मिली। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरी जांच की जाएगी और पुष्टि की कि प्रारंभिक निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि यह एक दुर्घटना थी और इसमें किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है।

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने घटना की जानकारी मिलने पर बाद मौके पर पहुंचे और पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने इस घटना पर संवेदना व्यक्त की और उन्हें राज्य और केंद्र सरकारों दोनों से सभी आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि वह लोगों की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 02 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

18 पीसीएस अफसरों के तबादले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में इन दिनों पुलिस और प्रशासनिक विभाग में तबादला एक्सप्रेस जारी है। रविवार को योगी सरकार ने एक बार फिर प्रशासनिक विभाग में फ़ेरबदल कर दिया। एडीएम समेत 11 पीसीएस अफसरों का तबादला किया गया है। इसमें आठ एडीएम, तीन अपर नगर आयुक्त, चार एसडीएम, एक नगर मजिस्ट्रेट और दो विकास प्राधिकरण में सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। सभी अधिकारियों के ट्रांसफर की लिस्ट भी जारी कर दी गई है।

सरकार ने गाजियबाद में एडीएम (नगर) रहे गंभीर सिंह को आजमगढ़ एडीएम, लखनऊ एडीएम (न्यायिक) रहे हनुमान प्रसाद को रामपुर एडीएम,

प्रयागराज नगर निगम अपर नगर आयुक्त अम्बरीश कुमार बिंद को नगर मजिस्ट्रेट बरेली, वाराणसी अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय को लखनऊ में मंडी परिषद में उप निदेशक, लखनऊ एडीएम (प्रशासन) सुश्री शुभी काकन को मंडी परिषद उप निदेशक लखनऊ, बरेली नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला को प्रयागराज नगर निगम में अपर नगर आयुक्त, बागपत एडीएम (न्यायिक) सुभाष सिंह को वाराणसी नगर निगम में अपर नगर आयुक्त बनाया है। इसके अलावा बलिया एडीएम (नमामि गंगे ● शेष पेज 11 पर

नम्रता सिंह लखनऊ की नई अपर नगर आयुक्त बनीं

लखनऊ। नगर निगम में रविवार को शासन ने अहम प्रशासनिक फ़ेरबदल किया है। वर्तमान अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव का तबादला कर दिया गया है। उन्हें अपर जिलाधिकारी न्यायिक बागपत के पद पर भेजा गया है। वहीं, नम्रता सिंह को लखनऊ नगर निगम का नया अपर नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। नम्रता सिंह पहले उप जिलाधिकारी, उन्नाव के पद पर तैनात थीं।

बंगलादेश से निर्यात की सुविधा पर फैसला संबंधों में समानता के सिद्धांत पर आधारित: भारत

नयी दिल्ली। भारत ने बंगलादेश के उत्पादों के निर्यात के लिए दी गई सुविधाओं को सीमित करने के फैसले को संबंधों में समानता और पारस्परिकता के सिद्धांत पर आधारित करार दिया है और उसे संकेत दिया है कि वह केवल अपने लाभ के लिए द्विपक्षीय व्यापार की शर्तों को नहीं चुन सकता है। सूत्रों ने समान बाजार पहुंच के सिद्धांत का खुलासा करते हुए कहा कि बंगलादेश से भारत के पूर्वोत्तर में चुनिंदा निर्यात पर भारत द्वारा लगाए गए भूमि बंदरगाह प्रतिबंधों से संबंधों में समानता बहाल होने की उम्मीद है। जबकि भारत ने अब तक बिना किसी प्रतिबंध के बंगलादेश से सभी निर्यात की अनुमति दी थी। बंगलादेश द्वारा पूर्वोत्तर तक पारगमन और बाजार पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया गया था। भारत द्वारा किया गया यह उपाय दोनों देशों के लिए समान बाजार पहुंच को पुनर्स्थापित करता है। ● शेष पेज 11 पर

बसपा ने आकाश को बनाया मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। उन्होंने यह निर्णय दिल्ली स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय 29 लोधी स्टेट में पदाधिकारियों की सहमति के बाद लिया है। साथ ही उम्मीद जताई है कि इस बार आकाश पार्टी व मूवमेंट के हित में हर तरह की एहतियात बरतते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में योगदान देंगे।

बसपा प्रमुख मायावती ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई के लिए भारतीय सेना की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जनता

- आपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई को बसपा प्रमुख ने सराहा
- कश्मीर मुद्दे को खुद निपटाए भारत, तीसरे को दखल न देने दें

व देश के हित को प्रभावित होने से बचाने के लिए सरकार का अपराध नियंत्रण जैसे आतंकवाद विरोधी उपाय भी जरूरी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर परमाणु धमकी देता रहता है। उसकी ब्लैकमेलिंग को ● शेष पेज 11 पर

सभी राजस्व अभिलेखों का होगा डिजिटलीकरण

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने की तैयारी है। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग ने पुराने राजस्व अभिलेखों और लेखपत्रों को शाश्वत काल तक सुरक्षित रखने के लिए डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इसके तहत अब 1990 से पहले के सम्पूर्ण राजस्व अभिलेखों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की तैयारी चल रही है और जल्द ही इस कार्य के लिए संस्था का चयन किया जाएगा।

विभाग चरणबद्ध तरीके से पुराने अभिलेखों की स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर रहा है। विभाग की ओर से मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की गई प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2025 तक 2002 से 2017 तक के विलेखों का

- अप्रैल 2025 तक 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है 2002 से लेकर 2017 तक के विलेखों का डिजिटलाइजेशन

- 1990 से 2001 तक के विलेखों के डिजिटलाइजेशन के लिए यूपीडेस्को की ओर से टेंडर प्रक्रियाधीन

डिजिटलाइजेशन 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है। वहीं, 1990 से 2001 तक के विलेखों के डिजिटलाइजेशन के लिए यूपीडीईएससीओ की ओर से टेंडर प्रक्रिया चल रही है। अब तीसरे चरण में 1990 से पहले के अभिलेखों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की योजना पर काम शुरू होने जा रहा है। इस डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया से राजस्व से जुड़े दस्तावेजों तक पहुंच आसान हो जाएगी। स्कैनिंग के बाद अभिलेखों की हार्डकॉपी को सेंट्रल रिकॉर्ड रूम में शिफ्ट किया जाएगा, जिससे उपनिबंधक कार्यालयों में पुरानी फाइलों के अंबार से राहत मिलेगी। इससे न केवल कार्यालयों में स्थान की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि अभिलेखों की दीर्घकालिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डिजिटल गवर्नेंस की यह पहल न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक बना रही है, बल्कि जनता को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। डिजिटल अभिलेखों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करना सुगम होगा और पुराने दस्तावेजों को खोजने में लगने वाला समय और संसाधन बचेगा। यह कदम उत्तर प्रदेश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

स्टालिन ने गैर-भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मांगा सपोर्ट

लेटर लिखकर कहा- सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति के संदर्भ का विरोध करें

एजेंसी

चेन्नई । तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सवाल उठाए हैं। इसे लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नाराजगी जताई है। अब सीएम स्टालिन ने गैर भाजपा शासित राज्यों के सीएम को पत्र लिखा है।

सीएम स्टालिन ने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रपति ने केंद्र सरकार की सलाह पर संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट के सलाहकार अधिकार का उपयोग करते हुए 13 मई 2025 को 14 प्रश्न उठाए हैं। इसमे किसी राज्य या फैसले का जिक्र नहीं है, लेकिन यह साफ है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल के मामले में की टिप्पणियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि तमिलनाडु के संबंध में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल मेरे ही नहीं बल्कि सभी राज्यों के लिए अहम है। सभी जानते हैं कि कैसे केंद्र सरकार ने राज्यपालों का उपयोग विपक्ष शासित राज्यों के कार्यों को बाधित करने के लिए किया है। राज्यपाल विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करते हैं या उन्हें बिना वैध व कानूनी कारणों के रोके रखते हैं। वे नियमित कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं, महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों में बाधा डालते हैं और विश्वविद्यालयों के

कुलपति के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हैं। स्टालिन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल मामले में अपने फैसले में कहा कि राज्यपाल विधेयकों से संबंधित मामलों में राज्य मंत्रिमंडल की सलाह से बंधे हैं। वे विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोक नहीं सकते। राष्ट्रपति और राज्यपाल के कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे की रक्षा करते हुए एक सही निर्णय दिया है। एमके स्टालिन ने आरोप लगाया कि भाजपा इस निर्णय को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है, ताकि अन्य राज्य इसे उदाहरण के रूप में न अपनाएं। इसलिए भाजपा ने राष्ट्रपति से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में दखल देने की रणनीति तैयार की है। जबकि सुप्रीम कोर्ट की सलाहकार अधिकारिता का प्रयोग तब नहीं किया जा सकता जब उस विषय पर पहले ही न्यायालय द्वारा स्पष्ट निर्णय दिया जा चुका हो। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी सभी गैर भाजपा शासी राज्य सरकारों और क्षेत्रीय दलों के नेताओं से एकजुट होकर इस कानूनी लड़ाई को लड़ने की अपील की थी। अब मैं व्यक्तिगत अनुरोध करता हूं कि सभी इसका विरोध करें और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक संयुक्त और समन्वित रणनीति के तहत संविधान की मूल संरचना की रक्षा करें।

गौरतलब हो कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में 8 अप्रैल को फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल विधानसभा से पारित बिलों को अनिश्चितकाल तक रोक नहीं सकते। यदि राज्यपाल किसी बिल को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजते हैं, तो राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था कि व्यक्तिगत असंतोष, राजनीतिक स्वार्थ या अन्य किसी असंगत या अप्रासंगिक विचार जैसे आधारों पर विधेयक को सुरक्षित रखना संविधान के तहत पूरी तरह अनुचित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए थे। राष्ट्रपति ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 200 (राज्यपाल की शक्तियों) और अनुच्छेद 201 (राष्ट्रपति की शक्तियों) में बिलों को मंजूरी देने या रोकने के लिए कोई समयसीमा या प्रक्रिया निर्धारित नहीं है। राष्ट्रपति ने यह भी उल्लेख किया कि सुप्रीम कोर्ट के कुछ पुराने फैसलों में राष्ट्रपति की मंजूरी की न्यायिक समीक्षा पर विरोधाभासी राय दी गई है, जिसके लिए स्पष्टता की आवश्यकता है।

अखिलेश जी, सपाइयों को लोहिया- जेपी पढ़ाइए ताकि इनके आचरण में समाजवाद झलके : ब्रजेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल द्वारा अपमानित किए जाने के बाद रविवार को एक्स के माध्यम से अपनी बातों को रखा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा मीडिया सेल के साथी आलोचना करने के दौरान जिन शब्दों का प्रयोग करते हैं, उसे पढ़ कर लगता ही नहीं कि यह पार्टी राममनोहर लोहिया और जनेश्वर मिश्र की पार्टी रह गई है। जार्ज साहब की बात तथाकथित ''समाजवादी '' भूल गए कि शिविर लगाया करो, पढ़ा - लिखा करो। अखिलेश जी, सपाइयों को लोहिया- जेपी पढ़ाइए और पंडित जनेश्वर के भाषण सुनवाइए , ताकि इनके आचरण और उच्चारण में समाजवाद झलके। लोहिया की किताबें आप पर न हो तो मैं उपलब्ध करवा सकता हूं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हे महान लोहिया, जनेश्वर जी। इन नादानों को क्षमा करें, इन्हें कुछ पढ़ाया - लिखाया, सिखाया व समझाया नहीं गया। ये नहीं जानते कि समाजवाद क्या है। इन्होंने समाजवाद को गाली गलौज, उदंडई और स्तरहीन टिप्पणियों की प्रयोगशाला बना दिया है। जब विपक्ष में रहते हुए इनका ये रूप है तो सत्ता में होते हुए इन्होंने क्या किया होगा, सहज अंदाज़ा लगाया जा सकता है। हैरानी ये भी कि उदंडता, अश्लीलता और अराजकता की संस्कृति के ये शिशुपाल अपने बचाव में योगेश्वर कृष्ण का नाम लेने का दुस्साहस भी कर लेते हैं। हे योगेश्वर कृष्ण, इन शिशुपालों का ऐसे ही उपचार करते रहना जैसे यूपी की जनता पिछले दस सालों से करती आ रही है। यही इनकी नियति होगी।

'परिवारवादी समाजवाद' 'लठैतवाद' में बदल चुका : केशव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल की ओर से उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर की गई टिप्पणी के बाद से लगातार सपा व भाजपा के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को एक्स पर लिखा कि 'परिवारवादी समाजवाद' अब पूरी तरह से 'लठैतवाद' में बदल चुका है।

वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगों की ओर से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर की गई टिप्पणी अंदर तक झकझोर देने वाली है। समाजवादी पार्टी के लोगों ने उत्तर प्रदेश में संवैधानिक रूप से निर्वाचित एक व्यक्ति, जिसे जनता ने चुनकर भेजा है और जो उप मुख्यमंत्री के दायित्वों के माध्यम से प्रदेशवासियों की सेवा कर रहा है, उसकी मां को गाली दी है, यह बहुत ही निंदनीय है। जनता इसका जवाब जरूर देगी।

इसी तरह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने एक्स पर लिखा कि शिशुपाल के 100 अपराध सुदर्शन चक्रधारी भगवान श्री कृष्ण ने क्षमा किये थे, लेकिन शिशुपाल आदत से मजबूर था, 101वें अपराध पर श्री कृष्ण जी ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का सिर धड़ से अलग कर दिया था। समाजवादी पार्टी शिशुपाल प्रवृत्ति की है। अब इसे भी क्षमा देना बंद करना चाहिए।

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देगी रोपवे कनेक्टिविटी: जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पर्यटन विभाग ने राज्य के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों चित्रकूट स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम और महोबा के गोरख गिरी पर्वत पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास की तैयारी की है। प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत दोनों स्थलों पर विश्व स्तरीय रोप-वे प्रणाली स्थापित की जाएगी, जो अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी। सुरक्षा, कार्यक्षमता और स्थायित्व को ध्यान में रखकर योजना पर कार्य किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि सरकार के इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य धार्मिक स्थलों तक श्रद्धालुओं की पहुंच आसान बनाना है। चित्रकूट-प्रयागराज राजमार्ग स्थित ग्राम बगरेही स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में रोप-वे निर्माण की योजना तैयार की गई है। लगभग 8,920 वर्ग मीटर भूमि इस परियोजना के लिए चिन्हित की गई है। धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह स्थल रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि से जुड़ा है। श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था का केंद्र है। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग-35 के माध्यम से पहाड़ियों के आधार तक पहुंचा जा सकता है। मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार सिद्ध बाबा मंदिर के लिए प्रस्तावित रोपवे बुंदेलखंड क्षेत्र में महोबा जनपद के गांव रहेलिया स्थित गोरख गिरी पर्वत पर बनेगा। यह पवित्र स्थल गुरु गोरक्षनाथ से जुड़ा है। उक्त मंदिर महोबा शहर से लगभग 02 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। श्रद्धालुओं की मंदिर तक आसानी से पहुंच प्रदान करने के लिए रोप-वे का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए कुल 9,750 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। ये दोनों रोप-वे सबसे उपयुक्त रूट पर डिजाइन किए जाएंगे, जिसमें भौगोलिक परिस्थितियों, मौसम और भूकंपीय स्थितियों, यात्रा पैटर्न और साल भर होने वाले मौसमी बदलावों को ध्यान में रखा जाएगा। इन रोप-वे प्रणालियों को हर मौसम में संचालित करने योग्य और अत्यधिक विश्वसनीय बनाया जाएगा, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, श्रेष्ठ गुणवत्ता और उच्च सुरक्षा मानकों को अपनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि चित्रकूट और महोबा धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल हैं। इन रोप-वे परियोजनाओं के माध्यम से हम श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बना रहें, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक अनुभूति को भी और अधिक गहरा कर रहे हैं।

योगी सरकार की जीसीसी नीति में फॉच्यूर्न 500 और एफडीआई पर विशेष फोकस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार की ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) नीति 2024 उत्तर प्रदेश को वैश्विक कारोबारी मानचित्र पर एक नया मुकाम दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने जा रही है। यह नीति नोएडा, लखनऊ, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों को तकनीकी और डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में स्थापित करेगी, जिससे अगले पांच वर्षों में 2 लाख से अधिक उच्च-वेतन वाली नौकरियां सृजित होंगी। इस नीति के तहत फॉर्च्यून 500 कंपनियों और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। नीति में लेवल-1 और एडवांस्ड जीसीसी के लिए स्पष्ट मानदंड निर्धारित किए गए हैं। लेवल-1 के लिए गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद के बाहर 15 करोड़ रुपये या 500 कर्मचारियों, और इन जिलों में 20 करोड़ रुपये का निवेश जरूरी है। एडवांस्ड जीसीसी के लिए 50 करोड़ रुपये (जीबी नगर/गाजियाबाद के बाहर) या 75 करोड़ रुपये (इन जिलों में) और 1000 कर्मचारियों की पात्रता है। यह छोटे और बड़े निवेशकों को समान अवसर प्रदान करता है। योगी सरकार ने निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए उदार प्रोत्साहन पेश किए हैं। भूमि पर 30-50% सब्सिडी, 100% स्टांप ड्यूटी छूट, 25% पूंजीगत सब्सिडी (लेवल-1 के लिए 10 करोड़, एडवांस्ड के लिए 25 करोड़ रुपये), एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, 5% ब्याज सब्सिडी, 20% परिचालन सब्सिडी (लेवल-1 के लिए 40 करोड़, एडवांस्ड के लिए 80 करोड़ रुपये) और पेरोल सब्सिडी (प्रति कर्मचारी 1.8 लाख रुपये तक) जैसे प्रावधान लागत कम करेंगे और निवेश को बढ़ावा देंगे। फॉर्च्यून ग्लोबल 500/इंडिया 500 कंपनियों और 100 करोड़ रुपये से अधिक के एफडीआई वाले जीसीसी के लिए अनुकूलित प्रोत्साहन पैकेज दिए जाएंगे। यह वैश्विक दिग्गजों को यूपी की ओर आकर्षित करने की रणनीति का हिस्सा है। नीति में स्टार्टअप आइडिएशन के लिए 50% लागत प्रतिपूर्ति (2 करोड़ रुपये तक), पेटेंट के लिए 5-10 लाख रुपये की आईपीआर सब्सिडी और उत्कृष्टता केंद्रों के लिए 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान शामिल है।

हमारे डीएनए पर प्रहार धार्मिक रूप से भी हमें आहत करता है : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पाटी प्रमुख अखिलेश यादव ने डीएनए के मुद्दे को यदुवंश के अपमान से जोड़ दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को इंगित करते उन्हें नसीहत भी दी है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा हम यदुवंशी हैं और यदुवंश का संबंध भगवान श्रीकृष्ण से है अतः ऐसे में आपके द्वारा हमारे डीएनए पर किया गया प्रहार धार्मिक रूप से भी हमें आहत करता है। एक सामान्य भोला व्यक्ति जो भगवान श्रीकृष्ण ही नहीं बल्कि किसी भी भगवान में विश्वास करता है वो आपकी टिप्पणी को अन्यथा भी ले सकता है। राजनीति करते-करते न अपनी नैतिकता भूलिए और न ही धर्म जैसी संवेदनशील भावना को जाने-अंजाने में ठेस पहुंचाइए।

हमने अपने लोगों को समझा दिया..... अब इस बात को खत्म समझा जाए अखिलेश ने लिखा कि हमने उम्र के उप मुख्यमंत्री जी की टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए, पार्टी स्तर पर उन लोगों को समझाने की बात कही है जो समाजवादियों के डीएनए पर दी गयी आपकी 'अति अशोभनीय टिप्पणी से आहत होकर अपना आपा खो बैठे। आइंदा ऐसा न हो, हमने उनसे तो ये आश्वासन ले लिया है लेकिन आपसे भी यही आशा है कि आप जिस तरह की बयानबाज़ी निंरतर करते आये हैं उस पर भी विराम लगेगा। आप अपनी टिप्पणी के लिए अपने अंदर बैठे हुए उस अच्छे इंसान से क्षमा माँगेंगे, जो पहले ऐसा न था। आप यदि एकांत में बैठकर अपना अवलोकन करेंगे तो पाएंगे कि मूल रूप से आपके विचारों में पहले कभी भी ऐसा विचलन न था, न ही आपकी राजनीतिक आकांक्षाएं ऐसी थीं कि आप व्यक्तिगत स्तर पर आदर्श को भूल जाएं और अपना शाब्दिक संतुलन खो बैठें। अब इस बात को यहीं खत्म समझा जाएगा और राजनीति की शुचिता को बचाए-बनाए रखने के लिए आप नकारात्मक राजनीति की संगत से यथोचित दूरी बनाकर अपने विवेक और विचार को पुनः सही दिशा की ओर मोड़ेंगे और व्यर्थ के विषयों में न उलझकर हमें सकारात्मक राजनीति के उद्देश्यों पर अडिग रहकर आगे बढ़ते रहना चाहिए।

तालिबान से समर्थन लेकर मोदी सरकार दुनिया को क्या संदेश देना चाहती है : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मोदी सरकार की विदेश नीति की विफलता के कारण ही कोई भी अहम मुल्क हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ। जबकि पूर्व में हुई ऐसी घटनाओं पर हमेशा दुनिया के अहम मुल्क भारत के साथ खड़े होते रहे हैं। केवल दुनिया भर में बदनाम चरमपंथी संगठन तालीबान द्वारा शासित अफगानिस्तान का भारत का समर्थन करना और भी शर्मनाक है। ये बातें कंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 195वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने प्रतिष्ठित मानवाधिकार संगठन एपीसीआर की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि 22 अप्रैल से 6 मई तक 19 राज्यों में 184 मुस्लिम विरोधी हिंसक घटनाएं हुई हैं। यह रिपोर्ट बताती है कि एक तरफ भाजपा सरकार बाहरी सीमा की सुरक्षा नहीं कर पा रही है तो दूसरी तरफ देश के अंदर उसके गुंडे मुसलमानों के खिलाफ़ हिंसा करके देश की एकता अखंडता को भी तोड़ रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि देश को बाहरी खतरा पाकिस्तान समर्थित चरमपंथ से है तो अंदरूनी खतरा आरएसएस-भाजपा से है। उन्होंने रिपोर्ट के हवाले से कहा कि इस दरमयान रोज़ अवसतन 10 मुस्लिम विरोधी हिंसक घटनाएं हुईं। इसमें से पहलगाम की घटना के बाद पहलगाम का बदला लेने के नाम पर 106 मुस्लिम विरोधी हिंसक घटनाएं हुईं। जिसमें 3 हत्याएं, 12 मॉब लिंचिंग, मस्जिदों, दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की 19 घटनाएं और मारपीट की 39 घटनाएं शामिल हैं। इस दौरान हेट स्पीच, मुसलमानों के जनसंहार और उनकी आबादी को नियंत्रित करने के आह्वान वाले भाषण हुए। अधिकतर मामलों में पुलिस ने कोई कार्यवाई नहीं की। जो सुप्रीम कोर्ट के हेट स्पीच पर दिए गए गाइडलाइन का उल्लंघन है जिसपर सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट ने सिर्फ़ एक-दो मुद्दे पर ही स्वतः संज्ञान लिया।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि इससे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्धों या सैन्य कार्रवाईयों के समय तनाव सिर्फ़ बॉर्डर पर रहता था। लेकिन इस बार भाजपा, आरएसएस से जुड़े देश विरोधी तत्वों ने देश के अंदर तनाव पैदा करने की साज़िश की जिसमें कई जगह ये लोग पाकिस्तान का झंडा लगाते हुए पकड़े गए। उन्होंने कहा कि तालिबान का मोदी सरकार के साथ खड़ा होना दोनों की वैचारिक एकता को भी दिखाता है। आरएसएस और भाजपा के लोग मस्जिद तोड़ते हैं तो तालिबानियों ने बुद्ध की ऐतिहासिक मूर्तियों को तोड़ा था। उन्होंने कहा कि इस बात की संभावना ज़्यादा है कि तालिबानियों ने इबादतगाहों को तोड़ने की प्रेरणा संघियों से ही ली हो क्योंकि उन्होंने बाबरी मस्जिद को बुद्ध की मूर्तियों को दस साल पहले तोड़ा था।

मुख्यमंत्री योगी से मिले सतपाल महाराज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर उत्तराखंड के पर्यटन एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने शिष्टाचार भेंट की।

ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने या जलने की शिकायतों का शीघ्र समाधान कराया जाए : ए.के. शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को बेवजह विद्युत कटौती, लो वोल्टेज और ट्रिपिंग का सामना न करना पड़े, विद्युत आपूर्ति बढ़ती मांग के अनुरूप हरहाल में बहाल रहे तथा विद्युत उपकरणों की सुरक्षा एवं उपभोक्ताओं को अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर न भटकना पड़े। इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने रविवार को दोपहर को विद्युत नगरीय वितरण खंड राजभवन, लखनऊ के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सीजी सिटी का औचक निरीक्षण किया।

ऊर्जा मंत्री ने निरीक्षण के दौरान उपकेंद्र की लॉग बुक और लोड पैनल का जायजा लिया तथा उपकेंद्र के पावर ट्रांसफार्मर के लोड के बारे में जानकारी ली। इस उपकेंद्र की क्षमता 210 एमवीए है तथा यहां से 03 पब्लिक फीडर के माध्यम से याहियामऊ, छतनगर, स्वाती सिटी, एकतानगर, पृथ्वीपुरम आदि क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने उपकेंद्र का निरीक्षण करने के साथ ही उपस्थित अधिकारियों को गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु किए जाने वाले अनुरक्षण कार्यों के साथ इस ग्रीष्म ऋतु में अपनाए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों का भी जायजा लिया तथा उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर पर चल रहे रिपेयरिंग के कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मिली खामियों को तत्काल दूर करने के लिए उपस्थित अधिकारियों के साथ चेयरमैन और प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल को निर्देशत किया।

ऊर्जा मंत्री ने इस पर नाराजगी व्यक्त की एक ही फीडर पर अनुरक्षण या रिपेयरिंग के बहाने या अन्य कारणों से दिन में कई बार शटडाउन लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी सुधार कार्य किए जाए वह किसी एक फीडर पर शटडाउन लेने के बाद एक ही साथ कर लिए जाय। ऐसा न करने वाले कार्मिकों के ख़िलाफ़ कार्यवाही भी की जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अब लखनऊ में बेवजह विद्युत कटौती, ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि हरहाल में विद्युत आपूर्ति बहाल रखी जाए, जहां कहीं से भी विद्युत व्यवधान की शिकायतें आए उसका शीघ्र समाधान कराया जाए। उन्होंने उपकेंद्र के पावर ट्रांसफार्मर के आसपास साफ सफाई रखने तथा जो भी विद्युत लाइन पेड़ों की शाखाओं को छू रही है, समय से उसकी छटनी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति हरहाल में बहाल रहे, इसके लिए ट्राली ट्रांसफार्मर की भी पर्याप्त व्यवस्था हो, जहां कहीं पर भी ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने या जलने की शिकायतें आए उसको शीघ्र बदला जाए। विद्युत कटौती और ट्रांसफार्मर जलने के लिए ज्यादा लोड और ट्रांसफार्मर में तेल न होने का बहाना और नहीं चलेगा। उपभोक्ताओं के काल न उठाने पर संबंधित कार्मिकों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति में लापरवाह कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है की विद्युत चोरी रोकने और ऊर्जा बचाने में प्रदेश सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के 'उपभोक्ता देवो भवः' के संकल्प को चरितार्थ करना है। उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिले कटियाबाजों तथा विद्युत चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उपभोक्ता विद्युत संबंधी अपनी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए 1912 में भी शिकायत दर्ज कराए और अधिकारी 1912 में आई शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर शीघ्र समाधान कराए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति को लेकर निरन्तर सजग रहने को कहा। उन्होंने अनुरक्षण पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा, जिससे फ्यूज या ट्रांसफार्मर जलने की स्थिति ही न बने।

ऊर्जा मंत्री ने कहा की प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत विगत 03 वर्षों से प्रदेश की जर्जर विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने का लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश भर में जर्जर लाइनों, पोल, क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदला गया। हजारों ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि की गई। 33 केवी और 11केवी की नई लाइने बनाई गई। जरूरत के अनुसार नए उपकेंद्र बनाए गए। पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई। इसके लिए आरडीएसएस योजना और बिजनेस प्लान के तहत 24 से 25 हज़ार करोड़ रुपए के कार्य कराए गए।

वारंटी को भेजा गया जेल

बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता। वारंटी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना क्षेत्र के निवासी अभियुक्त वारंटी रवि पुत्र स्वर्गीय डोरी लाल उर्फ डोरी दास निवासी बंथरा उम्र करीब 27 वर्ष को विभिन्न धाराओं में दर्ज कई मुकदमों मे वारंटी होने के चलते रविवार को बंथरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा गया।

युवती ने फांसी के फंदे पर झूल कर दी जान

कोरांव, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोरांव थाना क्षेत्र के पसना गांव में रविवार को सायं 4 बजे के आसपास एक युवती फांसी के फंदे पर झूल कर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक मधु सिंह पुत्री राम रक्षा सिंह (17) निवासी पसना थाना कोरांव रविवार को सायं 4 बजे के आसपास घर के छत में लगे पंखे के चुल्ले से फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। जब घर वालों ने देखा तो तत्काल उसे फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव ले आए। जहां चिकित्सकों ने मधु सिंह को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता राम रक्षा सिंह ने पुलिस को लिखित तहरीर दिया है कि बेटी को छत में लगे पंखे के चुल्ले से झूलते हुए देखा तो उसे तत्काल उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बिजली के खंभे से टकराया बाइक सवार, मासूम बच्चे की मौत

कोरांव, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोरांव थाना क्षेत्र के बैठकवा गांव में रविवार को सायं 4 बजे के करीब एक अनियंत्रित बाइक सवार सड़क के किनारे स्थित बिजली के खंभे से टकरा गया। हादसे में बाइक पर बैठे ढाई साल के मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक प्रमोद कुमार पुत्र सीताराम आदिवासी निवासी डिहिया थाना कोरांव अपनी ससुराल गया हुआ था। उसकी पत्नी ससुराल में ही थी। बताया जा रहा है कि प्रमोद रविवार को दोपहर से ही शराब पीना शुरू कर दिया था। वह दो-तीन बार शराब के ठेके पर भी गया था। किसी बात को लेकर वह पत्नी से झगड़ा भी कर लिया। पत्नी से झगड़ा करने के बाद अपने ढाई वर्षीय मासूम बेटे बब्बू को बाइक पर आगे बैठा कर घर के लिए निकला था। वह जैसे ही गांव से मुख्य सड़क पर पहुंचा कि अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया। हादसे में मासूम बब्बू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और मासूम केशव को लेकर घर चले आए जहां दाह संस्कार कर दिया।

माता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय नारी के साहस, पराक्रम और समर्पण की प्रतिमूर्ति : अर्चना मिश्रा

उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा जिला कार्यालय में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला-कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री, जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय नारी के साहस, पराक्रम और समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने जनसेवा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। विपरीत परिस्थितियों का भी दृढ़ता से सामना करते हुए नारी उत्थान के लिए अहिल्याबाई द्वारा किये गए प्रयासों को हम नमन करते हैं। अनुराग अवस्थी ने कहा भाजपा ने माता अहिल्याबाई सहित हमारी सभी वीरांगना मातृशक्तियों को सम्मान दिलाने का काम किया। माता अहिल्याबाई की स्मृति में होने वाले आगामी कार्यक्रमों से हम उनके व्यक्तित्व को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भगवती रावत, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ''नूतन'', आशीष बाजपेयी ''अटल'', जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना दीक्षित, वेणु रंजन भदौरिया सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

एसटीएफ की हिरासत में लिया गया विजेंद्र सिंह बसपा से लड़ चुका है चुनाव

बिजनौर। मोनाड विश्वविद्यालय हापुड़ का चेयरमैन विजेंद्र सिंह हुड्डा को एसटीएफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि एसटीएफ ने हापुड़ स्थित मोनाड विश्वविद्यालय में कार्रवाई करते हुए भारी संख्या में फर्जी अंक-पत्र, डिग्री आदि बरामद किए हैं। विजेंद्र सिंह को मुख्य आरोपी बनाते हुए एसटीएफ ने हिरासत किया है। इस मामले में विजेंद्र के साथ 12 लोगों को भी एसटीएफ ने पकड़ा है।यह कार्रवाई फर्जी डिग्रियां बनाकर बेचने की शिकायत पर की गई है। एडीजी एलओ और एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यश ने बताया कि एक शिकायत पर जांच कर फर्जी डिग्री का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में लखनऊ मुख्यालय की एसटीएफ टीम ने हापुड़ के मोनाड विश्वविद्यालय में छापेमारी कर मुख्य आरोपी विजेंद्र सिंह हुड्डा समेत करीब 12 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मामले में छानबीन जारी है। उल्लेखनीय है कि विजेंद्र सिंह 2024 में बसपा प्रत्याशी के रुप में बिजनौर लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। उन्हें लगभग दो लाख 20 हजार वोट मिले थे और वह तीसरे स्थान पर रहे थे। विजेंद्र सिंह हुड्डा बहुचर्चित बाइक बोट घोटाले के प्रमुख आरोपी भी रहे हैं और इस मामले में जमानत पर हैं। लोकसभा चुनाव में विजेंद्र सिंह ने सपा का टिकट लेने के लिए अखिलेश यादव से भी मुलाकात की थी। पक्का आश्वासन न मिलने पर बसपा का टिकट लेकर चुनाव लड़ा था। उस समय भी बाइक बोट घोटाले की चर्चा हुई थी। बसपा की स्थिति ठीक न होने के बाद भी विजेंद्र सिंह ने धन-बल के साथ चुनाव को रोचक बना दिया था।

भाविप की कार्यकारिणी बैठक में लिये गये निर्णय

प्रयागराज। भारत विकास परिषद मंगलम् शाखा की कार्यकारिणी बैठक रविवार को टैगोर टाउन स्थित कार्यालय में हुई। जिसमें कार्यकारिणी सदस्यों के साथ-साथ तमाम अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में मंगलम् ने आगामी 30 जून तक आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि भीषण तपन वाली इस अवधि में घनी बस्तियों वाले क्षेत्रों में कम से कम चार कैम्प राहगीरों को ठण्डा शर्बत पिलाने के लिए अवश्य लगाये जायें साथ में बिस्कुट-नमकीन की व्यवस्था भी रखी जाये। ताकि अधिकाधिक संख्या में लोग उसका लाभ उठा सकें। उल्लेखनीय है कि मंगलम् ने गत वर्ष की गर्मियों में भी अनेक शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित करके लगभग 5000 राहगीरों को जलपान के साथ ठण्डा शर्बत पिलाया था। बैठक में इन विषयों के अतिरिक्त पाकिस्तान के विरुद्ध भारत सरकार और भारतीय सेना की ओर से चलाये गए आपरेशन सिन्दूर पर विशेष रूप से परिचर्चा की गई। जिसमें सभी सदस्यों ने मुखर होकर अपने उद्गार व्यक्त किये। सभी सदस्यों ने मुक्त कण्ठ से पाकिस्तानी सरकार के पोषित आतंकियों द्वारा पहलगाम में निर्दोष लोगों के धर्म आधारित नरसंहार के विरुद्ध भारत सरकार की ओर से उठाये गये राजनीतिक एवं कूटनीतिक कदमों और भारतीय सेना के भीषण प्रतिकार की सराहना की। पाकिस्तान में आतंक की जड़ों पर सेना के निर्णायक प्रहार, उसके सामरिक ठिकानों, आण्विक एवं रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हवाई अड्डों इत्यादि का विध्वंस किये जाने जैसी कार्यवाही पर सभी ने एक स्वर में प्रसन्नता व्यक्त की। सदस्यों को सबसे सुखद बात ये लगी कि भारत ने अब दुश्मन के घर के अन्दर घुसकर प्रहार करने की रणनीति पर अमल करना शुरू कर दिया है।

भसंडा में बाबा जयगुरूदेव के वार्षिक भंडारे का हुआ आयोजन

हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगो ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भसंडा गांव में रविवार को बाबा जयगुरूदेव जी महाराज के वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन प्रधान ललित शुक्ला व छात्र नेता विंध्या शुक्ला द्वारा किया गया। बाबा जयगुरूदेव की पूजा अर्चना के बाद भंडारे में पूड़ी-सब्जी,छोला-चावल व बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। बाबा जयगुरूदेव के अनुयायियों समेत हजारो लोगो ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में प्रमुख रूप से पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर,विधायक अमरेश कुमार रावत,विधान परिषद सदस्य रामचन्द्र प्रधान, यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, वरिष्ठ समाजसेवी आदित्य प्रकाश त्रिपाठी,वरिष्ठ सपा नेता सुशील दीक्षित,व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित, जिला सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक अनिल त्रिपाठी,ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला,वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रताप सिंह उर्फ छोटू, वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल शुक्ला, पकंज दीक्षित, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ संयोजक अशोक तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, वार्ड संख्या 19 के जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज,चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे,मोहनलालगंज इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह,वरिष्ठ पत्रकार साकेत त्रिपाठी,प्रधान अभय कान्त दीक्षित, पप्पू बाजपेयी, राकेश शुक्ला,बब्लू सिहं,सपा नेता नवनीत सिंह समेत काफी सख्या में क्षेत्रीय लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

घरेलू विवाद ने ले लिया हिंसक रूप, पति ने स्थानीय थाने में दर्ज कराया मुकदमा

लखनऊ।सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में एक संभ्रांत परिवार के घरेलू विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया। अक्षय कुमार सिंह ने अपनी पत्नी रश्मि सिंह पर हमला करने और हत्या की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना ओमेक्स द पैलेस, अहिमामऊ में 13 मई को हुई। अक्षय के अनुसार 13 मई को सुबह 4:30 बजे सिरदर्द के कारण वह जागे तो रश्मि को फोन पर अब्दुला खान से बात करते सुना। रश्मि ने अपने माता-पिता से मिले 20 लाख रुपये अब्दुला को दिए थे। बदले वह ब्याज देता था। अक्षय को अक्टूबर 2024 में रश्मि और अब्दुला के अवैध संबंधों का पता चला था। विरोध के बावजूद रश्मि ने संपर्क नहीं तोड़ा। अक्षय ने जब सुबह 5:50 बजे रश्मि से अब्दुला के साथ बातचीत पर सवाल किया, तो उसने अभद्रता के साथ जवाब दिया। विवाद बढ़ने पर रश्मि ने अक्षय के कमरे का दरवाजा पीटा और उन पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। उसने नाखूनों से अक्षय के चेहरे, हाथ, गर्दन और पैर पर खरोंच डाली, जिससे खून निकला। रश्मि ने दांतों से काटने की कोशिश की, सोने की चेन तोड़ी और हत्या की धमकी दी। अक्षय के अनुसार, रश्मि पहले भी उन पर हमला कर चुकी है और वह अपनी मां से कह चुकी है कि वह अक्षय को मारकर ड्रम में डाल देगी।

120 सप्ताह, अनवरत संवाद - आपका विधायक आपके द्वार सदरौना में शिविर लगाकर सुनी गई समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सियासत के गलियारों में जहां वादे अक्सर खो जाते हैं, वहीं सरोजनी नगर में हर सप्ताह जनता की चौखट पर पहुँचने वाली एक परंपरा ने लोकतंत्र को नया जीवन दिया है। यह परंपरा है 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर की, जिसे सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में 120 सप्ताहों से निरंतर चलाया जा रहा है। इस रविवार काशीराम कॉलोनी, सदरौना में 120वें शिविर का आयोजन हुआ, जहाँ समस्याओं के समाधान, प्रतिभाओं के सम्मान और जनसेवा के संकल्प का फिर एक बार सशक्त मंच बना। शिविर में पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, नाली निर्माण, विद्युत आपूर्ति, आयुष्मान कार्ड आदि से संबंधित लगभग 35 जनसमस्याएं दर्ज की गईं। इनमें से अधिकांश मामलों में तत्काल आवश्यक दस्तावेज भरवाकर प्रक्रियागत कार्यवाही आरंभ की गई, जबकि कुछ प्राथमिक समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया।'गाँव की शान' पहल के तहत क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर काजल (85%) और दिव्यांश (82%) तथा हाईस्कूल परीक्षा में नंदिनी शाह (85%) और हर्षित तिवारी (84%)को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान चलाएगी भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। भाजपा रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के मौके पर पूरे प्रदेश में 21 से 31 मई तक अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान चलाएगी। इसमें महिला स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय निकायों, महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। रविवार को पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में जिला अध्यक्ष ने यह जानकारी दी। अध्यक्ष विजय मौर्य ने बताया रानी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। वे सुशासन, न्यायप्रियता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की मिसाल थीं और बताया की राजमाता अहिल्या बाई ने न्याय के लिए अपने पुत्र को ही मृत्युदंड दिया था। मुगल आक्रांताओं ने जिन मंदिरों को क्षतिग्रस्त व धवस्त कर दिया था उन्हें पुनस्र्थापित कराया। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय में उल्लेखनीय योगदान दिया।

स्कूल कॉलेजों में दौड़, प्रदर्शनी का आयोजन। जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने कहा स्मृति अभियान के दौरान महाविद्यालय और इंटर कॉलेज में छात्राओं के लिए दौड़, दौड़ में विजेता प्रथम तीन बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा । प्रतियोगिताएं, जिला स्तर पर संगोष्ठी, घाटों पर साज सज्जा के साथ नदी आरती, रानी अहिल्याबाई के जीवन दर्शन और भारतीय संस्कृति के प्रति उनके योगदान पर प्रदर्शनी, नाट्य मंचन और महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं त्रिशताब्दी जन्म जयंती श्रद्धांजलि समारोह जैसे अनेक कार्यक्रम होंगे अलग-अलग कार्यक्रमों में ब्लॉक प्रमुख, क्षेत्रीय पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष ,विधायक ,पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व सांसद भी शामिल होंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राम विलास रावत, अभियान संयोजक उपाध्यक्ष अरविंद यादव, उपाध्यक्ष हंसराज लोधी,पूर्व मंडल अध्यक्ष रविराज, जिला महामंत्री राजकुमार पटेल,रामलाल वर्मा, काकोरी नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

चिल्ड्रेन्स अकेडमी कॉलेज में हुआ भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजरतगंज स्थित चिल्ड्रेन्स अकेडमी कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करना था। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मधुकर जेटली भूतपूर्व एमएलसी तथा विशिष्ट अतिथि मोहम्मद अशफ़ाक़ (पिता-सना फातिमा टॉपर कक्षा-12) उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक मुनीश मिसरा द्वारा की गई। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें भविष्य में और ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुरस्कार केवल सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी होती है, जो विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रदर्शन, खेल, विज्ञान, कला, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए।

चौदह वर्षीय किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, गुमशुदगी दर्ज कर तलाश रही पुलिस

निगोहां, लखनऊ । क्षेत्र के रंजीत खेड़ा मजरा विरसिंह पुर गांव से एक 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों द्वारा निगोहां थाने में दी गई तहरीर में किसी अनहोनी की आशंका जताई है। उनको शंका है कि उनकी बेटी को किसी ने बहला-फुसलाकर भगाया गया है। निगोहा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रंजीत खेड़ा निवासी ने थाना निगोहां में शिकायत दर्ज कराई कि बीते बारह मई की रात लगभग दो बजे उनकी 14 वर्षीय पुत्री अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों द्वारा आसपास व रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिल सका। निगोहां थाने में दी गई तहरीर में दर्शाया गया है कि नगराम थाना क्षेत्र के पतौना गांव के निवासी जीत पुत्र रमेश के ऊपर आरोप है कि मेरी बेटी को भगा कर ले गया है। निगोहां पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर लिया है और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थानाप्रभारी अनुज तिवारी का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही लड़की का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

दो पक्षों के खूनी संघर्ष में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। एक सप्ताह पूर्व दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में घायल युवक शबान 18 वर्ष की इलाज के दौरान शनिवार देर रात मौत हो गई। रविवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुँचते ही परिजन आक्रोशित हो गये। एसीपी ऋषभ यादव और इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी नें सख़्त कार्यवाही का भरोसा दिलाया। जिसके बाद परिजनों ने शांतिपूर्ण अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार, कसमंडी खुर्द निवासी हनीफ ने दो महीने पहले परिवार की एक युवती से निकाह किया था। 9 मई को दोनों निकाह के बाद घर पहुंचे तो विरोधी पक्ष से बहस हो गई। अगले दिन यानी 10 मई को विवाद फिर बढ़ गया और देखते ही देखते कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में हनीफ, उसका भाई रिहान और शबान गंभीर रूप से घायल हो गया था। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां शबान की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों नें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने शबान को मलिहाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया था जहां शनिवार देर रात उसकी अचानक ज़्यादा तबियत बिगड़ गयी और मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा हो गया। पुलिस नें घटना के बाद दोनों पक्षो की तरफ से मुक़द्दमा दर्ज कर दिया था। जिसमें पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी पक्ष के 13 लोगों के खिलाफ मुक़द्दमा दर्ज हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शबान का शव गांव पहुंचा, जहां आक्रोशित परिजनों ने विरोध जताया। हालांकि पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद परिजनों ने शांतिपूर्ण तरीके से अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अब आरोपियों पर हत्या की धारा बढ़ाई जा रही है। क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

युवक की मौत के बाद पुलिस ने मुक़द्दमें में हत्या की धारा बढ़ाई

पुलिस की सतर्कता से शांतिपूर्ण हुआ शव का अंतिम संस्कार

गहरू में डाले से तार टूटने के विवाद में मौत का आरोपी गिरफ्तार

सरोजनीनगर, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के गहरू गांव में बीती 11 तारीख को डाले से तार टूट जाने के कारण आधा दर्जन लोंगो द्वारा डाला चालक के घर में घुसकर गाली-गलौज करने तथा विरोध करने पर वादी के चाचा गोपाल पुत्र स्वर्गीय कामता के सिर में किसी भारी चीज़ से वार किया गया था जिससे वे वहीं बेहोश हो गए और सर से बहुत खून निकला था। बाद में सब आरोपी डाले का शीशा तोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। घायल का इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा था। इसी बीच 15 तारीख को प्रसाद हॉस्पिटल में इलाज के दौरान घायल गोपाल की मौत हो गई। 12 तारीख को दीपक कुमार पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार निवासी गहरू द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार 11 तारीख को डाले से तार टूट जाने के कारण गांव के ही राकेश, आजाद, प्रेम व 3,4 अन्य लोगों के द्वारा उनके घर में घुसकर मारपीट की गई। झगड़े के बाद वादी दीपक कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सरोजिनी नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के साथ आरोपियों की तलाश कर रही थी इसी बीच घायल की मौत होने के बाद मुकदमे में हत्या की धारा की बढ़ोतरी करते हुए आरोपियों की तलाश तेज की गई। शनिवार को मुखबिर खास की सूचना पर सरोजिनी नगर पुलिस ने मुकदमे में वांछित अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय राम आसरे को किसान पथ के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय भेजने, विधिक करवाई के साथ अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

महिला के प्लॉट पर किया गया अवैध रूप से कब्जा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के माढरमऊ कला में एक महिला के प्लॉट पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार शमशेर वर्मा ने उनके प्लॉट नंबर 625 पर जबरन कब्जा कर लिया ।अब वह तेजी से निर्माण कार्य करवा रहा है। पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थिनी के अनुसार, उन्होंने 10 मार्च 2011 को माढरमऊ कला में आवासीय प्लॉट क्रय किया था। अब शमशेर वर्मा ने उनके प्लॉट पर कब्जा कर लिया और रात-दिन निर्माण कार्य चला रहा है। जब प्रार्थिनी ने इसका विरोध किया, तो शमशेर ने उनसे झगड़ा किया और जान से मारने की धमकी दी। उसने प्लॉट की रजिस्ट्री दिखाने से भी इनकार कर दिया। प्रार्थिनी ने सहायक पुलिस आयुक्त, गोसाईगंज को शिकायत दी, जिसके बाद सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ।

न्यायालय से वांछित चल रहे अभियुक्त को नगराम पुलिस ने क गिरफ्तार कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । पुलिस टीम ने लंबे समय से न्यायालय में अनुपस्थित चल रहे वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। यह कार्रवाई एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के निर्देशन में की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त रामप्रकाश पुत्र चंद्रिका प्रसाद उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम खवास खेड़ा थाना नगराम काफी समय से न्यायालय में निर्धारित तिथियों पर अनुपस्थित चल रहा था। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। जिसमें वो वांछित चल रहे थे। उक्त मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लखनऊ द्वारा गैर-जमानती वारंट एनबीडब्ल्यू निर्गत किया गया था। न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में नगराम पुलिस ने विशेष टीम गठित की, जिसने रविवार को अभियुक्त के घर में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

विधायक डा. नीरज बोरा के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा लखनऊ की सड़कों पर देशभक्ति का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी के उत्तर क्षेत्र की भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार को स्थानीय विधायक डा. नीरज बोरा की अगुवाई में कपूरथला चौराहे से नेहरू बाल वाटिका तक निकली यात्रा में राष्ट्र की सैन्य ताकत और आत्मगौरव का प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर देशभक्ति की झलकियों के साथ लखनऊ की सड़कों पर जीवंत हो उठा जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और पूरे उत्साह से भारत माता के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान किया। यात्रा की शुरुआत भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी, पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह, विधायक डा. नीरज बोरा आदि ने तिरंगा लहराकर की। यात्रा में सम्मिलित लोग राष्ट्रीय ध्वज लिए जोशीले नारे लगाते आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग पर स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, जिससे माहौल और भी उत्सवधर्मी हो गया। वहीं इस मौके पर विधायक डा. नीरज बोरा ने इस मौके पर ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि और सफलता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सैन्य कार्रवाई में भारत ने 9 आतंकी अड्डों को निशाना बनाकर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिससे देशवासियों का मनोबल और विश्वास और मजबूत हुआ है। इस अभियान के जरिए देश ने अपने नागरिकों को संकट से निकालने के साथ-साथ आतंक के ठिकानों को ध्वस्त कर यह संदेश दिया कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि उन बहनों के सम्मान की पुनर्स्थापना है, जिनके सिंदूर छीनने की कोशिश की गई थी। यात्रा में एकल अभियान महिला शाखा लखनऊ की अध्यक्ष बिन्दू बोरा, महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, डा. विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, डा. शैलेन्द्र शर्मा अटल, सतीश वर्मा, अनुराग साहू, भाजपा के मण्डल अध्यक्षगण दयाशंकर पाण्डेय, रमन निगम, चन्द्रशेखर गुप्ता, शैलेन्द्र मौर्य, संजय तिवारी, पार्षदगण सर्वश्री अनुराग मिश्र, मुन्ना मिश्रा, रंजीत सिंह, सुदर्शन कटियार, सी.बी.सिंह, स्वदेश सिंह, पृथ्वी गुप्ता, प्रदीप शुक्ला, रश्मि सिंह, प्रियंका बाजपेयी, अवधेश त्रिपाठी, रामूदास कनौजिया, राजकुमारी मौर्या, निशा तिवारी, दीपक लोधी, राघवराम मिश्र सहित कई जनप्रतिनिधि व इण्टरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन के महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल व कई अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्य भी मौजूद रहे। यात्रा के मार्ग पर 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष से माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। लोगों ने राह में फूल बरसाये। हर मोड़ पर लोग यात्रा का हिस्सा बनते गए जो विशाल जनसैलाब में तब्दील हो गई।

आरोपित दुकानदारों को साजिश के तहत गलत फसाने का लगाया आरोप

हिरासत में लिए गए दुकानदारों के परिजनों ने काटा हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददात

खैराबाद। मोहल्ला महेंद्री टोला में स्थित कमाल साराय उदासीन आश्रम संगत की शाखा माई बाबा संगत में बनी दुकानों ? के किराएदारों के परिजनों के द्वारा आज खैराबाद विश्वा मार्ग पर जाम लगाकर काफी हंगामा किया गया तथा खैराबाद विश्वा मार्ग पर जाम लगाया गया यह खबर पाते ही पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता खैराबाद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तथा अभिषेक गुप्त के द्वारा काफी समझाने के उपरांत हंगामा कर रही भीड़ ने सड़क खाली की तथा नगर पालिका परिषद में भीड़ को स्थान दिया गया तथा पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि के द्वारा महिलाओं को अध्यक्ष कक्ष में सम्मानित स्थान दिया गया उसकेउपरांत नायाब तहसीलदार महेंद्र तिवारी के आने पर महिलाओं ने उन्हें घेर लिया तथा उन्हें पूरी घटना कम की जानकारी दी काफी देर तक समझाने बुझाने तथा आश्वासन देने के उपरांत महिलाएं शांत हुई इसके बाद पुरानी बाजार के दुकानदारों के द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद करके रोष प्रदर्शनकिया गया। नगर पालिका परिषद में इतनी ज्यादा भीड़ इकट्ठा हो गई थी कि पुलिस को काफी मशक्कत करके पब्लिक को बाहर निकालना पड़ा इसके उपरांत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त तथा थाना अध्यक्ष अनिल सिंह के साथ दुकानदारों के परिजनों से वार्ता हुई तथा जब यह आश्वासन दिया गया कि किसी के साथ गलत कतई नहीं होगा इसके बाद महिलाएं तथा उनके घरों के परिजन शांत होकर के अपने-अपने घरों को वापस चले गये। प्रदर्शन

पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता थाना अध्यक्ष अनिल सिंह के द्वारा समझाने व आश्वासन दिए जाने के उपरांत महिलाएं हुई शांत

कर रही महिलाओं में यह आरोप लगाया है कि दुकानदारों को गलत तरीके से फंसा कर साजिश के तहत मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है जब तक उनको न्याय नहीं मिल जाएगा तब तक वह शांत नहीं होगी। दुकानदारों ने दुकान खाली कर दी हैं तथा सभी ने एक स्वर में प्रशासन से न्याय की गुहार की ह इस अवसर पर ज्योति गुप्ता नेहा अवस्थी पायल गुप्ता?अयूषी अवस्थी मीरा अवस्थी सरोज अवस्थी सरिता अवस्थी सिल्की अवस्थी शैलजा अवस्थी पीड़ित दुकानदारों के परिजन तथा व्यापारी सुशील प्रदीप नीरज राजेंद्र आशुतोष अवस्थी ? अनिल अवस्थी शशांक मोहन अवस्थी ऋषि मोहन अवस्थी लकी अवस्थी सहित लोग मौके पर मौजूद थे।

चौकी इंचार्ज श्यामू कनौजिया के विरुद्ध दुष्प्रचार, सच्चाई की कसौटी पर फ़ेल हुई झूठी पत्रकारिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सांडा/सीतापुर । हाल ही में कुछ स्वयंभू पत्रकारों और असत्य प्रचारकों द्वारा चौकी प्रभारी सांडा, श्यामू कनौजिया पर मनगढ़ंत, भ्रामक और पूर्वाग्रह से ग्रसित आरोप लगाए गए, जिनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ साधना और एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी की छवि धूमिल करना है।

आरोप नहीं, उद्देश्य है व्यक्तिगत बदला!

संदिग्ध मंशा से प्रेरित एक वर्ग द्वारा सोशल मीडिया और गुमनाम समाचार माध्यमों से यह दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। इनकी खबरों का न कोई कानूनी आधार है, न कोई दस्तावेजी प्रमाण। सवाल यह उठता है ऽ यदि इतने गंभीर आरोप हैं, तो अब तक कोई लिखित तहरीर क्यों नहीं दी गई?

चौकी प्रभारी की तत्परता ने कई अपराधियों को पहुँचाया सलाखों के पीछे चाहे वह मंशा चक्रवर्ती के घर की चोरी हो या हालिया बाजार की घटनाएं ऽ श्यामू कनौजिया के नेतृत्व में पुलिस

ने समय पर कार्रवाई कर दोषियों को पकड़ा। दो अपराधियों के कबूलनामे खुद यह सिद्ध करते हैं कि पुलिस कार्य कर रही है, न कि अपराधियों को संरक्षण दे रही है। मनगढ़ंत मनोरंजन की कहानियाँ ऽ जब झूठ भी शर्मिंदा हो जाएसीसीटीवी फुटेज, गवाह या कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, फिर भी चौकी को ''मनोरंजनगृह'' बताना, यह साबित करता है कि यह हमला न केवल पुलिस पर, बल्कि जनविश्वास और लोकतांत्रिक प्रणाली पर भी है। फर्जी पत्रकारिता या सस्ती ब्लैकमेलिंग की कोशिश? आज जब चौकी प्रभारी जैसे अधिकारी अपराधियों की कमर तोड़ने में लगे हैं, ऐसे में कुछ कथित पत्रकार अपने निहित स्वार्थ के लिए उन्हें बदनाम कर रहे हैं। क्या यह ''प्रेस की आड़ में पैसा वसूलने'' की कोशिश नहीं? नवागत पुलिस अधीक्षक

अधूरे तथ्यों पर खड़ी खबरें, झूठी पत्रकारिता का वो मुखौटा हैं जो समाज को तोड़ने का काम करती हैं।

की टीम चौकस है ऽ अफवाहों से नहीं, सबूतों से चलता है कानून* पुलिस अधीक्षक स्वयं हर मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। किसी भी अधिकारी पर ठोस प्रमाण के बिना कार्रवाई नहीं हो सकती, और न ही किसी झूठी रिपोर्ट से साख हिलाई जा सकती है। चौकी इंचार्ज श्यामू कनौजिया को बदनाम करने की साजिश का पर्दाफाश अब जनता के सामने है। यह वह अधिकारी हैं, जिन्होंने अपराध मुक्त सांडा की दिशा में कड़ा रुख अपनाया। झूठे आरोपों का यह गुबार एक दिन खुद बिखर जाएगा, और सत्य, सेवा और समर्पण का प्रकाश पुनः स्थापित होगा। अगर सच्चाई का साथ देना अपराध है, तो श्यामू कनौजिया वह अपराधी हैं जिन पर समाज को गर्व है। सीतापुर पुलिस प्रशासन ऽ कानून के साथ, ईमानदारी के पथ पर अडिग।

एडीएम ने गोला कॉरिडोर निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ में स्थित शिव मंदिर गोला कॉरिडोर के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा रही है। रविवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह ने गोला पहुंचकर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण स्थल का गहन निरीक्षण करते हुए प्रगति की समीक्षा की और मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अभियंता विवेक बाजपेई को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह परियोजना श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा हो और इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। एडीएम ने कहा कि गोला कॉरिडोर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से एक अहम परियोजना है, बल्कि यह स्थानीय विकास, पर्यटन और आस्था के संगम को नई पहचान देगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार मौजूद रहे।

अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।।पुलिस अधीक्षक महोदय सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त राम सिंह पुत्र राकेश नि.धरैंचा थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को 01 अदद अवैध तमंचा मय 01 अदद कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 172/25 धारा 25(1-उ) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया अभियुक्त का नाम/पताः- राम सिंह पुत्र राकेश नि.धरैंचा थाना खैराबाद जनपद सीतापुर बरामदगी :- 01 अदद तमन्चा व 01 अदद कारतूस 12 बोर। पंजीकृत अभियोगः ऽ मु0अ0सं0 172/25 धारा 25(1-उ) आर्म्स एक्ट थाना खैराबाद सीतापुर पुलिस टीमः- उ.नि.अवधेश कुमार सिंह, का.विक्रम सिंह, का.गौरव कुमार यादव, का.जनार्दन सिंह ।

अश्लील रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार, सहयोगी अब भी फरार

लखीमपुर, गोला खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता ।। सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरने की सनक में एक युवक ने मर्यादाओं को तार-तार कर दिया। गुप्तांग पर नल की टोटी बांधकर महिलाओं के सामने अश्लील हरकतें करने वाला वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो लोगों में आक्रोश फैल गया। वीडियो में दिख रहे युवक को गोला कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका सहयोगी अभी फरार है। घटना गोला नगर के विकास चौराहा की है, जहां अरविंद कुमार, जो स्थानीय रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाता है, सोशल मीडिया पर रील्स बनाने के लिए बार-बार अश्लीलता की हदें पार करता दिखा। हालिया वायरल वीडियो में युवक ने अपनी पैंट के गुप्तांग वाले हिस्से पर नल की टोटी बांधी और उसका सहयोगी युवक उसमें से पानी निकालकर चेहरा धोता नजर आया। वीडियो में आसपास महिलाएं व लड़कियां भी गुजरती दिख रही हैं, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

जनता में रोष, सोशल मीडिया पर भर्त्सना

वीडियो वायरल होते ही लोगों ने सोशल मीडिया पर इस कृत्य की कड़ी निंदा की। यूजर्स का कहना है कि यह युवक पहले भी इस तरह की हरकतों में लिप्त रहा है, लेकिन विकलांगता के चलते पुलिस ने पूर्व में उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया था। इस बार जब मामला गंभीर रूप से सामने आया और आमजन में रोष फैला, तब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

सहयोगी की गिरफ्तारी की मांग

पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया है, लेकिन वीडियो में शामिल दूसरे युवक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जनता ने मांग की है कि अश्लील वीडियो बनाने में सहयोग देने वाले दूसरे युवक को भी जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

29 वांछित/वारण्टी गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं।उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण थाना मानपुर, हरगांव, बिसवां, सकरन, अटरिया, मिश्रिख, रेउसा व महोली की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 29 वांछित/वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है- थाना मानपुर पुलिस द्वारा 04 वारंटी गिरफ्तार- थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा 1. अ0सं0 84/4 में वारंटी रामदुलारे उर्फ दुलारे पुत्र चुरई नि0ग्रा0 महसिंगपुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर 2. अ0सं0 384/20 में वारंटी चौधरी वर्मा पुत्र बैजनाथ नि0ग्रा0 चम्पापुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर 3. अ0सं0 192/11 में वारंटी दिवाकर पुत्र दीना नि0ग्रा0 हथिया गाजीपुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर 4. अ0सं0 41/16 में वारंटी सानू सिंह उर्फ अंकित सिंह पुत्र अवधेश सिंह नि0ग्रा0 महेशपुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। थाना हरगांव पुलिस द्वारा 01 वारंटी, 01 वांछित गिरफ्तार- थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 134/13 से संबंधित वारंटी संदीप पुत्र राजेंद्र नि.बरोसा थाना हरगांव जनपद सीतापुर, व मु0अ0सं0 169/25 धारा 85, 80, 351(2) बीएनएस एवं 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित आदित्य प्रकाश सिंह पुत्र स्व0 लालबना सिंह निवासी ग्राम झरिया थाना हरगाँव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। थाना बिसवां पुलिस द्वारा 08 वारंटी गिरफ्तार- थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा 1.अपराध सं. 23/13 में वारंटी कमलकिशोर पुत्र नन्हू नि0 अमरनगर थाना बिसवां सीतापुर 2.अपराध सं. 7/24 में वारण्टी धर्मेन्द्र वर्मा पुत्र वेदवरन नि0 माढरमउ थान बिसवां सीतापुर 3.अ0स0 7/02 में वारण्टी रामनरेश पुत्र जवाहर नि0 गढवाडीह थाना बिसवां सीतापुर 4. अ0स0 213/14 में वारण्टी हुकुमचन्द्र पुत्र बाबूराम नि0 वनवीर पुर कौब्वाखेडा थाना बिसवां सीतापुर 5.अ0स0 206/13 में वारण्टी आशीष कुमार पुत्र वैजनाथ नि0 पचदेवरा थाना बिसवां सीतापुर 6. एनसीआर 23/13 में वारण्टी शिवकुमार उर्फ बब्लू पुत्र नन्हू नि0 अमरनगर थाना बिसवां सीतापुर 7.अ0स0 14/08 में वारण्टी वेनी पुत्र पुतू नि0 वखतपुर मजरा वोहरा थाना बिसवां सीतापुर 8. अ0स0 14/08 में वारण्टी रामशंकर पुत्र पुतू नि0 वखतपुर थाना बिसवां सीतापुरको गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। थाना अटरिया पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना अटरिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 115/25 धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित वांछित अभिषेक पुत्र बबलू नि.बक्शपुर थाना कोतवाली जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार कर चालान मा.न्यायालय किया गया।

प्राकृतिक खेती का मंत्र, कृषि सखिया करेगीं सुदृढ कृषि तंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत कृषि विभाग सीतापुर के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र- द्वितीय कटिया सीतापुर परिसर में आयोजित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय चरण के प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए केवीके कटिया में कृषि सखियाँ के तीसरे बैच को किया गया प्रशिक्षित

इस चरण में विकासखंड लहरपुर, कसमंडा, महमूदाबाद, मिश्रिख, खैराबाद एवं बिसवां की कुल 68 कृषि सखियों ने सहभागिता की, जो अपने-अपने चयनित क्लस्टर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार की प्रेरणास्रोत बनेंगी।

समापन अवसर पर उप कृषि निदेशक, डॉ श्रवण कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती में कृषि सखियों की भूमिका पर प्रकाश डालते

हुए बताया कि शासन द्वारा कृषि में टिकाऊपन ,कृषक आत्मनिर्भरता, सेहत एवं पर्यावरणीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए जनजागरूकता और कृषि व कृषक कल्याण के लिए कृषि सखियों के योगदान को बहुमूल्य समझा गया है अब यह प्रशिक्षित कृषि सखियां कृषको के साथ मिलकर कृषि एवं मानव जगत के लिए अपना अमूल्य योगदान देगीं। केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने कहा, ल्लकृषि सखियों के रूप में महिला कृषकों को प्राकृतिक खेती की पद्धति से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भरता, पोषणयुक्त आहार और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में सशक्त करने के लिए यह एक सराहनीय कदम हैं। कृषि विभाग के बिसवा संभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ दीपेश कुमार नें कहा कि कृषि सखियाँ केवल खेतों की कार्यकर्ता नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की वाहक बन सकती हैं, जब वे प्राकृतिक खेती के विज्ञान को समुदाय तक पहुँचाती हैं। प्रशिक्षण प्रभारी एवं मृदा वैज्ञानिक श्री सचिन प्रताप तोमर ने बताया कि खेती की यह विधि एक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल खेती करने की पद्धति है तथा साथ ही मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करती है, कृषि की उत्पादन लागत कम को करना और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती के अवयवों जैसे- बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं दशपर्णी अर्क आदि को बनाने के तरीके को बताया गया। प्रसार वैज्ञानिक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की नीति, रणनीति व लागू प्रक्रिया पर जानकारी दी और बताया कि इस योजना का लक्ष्य रासायनिक खरीद पर निर्भरता घटाकर फार्म पर प्राकृतिक इनपुट तैयार करने की संस्कृति को बढ़ावा देना है।द डॉ. आनंद सिंह, पशुपालन वैज्ञानिक ने देसी गाय पर आधारित जैविक कृषि आदान की महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि गोवंश आधारित खेती से प्राकृतिक संसाधनों, मिट्टी, पानी और जीवन का संरक्षण करने सहायक है और इससे तैयार संसाधन न केवल सस्ते हैं, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी हैं।

केन्द्र के शस्य वैज्ञानिक डॉ शिशिर कांत सिंह ने बीज उत्पादन, सह फसली खेती, खरपतवार प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान किया। गृह विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. रीमा ने प्राकृतिक खेती में मिलेट्स की वैज्ञानिक खेती, कीट-रोग प्रबंधन एवं अच्छे स्वस्थ के लिए पोषण वाटिका के महत्व को चर्चा करते हुए बताया कि ये फसलें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के समाधान का हिस्सा बन सकती हैं।

प्राकृतिक खेती की मास्टर ट्रेनर कामुआ निवासी, श्री अशोक कुमार गुप्ता ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, ल्लप्राकृतिक खेती रासायनिक खेती का विकल्प हैं, -जहाँ किसान प्रकृति द्वारा उपहार स्वरुप मिले आदानो का तालमेल बनाकर उत्पादन करता है। कृषि सखियों की भूमिका इस बदलाव को जन जन तक पहुँचाने की है।ङ्क

प्रशिक्षण के अंत में प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषि सखियों ने गहरी रूचि दिखाई तथा हम सभी आशा करते है कि खेती की इस पद्धति को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने में सक्षम होगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में कृषि सखियो ने प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए इसे ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और व्यावहारिक बताया द्य कार्यक्रम मे सभी 68 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

एडीएम ने किया शारदा नदी के ड्रेसिंग कार्यों का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह ने पलिया पहुंचकर शारदा नदी के ड्रेसिंग कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम रत्नाकर मिश्रा और तहसीलदार आरती यादव के साथ ड्रेसिंग कार्यों की वर्तमान स्थिति का विस्तार से गहन अवलोकन किया। उन्होंने नदी में पानी के प्रवाह और बांध के संरचनात्मक सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम ने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया ताकि क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण प्रभावी ढंग से हो सके। एडीएम ने कहा कि शारदा नदी के ड्रेसिंग कार्य बाढ़ नियंत्रण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन कार्यों के सही समय पर पूर्ण होने से न केवल नदी का जल प्रवाह बेहतर होगा, बल्कि क्षेत्र के



नाव पर सवार होकर एडीएम ने अफसरो संग देखी ड्रेसिंग कार्यों की प्रगति

किसानों और स्थानीय जनता को भी राहत मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य स्थल पर गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही प्रशासन द्वारा इन कार्यों पर निरंतर निगरानी रखने और समय-समय पर निरीक्षण जारी रखने की भी बात कही।

नि:शुल्क आई एण्ड डेंटल केयर कैंप में जुटी भारी भीड़

जेसीआई बिसवां एलीट के तत्वावधान लगा कैंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद (सीतापुर)। जेसीआई बिसवां एलीट के तत्वावधान में श्री आभूषणम के सहयोग से रविवार को जहांगीराबाद स्थित श्री कुञ्ज बिहारी लाल सरस्वती ज्ञान विद्या मंदिर में दृष्टि - मुस्कान सेवा कैंप के रूप में निःशुल्क आई एण्ड डेंटल केयर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने अपने नेत्रों व दांतों की जांच कराकर मुफ्त दवाइयां एवं परामर्श प्राप्त किया।

शकुन्तला आई एण्ड डेंटल क्लिनिक के अल्प नेत्र विशेषज्ञ डा0 लव कृष्ण मिश्र (पूर्व नेत्र चिकित्सक एआईआईएमएस नई दिल्ली) व मुख एवं दंत चिकित्सक डा0 सुरभि राज मिश्रा ने 246 लोगों का नेत्र परीक्षण एवं दांतों

की जांच कर जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां एवं परामर्श दिया जिसमें मोतियाबिंद की भी निःशुल्क जांच की गयी।

इस मौके पर जेसीआई बिसवां एलीट के अध्यक्ष अंकित बंसल, सचिव आयुष नाथ सिंह, प्रोग्राम निर्देशक कृत्रिन जायसवाल, पूर्व जोन अधिकारी उमंग राजवंशी, उत्साह राजवंशी, पूर्व अध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव, वंचित शर्मा, नितिन मंगल, प्रभात गोयल, अर्चना श्रीवास्तव व जेसीआई परिवार मौजूद रहा।

धौरहरा में ऐप्जा तहसील संगठन की बैठक सम्पन्न पत्रकार सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, खीरी। उत्तर प्रदेश में सक्रिय पत्रकार संगठन ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (इक्रय्ख्ड) की धौरहरा तहसील इकाई की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी व जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमनारायण शुक्ला के निर्देशन में किया गया। बैठक में पत्रकार सुरक्षा सप्ताह के आयोजन को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इसी कड़ी में तय किया गया कि धौरहरा तहसील अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता व जिला सचिव कमल किशोर तिवारी के आयोजन में कस्बे में पत्रकारों द्वारा एक विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसके माध्यम से पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त एक निर्धारित तिथि और स्थान पर पत्रकारों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें पत्रकारों के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने को लेकर संवाद किया जाएगा। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि भविष्य में जिला पंचायत चुनाव में पत्रकार समुदाय से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए, जिससे पत्रकारों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। बैठक में धौरहरा क्षेत्र के दर्जनों पत्रकारों ने भाग लिया और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

लखीमपुर-बहराइच मार्ग पर बड़ा हादसा: तेज रफ्तार डीसीएम पुलिस सहायता केंद्र में घुसी, बड़ी जनहानि टली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी, यूपी । थाना खीरी क्षेत्र अंतर्गत लखीमपुर-बहराइच मार्ग पर स्थित नकहा चौराहे पर बीती देर रात एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। बहराइच की ओर से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम (वाहन संख्या यूपी 25 डीटी 8436) अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बने पुलिस सहायता केंद्र में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पूरा पुलिस पिकेट मानो फुटबॉल की तरह उछल गया और चौकी का कमरा पूरी तरह ध्वस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दृश्य ऐसा था जैसे किसी बम से चौकी को उड़ा दिया गया हो। गनीमत रही कि हादसे के वक्त सहायता केंद्र के अंदर कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। वहीं, वाहन चालक को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम का जायजा लिया। मामले की जांच जारी है। यह हादसा एक बार फिर हाईवे पर चलने वाले तेज रफ्तार भारी वाहनों और सड़क सुरक्षा के इंतजामों को लेकर चिंताएं खड़ी करता है।

रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी स्मृति आयोजन के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी

अहिल्याबाई होल्कर सबकी प्रेरणा स्त्रोत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। धर्माचरण, शासन प्रबंध, विद्वानों का सम्मान व न्याय, दानशीलता ,उदार धर्म नीति, भक्ति भावना, वीरता, त्याग व बलिदान, साहस ,शौर्य से परिपूर्ण रानी अहिल्याबाई युगों- युगों तक अमर रहेगी। इतिहास के दिग्गज शासको के गुणों से परिपूर्ण रानी हम सभी की प्रेरणा स्त्रोत है। रानी का नाम सदा स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।लोकमाता अहिल्याबाई राजश्री से राजर्षि के रूप में संसार में प्रसिद्ध हुईं जिन्हें पुण्यश्लोक का दर्जा दिया गया।

यह बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ल ने कहा।वह रविवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में आयोजित पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने अपना संपूर्ण राज्य शिव को समर्पित कर उनकी संरक्षिता बन कर राज किया था। देवी अहिल्या बाई का जीवन बहुत संकटपूर्ण और संघर्ष का रहा, लेकिन उन्होंने इन सब परेशानियों को अपने राज्य संचालन से दूर कर एक कुशल नेतृत्व के साथ राज्य को संभाला। देवी अहिल्या बाई इंदौर या होल्कर वंश में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक न्यायप्रिय, दानशील और कुशल प्रसाशिका के रूप में जानी जाती हैं। कहा कि सनातन के विस्तार व रक्षा के लिए हम सभी को रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कहा सनातन के विस्तार के लिए रानी अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में आज की पीढ़ी को जानना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि पहले रही सरकारों ने अहिल्याबाई होल्कर को पूरी तरह से भुला दिया। लेकिन भारतीय जनता पार्टी गांवों से लेकर शहरों तक उनके द्वारा सनातन को बचाने के लिए किए गए कार्यों से लोगों को परिचय कराएगी। बताया कि अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी 21 से 31 मई तक नौ प्रकार के कार्यक्रम करने जा रही है।जिसकी रुपरेखा तैयार हो गई है। बैठक को फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, तमकुही राज विधायक डॉ असीम राय, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ प्रेमचंद मिश्र, लल्लन मिश्र, जगदम्बा सिंह, अखिलेश मिश्र और पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने भी सम्बोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष व अभियान संयोजक विजय कुमार शुक्ल ने किया। इस अवसर पर राणा प्रताप राव, सुदर्शन पाल, राधेश्याम पाण्डेय,राजनेति कश्यप, सतीश चौधरी, संदीप सिंह, मनोज जायसवाल, रमेश सिंह, विनोद भारती, विवेकानंद शुक्ल, रामगोपाल गुप्ता,बाबू नन्दन सिंह, अतुल श्रीवास्तव, विश्वरंजन कुमार आनन्द,नमो नारायण मौर्य,रुपम सिंह, सरिता मिश्र, धन्नजय तिवारी,बंका सिंह, डॉ कन्हैया शर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित थे।

रमेश सिंह मंडल अध्यक्ष और संजीव सिंह बने जिलाध्यक्ष

कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन/ सरपंच संगठन की एक बैठक बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित एक होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम राय की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए रमेश सिंह को संगठन का मंडल अध्यक्ष और ग्रामप्रधान संजीव कुमार सिंह को कुशीनगर जनपद का जिलाध्यक्ष चुना गया। रविवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने नए पदाधिकारियों की घोषणा की। मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के अलावा डॉ संजय यादव और मिथिलेश कुमार को जिला महासचिव और गोल्डन तिवारी को जिला सचिव मनोनीत किया। नवागत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राय ने कहा कि ग्राम प्रधानों को हक, सम्मान दिलाने के लिए संगठन संघर्ष कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्रा ने एकजुट संघर्ष का आह्वान किया। इस दौरान संजय कुमार मिश्रा, मौसम मद्धेशिया, आशीष जायसवाल, अनूप तिवारी, प्रदीप, गौरव, गोपालजी राय, शाबीर अंसारी, रामायण, राजू, अनिरुद्ध, शिव चरन, सोनू, अंकुर, संतोष पाण्डेय, डा. राजकुमार गोंड आदि मौजूद रहे।

पांच बार थाने पर बुलाकर तीन बार तहरीर बदलवाने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

पडरौना,कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया है और इसे लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को भी सजगता बरतने का भी सख्त हिदायत दिया गया हैं, पर नेबुआ नौरंगिया थानेदार दीपक कुमार सिंह के द्वारा सरकार के इस आदेश की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। स्थानीय थानाक्षेत्र के मोती छपरा गांव निवासिनी प्रियंका भारती ने बुधवार को एसपी कुशीनगर को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाई है कि उनके ही गांव के रहने वाले सुकिल पुत्र अकलू के घर से किसी बात को लेकर 30 अप्रैल को दोपहर बाद वाद विवाद हो गया, जिसमे उन लोगो के द्वारा एकजुट होकर घर मे घुसकर तोड़फोड़ करके मारपीट किये, जिसमे उनके परिजनों को काफी चोटे आयी। दवा इलाज कराने के बाद दूसरे दिन मेडिकल रिपोर्ट के साथ स्थानीय थाने में शिकायती पत्र दिया गया। जिसे थानेदार ने पांच बार बुलाकर तीन बार तहरीर बदलवाने के बाद भी मुकदमा नही लिख रहे है। जबकि दूसरे पक्ष के तहरीर पर हमारे परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया है। थक हारकर पीड़िता ने कुशीनगर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

पानी के लिए नहर में खड़े होकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नहर में पानी नहीं आने की वजह से,सब्जी,गन्ना, मक्का व मूँग की फसलें सूख रही हैं जबकि धान की अग्रिम फसलों की तैयारी में विलम्ब के चलते किसान काफी चिन्तित हैं।सरकार द्वारा हेड से टेल तक पानी पहुँचाने की घोषणापत्र हवा-हवाई साबित हो रही है।यथार्थ में नहरों की पूर्णतया सफाई का काम भी नहीं हुआ है ऐसे में किसानों के खेतों तक पानी कैसे पहुँचेगा यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। इस समस्या को लेकर कांग्रेस के निवर्तमान जिलाउपाध्यक्ष राजकपूर राय के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने आज रविवार को तुर्कपट्टी से होकर बहने वाली चाफ माइनर के बीचोबीच खड़े होकर सरकार की कृषि नीतियों का विरोध करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।किसानों का कहना था कि एक तरफ कृषि मन्त्री एक नाले की सफाई जनश्रम से कराने पर जोर देते हैं वहीं दूसरी तरफ किसान नहरों में पानी के लिए परेशान हैं।सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के नाम पर धरातल पर काम कराने की बजाय विकास का झूठा ढोल पीट रही है।आक्रोशित किसानों ने आज अपनी समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए सूखी नहर के बीच खड़े होकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और तत्काल किसान हित में नहरों में पानी की माँग की।प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी दिया कि यदि किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हुआ तो एक बड़ा आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदार सरकार होगी।प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से निर्वतमान ब्लाक अध्यक्ष फाजिलनगर पलटन यादव,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह,पिछड़े वर्ग के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा, पिछड़े वर्ग के प्रदेश महासचिव एवं प्रधान विनोद यादव,रमजान अली व विपिन सिंह सहित दर्जनों किसान शामिल थे।

फाइनल मुकाबले में ब्रह्मपुर ने मछरियां को सात विकेट से हराया

राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दुदही विकास खण्ड के गांव ब्रह्मपुर में आयोजित ब्रह्मपुर क्रिकेट क्लब के बैनर तले हुईं क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में ब्रह्मपुर ने मछरियां को सात विकेट से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। फाइनल मुकाबले में टॉस जीत कर मछरियां के टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 16 ओवर के मैंच में मछरियां की पूरी टीम 15.5 ओवर में 100 रन बनाकर सिमट गईं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्रह्मपुर के टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 100 रन के लक्ष्य को 3 विकेट खोकर मात्र 6.2 ओवर में जीत दर्ज कर फाइनल अपने नाम कर लिया।

सामुदायिक सहभागिता से शांति व्यवस्था कायम रखना प्राथमिकता : एसएचओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर । तुर्कपट्टी के प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह ने थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि हर फरियादी को सम्मान और त्वरित न्याय दिलाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप आम जनता में सुरक्षा की भावना बनाए रखना तथा अपराध नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में पशु तस्करी व शराब तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाया जाएगा। इसके लिए सीमावर्ती इलाकों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अराजकतत्वों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आगामी त्योहारों और क्षेत्रीय आयोजनों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस आमजन की सहभागिता से कार्य करेगी। ग्राम प्रहरी, बीट आरक्षी, हल्का इंचार्ज व एसआईगण को क्षेत्र भ्रमण कर जन संवाद बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि थाने की कार्यशैली में पारदर्शिता लाई जाएगी, पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाएगा। भ्रष्टाचार या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं होगी। महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों व कमजोर वर्गों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जाएगी। अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को अनुशासन, समयबद्धता व जनसेवा के भाव से कार्य करने का निर्देश देते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि एक जिम्मेदार पुलिस बल के रूप में हमें जनता का विश्वास अर्जित करना है, ताकि पुलिस जनसहयोग से अपराधमुक्त समाज की स्थापना कर सके। इस दौरान एसएसआई प्रिंस कुमार, एसआई सभाजीत सिंह, एसआई कैलाश यादव, एसआई नरसिंह ओझा, एचसीपी चंद्रमणि, अरविंद सिंह, विजय बहादुर सिंह, रतनदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर नगर महिलाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगर के शहीद स्मारक पार्क में राज्यसभा सांसद संगीता यादव और नपाप अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने एक दूसरे को सिंदूर लगाने के बाद भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर भारतीय सेना एवं केंद्र की मोदी सरकार को धन्यवाद दिया।

राज्यसभा सदस्य संगीता यादव ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जबाब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया। केंद्र की मोदी सरकार के मजबूत निर्णय के चलते पाकिस्तान में घुस कर आतंकी अड्डों को तबाह करने का कार्य हमारी सेना ने किया। नपाप अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश की शक्ति के प्रतीक है।पूरा देश ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने सेना को खुली छूट दी जिससे सेना का मनोबल बढ़ा। इस क्रम में डॉ वीना कुमार,डॉ सीमा गुप्ता ,रूपम सिंह , रानी शुक्ला ने भी अपने सम्बोधन में सेना एवं केंद्र सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान अवसर फूलवन्ती चौहान,सुमन कुशवाहा, रितु सिंह,सुगंधा सिंह, रंजीता सिंह, अंजू कुशवाहा,रिम्पा सिंह,लीलावती शुक्ला,चंदा मद्देशिया, अंजली कुशवाहा,उषा सिंह, ममता निषाद, सभासद राजेश मद्देशिया, राहुल सोनी,सोनू चौहान, कृष्ना जायसवाल आदि मौजूद रहे।

डॉ. सुबोध मिश्र को आईआईएएस फ़ेलोशिप, देश में आठवां स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मठिया माधोपुर गांव के युवा डॉ. सुबोधकांत ने राष्ट्रीय शोध मंच पर रचा कीर्तिमान

ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय विद्वत्ता मंच पर बनाई खास पहचान

शिमला स्थित शीर्ष संस्थान के देशभर से चुने 17 विद्वानों में मिली जगह

कुशीनगर। जब किसी छोटे से गाँव की पगडंडी राष्ट्रीय विद्वत्ता के मंच तक पहुँचती है, तो वह केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उस धरती की जीत होती है जिसने उसे जन्म दिया। कुशीनगर जनपद के कसया विकासखंड के मठिया माधोपुर गांव से निकलकर काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अध्ययन और फिर शोध किया। अब बीएचयू के पूर्व शोधार्थी डॉ. सुबोध कांत मिश्र ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिबद्धता, अध्ययन और परिश्रम से कोई भी ऊँचाई हासिल की जा सकती है।

हाल ही में भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडावांस स्टडी), शिमला ने अपनी डेजिगनेटेड फ़ेलो की सूची जारी की, जिसमें देशभर से चयनित 17 विद्वानों में डॉ. मिश्र को आठवां स्थान प्राप्त हुआ है। यह चयन उनके उत्कृष्ट शोध और विद्वत्ता का प्रमाण है।

डॉ. सुबोध कांत मिश्र मठिया माधोपुर गांव के पंडित श्रीकांत मिश्र के तृतीय सुपुत्र सरोजकांत मिश्र और श्रीमती संजू मिश्र के बड़े बेटे हैं। एक ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले इस युवा विद्वान की यह उपलब्धि न केवल बीएचयू, बल्कि पूरे कुशीनगर जनपद के लिए गौरव का विषय है।

उन्होंने पूर्व में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद और भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के तहत भी शोध फ़ेलोशिप प्राप्त की है। डॉ. मिश्र ने अपने इस चयन का श्रेय अपने शोध निदेशक प्रो. शरदिंदु कुमार तिवारी, अपने माता-पिता, परिजनों तथा गुरुजनों को दिया है। वे आगामी दो वर्षों तक शिमला स्थित आईआईएएस संस्थान में फ़ेलो के तौर पर शोध करेंगे। आईआईएएस का फ़ेलोशिप कार्यक्रम उन चुनिंदा विद्वानों को दो वर्षों तक शोध के लिए संसाधन, समय और उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराता है, जिनके कार्यों में नवाचार और समाजोपयोगिता का दृष्टिकोण हो। इसमें चयन राष्ट्र स्तर पर शोध प्रतिभा की सर्वोच्च मान्यता मानी जाती है। डॉ. मिश्र का यह चयन न केवल संस्थान और क्षेत्र की शान बढ़ाता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा की मिसाल भी है। इस उपलब्धि पर कुशीनगर जिले के शिक्षाविद और साहित्यभूषण प्रमोदकांत मिश्र, मनोजकांत, विनोदकांत मिश्र, डॉ. पयोदकांत मिश्र, डॉ. शैलेन्द्रदत्त शुक्ल, सीबी सिंह, डॉ. आमोदकांत मिश्र, प्रबुद्धकान्त, व्योमकान्त, भुवनकान्त आदि ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में डीआरडीओ के निदेशक (पर्सनल) डॉ. संजय कुमार द्विवेदी, प्रो. दीपा द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, डॉ. शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी, एडवोकेट अखिलेश द्विवेदी, उपेंद्रनाथ तिवारी, नितीशनाथ तिवारी, हरेंद्रनाथ तिवारी सोनू, गायत्री देवी, डॉ. धर्मजीत मिश्र आदि शामिल हैं। भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त और शीर्षस्थ शोध संस्था है, जो मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भारतीय संस्कृति, इतिहास और दर्शन जैसे क्षेत्रों में उन्नत शोध के लिए प्रसिद्ध है। यह संस्थान शिमला स्थित पूर्व वाइसरॉय लॉज (वर्तमान राष्ट्रपति निवास) में संचालित है। इसकी स्थापना 1964 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पहल पर हुई थी।

खर पतवार नियंत्रण के लिए सह फसली खेती करें किसान: ओमप्रकाश गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। गन्ने की वैज्ञानिक, खेती के प्रति कृषकों को जागरूक करने, पेड़ी गन्ने का वैज्ञानिक, प्रबंध, गन्ने में सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण, गन्ने फसल में लगने वाले कीट तथा उसके रोकथाम को लेकर उप्र गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच गोरखपुर द्वारा कठकुईयां गन्ना समिति के ग्राम कटयां में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गन्ना विकास संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच के पूर्व सहायक निदेशक श्री गुप्ता ने बताया कि गन्ना किसानो का सबसे बड़ा दुश्मन है घांस। गन्ना बोने के 100 से 120 दिनो तक फसल को सर्वाधिक नुकसान पहुँचाता है, किसान अपने गन्ना फसल में जो उर्वरक प्रयोग करते हैं उसका चार गुना उपयोग घांस-खरपतवार करते हैं गन्ने कि लगभग 40 प्रतिशत उपज कम कर देता है। खर पतवार नियंत्रण के लिए किसान फसल चक्र अपनाएं। गर्मी के दिनों में जुताई गुणाई करें, गन्ने की दो लाईन के बीच में सुखी पत्ती बिछाए या गन्ने में उर्द मूंग या ढैचा की बुवाई करें। प्रमुख घांस मोथा, दूब, मकोय हैं। खरपतवारनाशक रसायन 'रक्षक' मात्रा 115 मिली+ 500 ग्राम एट्राजिन को 150 ली0 पानी में घोलकर सिचाई के वाद छिड़काव करें। गोळी में उपास्थित कसकों द्वारा मथमुड़िया कीट नियंत्रण के विषय में पूछे जाने पर कृषि विशेषज्ञ मनीष कुमार पाठक ने वताया कि कीटनाशक 'जायकोर' माला 150 मिली, को 400 ली0 पानी में घोलकर जड़ो के पास डेन्चिग करें, सिंचाई करें, प्रगतिशील किसान विरेन्द्र जैसवाल ने बताया कि एक खेत मे, टेकोरेल मात्रा 8 किग्रा एकड़, दूसरे खेत में '' जापकोर'' प्रयोग किया। नही लगा मथ मुड़िया, प्रयोग करते समय पानी

400 लीटर एक एकड़ खेत के लिए होनी चाहिए। कृषि विशेषज्ञ मनीष कुमार पाठक ने मथमुडिया तथा पिहीका किट से प्रभावित पौधा दिखाया ''टेकोरेल ''तथा जापकोर (केमीनोआ क0) का पैकेट दिखाकर, प्रयोग का तरीका बताया। गुड्डू मिश्रा, निखिलेश मिश्रा,सोनू मिश्रा, गोवर्धन सिंह, रूपेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

खंभे पर लटक रहा ट्रांसफार्मर जिम्मेदार बने अनजान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बछरावां,रायबरेली। जहां एक ओर सरकार विद्युत व्यवस्था को लेकर बड़े बड़े दावे करती है। वहीं एक ओर सरकार की मनसा के अनुरूप बैठे उनके पीठासीन अधिकारी व कर्मचारी उनके इस दावे पर पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले लगभग 10 दिन पूर्व आई आंधी से ग्राम शेखपुर समोधा झारखंडेश्वर मार्ग में स्थित पोल पर रखा ट्रांसफार्मर खिसक गया। जिससे यह कोई बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है क्योंकि रोजाना सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, भक्तगण भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने व माथा टेकने इसी मार्ग से होकर जाते हैं। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई ताकि सिर पर लटक रही यह बला दूर हो जाए।लेकिन अधिकारियों द्वारा इसे अनदेखा कर दिया गया अब देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या जिम्मेदार अधिकारी इसे संज्ञान में लेते हैं और जल्द से जल्द इस समस्या से ग्रामीणों को राहत दिलाते हैं या नहीं या तो आने वाला समय तक करेगा। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने कर्मचारियों को भेज कर जल्द से जल्द इस समस्या को ठीक करवाया जाए।

गैर इरादतन हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बछरावां,रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली एवं क्षेत्राधिकारी महाराजगंज के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक बछरावां के नेतृत्व में थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा दिनांक 13 मई 2025 को पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या एवं 191/2025 धारा 115(2), 351(3), 352, 105 बीएनएस में त्वरित कार्यवाही करते हुए दीपू पासी पुत्र रामनंद पासी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम अघौरा थाना बछरावां जनपद रायबरेली को नियमानुसार गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। घटना में दीपू द्वारा पीड़िता प्रेमकुमारी पत्नी होमगार्ड निवासी रामबक्स खेड़ा थाना बछरावां जनपद रायबरेली को 13 मई 2025 को मारपीट कर घायल कर दिया गया था। मारपीट के दौरान उक्त महिला को गंभीर चोटे आई थी। परंतु 17 मई 2025 को इलाज के दौरान पीड़िता की मौत हो गई थी। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली इस पुलिस टीम में उप निरीक्षक नियाजी हुसैन, कांस्टेबल देव रावत, कांस्टेबल ने राजकमल मौजूद रहे।

मानसिक रूप से पीड़ित बन्दियों से मिलकर जानी उनकी समस्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जनपद में गठित समिति लीगल सर्विस फॉर मेन्टली इल पर्सन(मनोन्याय) के सदस्यों के साथ शनिवार को जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध मानसिक रुप से विक्षिप्त बन्दियों की देख-रेख के बाबत बैठक कर निरीक्षण किया गया। मानसिक रुप से विक्षिप्त 8 बन्दियों के सम्बन्ध में समिति द्वारा जेल अधीक्षक से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये। समिति द्वारा बन्दियों की काउन्सिंल के उपरांत मनोचिकित्सक डा प्रदीप कुमार से गंभीर रुप से बीमार बन्दियों के सम्बन्ध में आवश्यक विचार-विमर्श उपरांत उचित इलाज हेतु मानसिक चिकित्सालय, वाराणसी भेजे जाने के की कार्यवाही लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिंल के माध्यम से कराये जाने हेतु समिति द्वारा निर्णय लिया गया। अन्य मानसिक रुप से बीमार बन्दी जो कि जिला चिकित्सालय के अथक प्रयासों से ठीक हो चुके है, को न्यायालय के समक्ष गवाही की कार्यवाही में सम्मिलित करवाने के सम्बन्ध में भी आदेश जारी किये गये। लीगल सर्विस फॉर मेन्टली इल पर्सन(मनोन्याय) की उक्त बैठक में इस सम्बन्ध में भी विचार-विमर्श किया गया कि जनपद रायबरेली में अन्य कोई मानसिक रुप से बीमार व्यक्ति जो अपने पारिवारी जन के साथ रह रहा है उसके पारिवारी जन आवश्यक विधिक एवं चिकित्सीय सहायता हेतु प्रार्थनापत्र इकाई अथवा प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। ऐसे मामलों में इकाई अथवा प्राधिकरण आवश्यक दिशा-निर्देश/आदेश पुलिस एवं मानसिक चिकित्सालय को जारी कर सकती है।

शाहजहांपुर में घर के अंदर एक सूटकेस में मिला महिला का शव

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना तिलहर क्षेत्र में रविवार को एक महिला का सूटकेस के अंदर शव मिलने से हडकंप मच गया।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने रविवार को बताया कि थाना तिलहर पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला पक्का कटरा में अशोक कुमार की पत्नी सविता (35) का शव घर में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस अशोक के घर से एक सूटकेस से उसकी पत्नी का शव बरामद कर पति को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने मृतका के पति से की गई पूछताछ के हवाले से बताया कि शनिवार की रात वह मोहल्ले में एक बरात देखने गया था।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तरबगंज बीजेपी विधायक के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के तरबगंज विधानसभा क्षेत्र में बीजे पी विधायक विधायक प्रेम नारायण के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता व भारतीय सेना के सम्मान में तरबगंज विधानसभा क्षेत्र में ए क विशाल तिरंगा यात्रा की रैली निकाली गई।तिरं गा यात्रा की रैली बीजेपी विधायक के आवास से शुरू होकर तरबगंज बाजार तक पहुंची,जहां इस का समापन हुआ।समापन स्थल पर बीजेपी विधा यक प्रेम नारायण पाण्डेय ने कहा कि जब भी युद्ध होता है देश के लोग भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते हैं।इस बार भी हम देश के साथ हैं,यह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न भी है।वही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत इस तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए,जिनमें मुस्लिम समाज के लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।यात्रा के दौरान लोगों ने ल्लभारतीय से ना जिंदाबाद'', ''पाकिस्तान मुर्दाबाद'' और ''आतंक वाद मुर्दाबाद'' जैसे नारे लगाए,जिससे माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति में रंगा नजर आया।तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए तरबगंज विधानसभा के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग जुटे।यात्रा की सफलता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लि ए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजा म किए गए थे।विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने इ स अवसर पर कहा कि भारतीय सेना के वीर जवा नों ने पाकिस्तान को दिया गया मुंहतोड़ जवाब सम स्त देशवासियों के लिए गर्व की बात उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे सैनिकों के साहस और बलिदान को सम्मान देने का प्रतीक है।उन्होंने यह भी कहा कि इस यात्रा में हिंदू-मुस्लिम दोनों समाज के लोगों की सहभागिता यह सिद्ध करती है कि पू रा देश एकजुट होकर भारत माता के सम्मान में ख ड़ा है।विधायक ने यह भी बताया कि मुस्लिम समा ज के लोग इस यात्रा में स्वेच्छा से शामिल हुए और उन्होंने भी भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया उन्होंने कहा कि आज पूरा देश अपने वीर जवानों पर गर्व करता है और यही भारत की एकता और अखंडता की असली ताकत है।

गड्ढे में डूबे तीन बच्चों की मौत चीत्कार से कांप उठा पूरा गांव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में हुए एक दर्द नाक हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई है दिल द हला देने वाली इस घटना से पूरे गांव में मातम है पू रा गांव सदमे में है,परिजन और गांव के लोग बच्चों की बातें याद कर-करके बिलख पड़ते हैं,उनको अ भी भी यकीन नहीं हो रहा है कि तीनों अब इस दु निया में नहीं हैं।दर्दनाक हादसे में तीन परिवारों के चिराग बुझ गए है इस घटना से मातम पसर गया है गौरतलब है कि परसपुर थाना क्षेत्र के गांव डेहरास अहेट गांव में रविवार को नहर किनारे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई।एक साथ गांव के तीन बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है।बताया जाता है कि गांव के बगल से होकर स रयू नहर गुजरती है।इसके बगल ही गड्ढा था जिस में पानी भरा हुआ था।रविवार की दोपहर गर्मी अधिक होने के कारण गांव के जिलेदार का नौ वर्ष का बेटा निगम उर्फ राजाबाबू,दयाशंकर का दस व र्षीय पुत्र राजन, रामनरेश का दस वर्षीय पुत्र राजा इसमें नहाने लगे।गड्ढे की गहराई अधिक होने के कारण देखते ही देखते तीनों उसमें डूब गए।जब तक गांव के लोग पहुंचकर बच्चों को बाहर निका लते तब तक तीनों ने दम तोड़ दिया। इससे गांव में कोहराम मच गया।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की जानकारी मिलने के बाद परसपुर थाना प्रभारी तेज प्रताप सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है।

घूम रही मौत,काल बन रहे लोग,पुलिस बनी बेचारी कहीं लूट,कही मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । उत्तर प्रदेश का गोण्डा जिला इन दिनों अप राध की चपेट में है,जिले में लगातार हो रही हत्या ओं और लूटपाट की घटनाओं ने आम जनता के बीच दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।बीते दस दिनों में दो बड़ी हत्याओं ने न केवल गोण्डा जिले की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं,बल्कि गोण्डा पुलिस की कार्यशैली और प्रभावशीलता पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं।आखिर गोण्डा जिले की पुलिस कहां सो रही है...? क्या अपराधी अब बेखौ फ हो चुके हैं....?. इन सवालों का जवाब तलाशना जरूरी हो गया है,क्योंकि जिले में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है।

हत्याओं का सिलसिलाःदस दिन में दो बड़े कांड

गोण्डा जिले में अपराध की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं,हाल ही में इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिखलौल मजरा चमेंनिया गाँ व में एक मानसिक रुप से बीमार व्यक्ति की गाँव वाले ने चोर समझ कर व्यक्ति क़ो पकड़ लिया औ र उसे एक खम्बे में रस्सी से बांध पिटाई की गईं प रिजनो क़ो इसकी सूचना मिलते ही पहुच कर उसे छुड़ाकर अस्पताल लें गए,ग्रामीणों ने चन्द्रशेखर क़ो इतना पीटा था कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मृत्यु हो गईं थी।यह घटना कोई इकलौ ती नहीं है ठीक पांच दिन पहले नबाबगंज थाना क्षे त्र के तुलसीपुर माझा गांव में मनबढ़ों ने अवैध पि स्तौल से एक 17 वर्षीय अंशुमान सिंह को अंधा धुंध गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया गया।

इन घटनाओं से साफ है कि अपराधी न केवल बे खौफ हैं,बल्कि वे शहर से लेकर गाँव तक नाबालि क छात्र और समाजसेवियों को निशाना बना रहे हैं।

हत्या,चोरी,और लूट आम हो चुकी घटनाएं

हत्याओं के अलावा,गोण्डा जिले में लूट और छिन तई की घटनाएं भी आम हो गई हैं बाजारों,गलियों और सड़कों पर लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं रात के समय शहर के कई इलाकों में लोग घरों से निकलने से डर रहे हैं।छोटे-मोटे अपराधों से लेकर संगठित अपराध तक,जिले में हर तरह की आपरा धिक गतिविधियां बढ़ रही हैं यह स्थिति न केवल पुलिस की गश्त और निगरानी पर सवाल उठाती है,बल्कि जिले की कानून-व्यवस्था को भी कठघरे में खड़ा करती है।

पुलिस की निष्क्रियता,जनता का भरोसा उठा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में पुलिस से जनता का भरोसा जीतने की बात कही थी,लेकिन गोण्डा जिले की स्थिति इसके ठी क उलट है लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं ने पुलिस के इकबाल को कमजोर किया है,लोग स वाल उठा रहे हैं कि आखिर गोण्डा पुलिस इन अप राधों को रोकने में क्यों नाकाम हो रही है...? क्या अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे पुलिस को चुनौती दे रहे हैं...? स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की सुस्ती और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की कमी ने स्थिति को औ र गंभीर कर दिया है।

बीस साल चली दुश्मनी,कई लोगों ने गवाई जान, अंशुमान हत्याकांड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गां व में दशकों पहले भी दो पक्षों में जमीन और वर्च स्व के लिए गोली चली थी।वर्ष 2004 में शिवाजी सिंह और बांके के बीच कई राउंड गोलियां चलाई गयी थीं,जिसमें एक युवक की मौत भी हुई थी। नाबालिग छात्र अंशुमान सिंह हत्याकांड गांव के रक्तरंजित इतिहास की तीसरी घटना बताई जाती है।इन घटनाओं के बाद भी इलाकाई पुलिस ने सत र्कता नहीं बरती,जिसका नतीजा आज सामने है। मनबढ़ों ने अवैध पिस्तौल से अंशुमान की हत्या कर दी और पुलिस की पकड़ से दूर हैं।नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव के पट्टी बलराज सिंह गांव में बुधवार की रात की गयी अंशुमान सिं ह की हत्या में पुलिस पांचवे दिन भी मुख्य आरोपी और आला कत्ल से कोसों दूर है।आरोपियों के घरों और गांव में कई जगह पीएससी के जवान तैनात हैं।वहीं इस हत्याकांड में एक नया मोड़ आया है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस को मृतक का मोबाइ ल फोन फार्मेट अवस्था में मिला है,जिसका डाटा रिस्टोर करने के लिए भी पुलिस प्रयास कर रही है। बताते हैं कि तीन दिन पहले से ही अंशुमान को मा रने की योजना उसके दोस्त बना रहे थे।इस दौरान रोज शाम को चिकन-मटन और शराब के साथ ही हत्या का ताना-बाना बुना जा रहा था।दूसरी तरफ गांव वालों का कहना है कि मुख्य आरोपी विशेष सिंह अच्छा निशानेबाज है।उसे असलहों से भी खा सा लगाव है।उसने एक एयरगन भी खरीदी थी, जि ससे वह पेड़ों और पक्षियों पर निशाना साधता था और शिकार भी करता था।वह अपने पास लाखों रूपये की मोबाइल रखता था और मोटी सोने की चैन भी पहनता था,जो कि उसकी आर्थिक स्थिति से बिल्कुल अलग है।वह निशानेबाजी के लिए अवै ध असलहों का उपयोग भी करता था।वहीं दूसरी तरफ अंशुमान सिंह हत्याकांड के

पांच दिन बाद भी मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच पाई पुलिस की पांच टीमें

छावनी बना गांव,आरोपी और मृतक के घर पीएसी व पुलिस का कड़ा पहरा

पांचवे दिन भी पुलिस मुख्य आरोपी और आला कत्ल तक नहीं पहुंच सकी है,जिससे मृतक के परिजनों में आक्रो श बढ़ता जा रहा है।पुलिस आरोपियों की तलाश में उनके रिश्तेदारों के यहां भी दबिश दे रही है, ले किन नाकामी के सिवा कुछ हासिल नहीं हो रहा है।मृतक के चाचा चंद्र प्रकाश ने बताया कि अंशुमा न का मोबाइल जब पुलिस को सौंपा गया तो लॉक था।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतक का मोबाइल फार्मेट अवस्था में मिला है।ऐसे में मोबाइ ल किसने और क्यों फार्मेट किया,यह भी हत्याकांड की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

बहराइच के विद्यार्थियों ने विस्टाडोम ट्रेन से भ्रमण कर देखा दुधवा और कतर्नियाघाट

ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की पहल, अधिकारियों ने छात्रों को विस्तार से जानकारी दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने और युवाओं को ईको पर्यटन के प्रति जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को बहराइच के महाराज सिंह इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कालेज और आज़ाद इंटर कॉलेज के 30 विद्यार्थियों को विस्टाडोम ट्रेन से दुधवा नेशनल पार्क और कतर्नियाघाट का भ्रमण कराया गया।

सभी विद्यार्थी युवा टूरिज्म क्लब के सदस्य थे जो कि पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में सुबह 10 बजे कतर्नियाघाट पहुंचे। यहां उन्हें इंटरप्रिटेशन सेंटर और घड़ियाल सेंटर का भ्रमण कराया गया। इंटरप्रेटेशन सेंटर में वन विभाग द्वारा 30 मिनट की प्रस्तुति दी गई, जिसमें इको-टूरिज्म के विषय में जानकारी साझा की गई। इसके बाद सुबह 11:40 बजे बच्चों को बिछिया रेलवे स्टेशन से पलिया कला रेलवे स्टेशन तक विस्टाडोम कोच में यात्रा कराई गई। रास्ते भर छात्राओं ने प्रकृति की मनोरम छवियों को देखा, जंगलों की जैव विविधता को निहारा और वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझा। इस दौरान छात्राओं को दुधवा और कतर्निया के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र, बाघों, दलदली बारहसिंगा, गैंडों और दुर्लभ पक्षियों की जानकारी दी गई। छात्राएं जंगल की शांति और प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत दिखीं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि, युवा टूरिज्म क्लब के माध्यम से हम नई पीढ़ी को न केवल राज्य के पर्यटन स्थलों से जोड़ रहे हैं, बल्कि उनमें प्रकृति और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित कर रहे हैं। यह अभियान उत्तर प्रदेश को ईको टूरिज्म के राष्ट्रीय मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करेगा।

युवाओं के लिए प्रेरणा का जीवंत मंच है युवा चेतना समिति : कुलपति प्रो. पूनम टंडन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। समाज निर्माण, सांस्कृतिक चेतना और युवा सशक्तिकरण की दिशा में समर्पित युवा चेतना समिति, गोरखपुर ने वर्ष 2025 में अपने रजत जयंती वर्ष का प्रथम भव्य आयोजन बैंक रोड स्थित होटल विवेक में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर रजत जयंती प्रतीक चिन्ह, ''युवा चेतना गीत'', समिति की नवीन आधिकारिक वेबसाइट, एवं समिति के कुलगीत – जो वर्ष 1992 में प्रोफ़ेसर जगदीश लाल द्वारा लिखा गया था और डॉ. स्मिता मोदी द्वारा गाया गया, इसका लोकार्पण भी हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि युवा चेतना समिति सेवा, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में जिस सतत रचनात्मकता के साथ कार्य कर रही है, वह अनुकरणीय है। यह मंच केवल आयोजनों का नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना का प्रेरक माध्यम बन चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, प्रो. शिव शरण दास ने समिति की स्थापना यात्रा को स्मरण करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और असीम संकल्पशक्ति के साथ प्रारंभ हुई यह संस्था आज विचारशील युवाओं की प्रयोगशाला बन चुकी है। यह केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक विचारधारा है।उन्होंने कहा कि पूर्वांचल कि प्रतिभा के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विभूतियों को श्रमवीर और कर्मवीर सम्मान दिया गया।

विशिष्ट अतिथि पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रकाश चंद्र जायसवाल ने समिति के तीन दशक से अधिक की सेवा को प्रेरणादायक बताते हुए इसे समाज सेवा की जीवंत चेतना की संज्ञा दी। डॉ. हर्ष सिन्हा ने समिति की 25 वर्षों की गरिमामयी उपलब्धियों की सराहना करते हुए प्रख्यात कथाकार कमलेश्वर के माध्यम से भारतीय संस्कृति के सम्मान का उदाहरण प्रस्तुत किया और समिति द्वारा दिए जाने वाले कर्मवीर सम्मान एवं फिराक सम्मान को अभिनंदनीय बताया।

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता । कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की फ र्जी बैनामा कराने वाले दो आरोपियों को मनकापुर कोतवाली पुलिस ने रविवार क़ो संदीप निगम,और अभिषेक कुमार कश्यप को झिलाही क्रासिंग मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।मनकापुर कोतवा ली क्षेत्र के अमवा माफी गांव के रहने वाले बदलू पु त्र ठाकुरदीन की तहरीर पर कोतवाली मनकापुर में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विपक्षीगणों ने जमी न बैनामा करा लेने के सम्बन्ध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था।जिसमें विवेचना के दौरान दो और नाम प्रकाश में आए थे,पुलिस आरो पियों की तलाश में जुटी थी।प्रभारी निरीक्षक मनो ज पाठक ने बताया कि रविवार क़ो उप निरीक्षक पिंटू यादव,हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार गुप्ता,व कां स्टेबल दुर्गेश चौधरी की टीम ने संदीप निगम पु त्र हरिहर नारायण निवासी आर्यनगर थाना नाका जनपद लखनऊ व अभिषेक कुमार कश्यप पुत्र वि जय कुमार कश्यप निवासी रिंग रोड फरीदनगर थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ झिलाही क्रासिंग मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।दोनों के खि लाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बहराइच जेठ मेला आयोजन हेतु अनुमति न देने सम्बन्धी प्रशासन के आदेश पर हस्तक्षेप करने से उच्च न्यायालय द्वारा किया गया इंकार

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । दरगाह जेठ मेला के आयोजन हेतु प्रशासन द्वारा वर्तमान परिस्थिति में कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत अनुमति प्रदान न किये जाने के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-रिट सी-4426/2025 वक्फ नं0-19 दरगाह शरीफ बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य व सम्बद्ध याचिका पी0आई0एल0नं0-458/2025 मोहम्मद मसूद अली व 04 अन्य बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य तथा सम्बद्ध यचिका पी0आई0एल0-463/2025 अजय कुमार त्रिपाठी व 05 अन्य बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा सभी पक्षों को सुनकर अपने आदेश दिनांक 17-05-2025 में प्रशासन द्वारा जेठ मेला के आयोजन हेतु अनुमति न दिये जाने सम्बन्धी आदेश को यथावत रखते हुये किसी प्रकार का हस्तक्षेप किये जाने से इन्कार किया गया है तथा दरगाह प्रबन्ध समिति को यह निर्देशित किया गया है कि समिति यह सुनिश्चित करेगी कि श्रद्धालु सीमित संख्या में नियमित रूप से आयें, जिससे किसी भी प्रकार की भगदड़ व अवांछित स्थिति की सम्भावना से बचा जा सके और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हों एवं प्रशासन के लिए कठिनाई उत्पन्न न हो।

मण्डलीय खरीफ खाद्यान्न उत्पादकता गोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे जिले के किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में 19 मई 2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से आयोजित होने वाली मण्डलीय खरीफ खाद्यान्न उत्पादकता गोष्ठी 2025 में प्रतिभाग करने हेतु संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत जनपद के 50 कृषकों का दल रवाना हुआ। कृषि भवन के मुख्य गेट जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्रीमती प्रिया नंदा ने हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण दल में सम्मिलित कृषकों की बस को कुमारगंज अयोध्या के लिए रवाना किया।

उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने भ्रमण दल में शामिल किसानों से अपेक्षा की कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी प्राप्त कर अपने आसपास के किसानों को भी जागरूक कर लाभान्वित करें। श्री वर्मा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि गोष्ठी में हासिल की गई जानकारी से जिले के किसान लाभान्वित होंगे। जिससे कृषि प्रधान जनपद में कृषकों की उत्पादकता में वृद्धि होने से उनकी आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कृषकों का आहवान किया कि भ्रमण के दौरान नव विकसित प्राकृतिक खेती तकनीक का अध्ययन अवश्य करें तथा जनपद वापस आकर दूसरे किसानों से भी अपने अनुभव साझा कर उन्हें भी लाभान्वित करने में सहयोग करें।

कुमारगंज अयोध्या के लिए रवाना 50 कृषको का दल

चिल्लूपार के अस्पतालों का स्वास्थ्य ठीक करने के लिए उप मुख्यमंत्री से मिले विधायक राजेश त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बड़हलगंज। चिल्लूपार क्षेत्र के बड़हलगंज, गोला, उरुवा, पकड़ी, बड़गो, नेवाइजपार, डेरवा, मिश्रौली, भांटपार, पोहिला, अरांव जगदीश के पीएच.सी. , सी.एच.सी. में विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी, जर्जर विल्डिंग, टूटी चारदीवारी, मौजूदा स्टाफ की मनमानी, पीकू स्टाफ सर्विस को लेकर क्षेत्र के विधायक राजेश त्रिपाठी ने कल देर शाम उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा, स्वास्थ्य विभाग के मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की । उक्त आशय की जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से स्वयं देते हुए चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री श्री पाठक जी से उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी अस्पतालों में पर्याप्त विशेषज्ञ चिकित्सक और पैरा मेडिकल स्टाफ देने की मांग की ।साथ ही उरुवा बाजार के जर्जर पीएचसी विल्डिंग की विशेष मरम्मत कराकर उसको शीघ्र पूरी तरह से फिर से संचालित करने की मांग की तथा अरांव जगदीश स्थित सी.एच.सी. को पूरी तरह संचालित करने के आवश्यक स्टाफ, चिकित्सकीय और रिहायशी सुविधायें बढाने की भी मांग की ।

पूर्व मंत्री श्री त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने बड़हलगंज सी.एच.सी. जो दो नेशनल हाई-वे गोरखपुर-वाराणसी और अयोध्या-जनकपुर के मध्य स्थित है, उसे ट्रामा सेंटर के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है ताकि हाई -वे पर आसन्न दुर्घटना की स्थिति में घायलों की जान बचाने के लिए नजदीकी विकल्प मौजूद हो जाए और और साथ ही स्थानीय मरीज भी उसका भरपूर लाभ ले सकें ।

विधान मंडल दल सचेतक राजेश त्रिपाठी ने पोहिला सी.एच.सी. के पहुंच मार्ग बनवाकर वहां स्टाफ की नियुक्ति कर अस्पताल संचालित करने, भांटपार अतिरिक्त प्राथमिक चिकित्सालय की जर्जर विल्डिंग की मरम्मत कर डाक्टर उपलब्ध कराने, मिश्रौली हास्पीटल की चारदीवारी बनाने, नेवाइजपार हास्पीटल में मेडिकल स्टाफ और डाक्टर देने के साथ गोला बाजार सी.एच.सी. के रिहायशी भवनों की मरम्मत कर उसे रहने योग्य बनाने के साथ-साथ अस्पताल परिसर के उत्तर तरफ चारदीवारी लगाकर परिसर को शेफ करने और कैम्पस में अवैध मेडिकल स्टोर चलाने पर रोक लगाकर मुख्य द्वार का ही प्रयोग करने के लिए उप मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया ।

इस सभी अस्पतालों के साथ डेरवा, बड़गो, पकड़ी सहित अन्य अस्पतालों के रखरखाव, डाक्टर और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता पर वार्ता हुई ।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण विन्दु बड़हलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य अस्पतालों में सी.एस.आर. फंड से निर्मित बच्चों के

माधोटांडा रेलवे क्रासिंग पर रोजाना लग रहा जाम, सपा नेता ने ओवरब्रिज की करी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।माधोटांडा रेलवे फाटक चंद मिनट के लिए ही बंद होने पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग जाती हैं। जाम की समस्या इस कदर है कि करीब दो से ढाई घंटे समय इसमें बर्बाद होते हैं। इससे क्रासिंग से गुरजने के लिए लोगों के अलावा स्कूली बच्चों को जाम से परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह हाल तब है जब इस समय मात्र एक ट्रेन चल रही है। आगामी समय में अधिक ट्रेनों के संचालन पर तो यह समस्या काफी बड़ी हो जाएगा। नदीम खान अजहरी ने क्रासिंग पर अंडरपास या ओवरब्रिज बनवाने की मांग की है। इसे लेकर सांसद को ज्ञापन भेजकर गुहार लगाई है नगर के माधोटांडा रेलवे फाटक से होकर उत्तरखंड के खटीमा को सड़क जाती है। बतादें कि पूरनपुर-पीलीभीत हाइवे पर खमरिया तिराहे के पास से होते हुए माधोटांडा रेलवे क्रासिंग को पार कर खटीमा के लिए सड़क है। इस मार्ग पर पूरनपुर से खटीमा की दूरी महज 45 किमी. बताई जा रही है। हालांकि पूरनपुर में माधोटांडा रेलवे क्रासिंग है।

इसपर अंडरपास और ओवरब्रिज बनाने की मांग लोग करते चले आ रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इस वक्त मैलानी से शाहगढ़ तक एक ट्रेन का संचालन हो रहा है। पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन आने और जाने के वक्त फाटक बंद रहता है। इस दौरान क्रासिंग पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग जाती है। लोगों का कहना है कि अभी लाइन पर दो ही ट्रेन का संचालन हो रहा है। जब अधिक ट्रेनों का संचालन होगा तब तो क्रासिंग पार करने के लिए घंटों तक जाम की समस्या का सामना करना पड़ेगा। इस समय भी रोजाना चंद मिनट के लिए ही फाटक बंद होने पर जाम की समस्या बन रही है। इससे लोग परेशान हैं। समस्या के निस्तारण के लिए नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के लोगों ने सांसद को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि नगर के लाइनपार और पूरनपुर देहात के लोगों को रोजाना लाइन के इस तरफ तहसील, थाना, स्वास्थ्य केंद्र, बैंक व बच्चों को स्कूलों में आना-जाना होता है। जाम की समस्या से उनको बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समय की मांग के अनुसार इस पर रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास या ओवरब्रिज बनाया जाना चाहिए। ताकि जाम की झाम का सामना न करना पड़े। मांग करने वालों में नदीम खान अजहरी, नोमान अली वारसी, अनिल कुमार,आरिश खान रामचन्द्र, आकाश कुमार , सलमान, अमन यादव , सोयल,सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

बच्चों को खेल और कहानी के माध्यम से संस्कार देना चाहिये : आचार्य शान्तनु जी महाराज

लालपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में यूपी सरकार के दो मंत्रियों ने किया पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जामो विकास क्षेत्र के गांव लालपुर में पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के सप्तम दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान के प्रथम पुत्र के रूप में प्रद्युम्न जी प्रकट हुये जिन्हे सम्बरासुर नें हरन कर लिया बाद में उसका वध करके अपनी पत्नी सती के साथ द्वारिका वापस आये हैं।भगवान का दूसरा विवाह जामवन्त जी की पुत्री जाम्बवती से हुआ भगवान और जामवन्त जी में सत्ताइस दिन तक युद्ध हुआ अठाइसवें दिन जामवन्त जी पहचान गयें कि आप ही हमारे त्रेता के राम जी हैं और भगवान से अपनी पुत्री का विवाह कर दिया। भगवान का तीसरा विवाह सत्राजित की पुत्री सत्यभामा जी के साथ हुआ। कथा व्यास ने कहा कि भगवान का चतुर्थ विवाह कालिन्दी जी के साथ हुआ है।भगवान का पांचवां विवाह मित्रवृन्दा और छठां विवाह कौशलनरेश नग्नजित की पुत्री सत्या तथा सातवां विवाह भद्रा के साथ आठवां विवाह लक्ष्मणा जी के साथ हुआ। इस प्रकार भगवान की ये आठ पटरानियां हुयीं और भगवान का सोलह हजार एक सौ विवाह नरकासुर नामक राक्षस की कैद में बन्दी राजकुमारियों के साथ हुआ कालान्तर में सभी रानियों से दस दस पुत्र और एक एक पुत्री का जन्म हुआ और भगवान सानन्द गृहस्थ आश्रम का पालन करते हुये सानन्द रहने लगे। उन्होंने कहा कि भगवान अपने बाल गोपाल परिकरों को नित्य संस्कार और शिक्षा देते थे इसलिये हमें भी अपने बच्चों को खेल और कहानी आदि के माध्यम से संस्कार देना चाहिये।भगवान नें जरासंध का भीम जी के हाथों वध करवाया है और पाण्डवों के राजसूय यज्ञ को पूर्ण करवाया है।अंत में शुकदेव जी नें भगवान के दीनबन्धुता की कथा के रूप में सुदामा जी की कथा सुनाई है।भगवान के सखा और परम भक्त सुदामा जी विशुद्ध ब्राह्मन वृत्ति से जीवन यापन करते हुये भगवान का भजन करते थे घर में बहुत विपन्नता थी उनकी पत्नी शुशीला के कहने पर चार मुट्ठी चावल लेकर भगवान से मिलने गये हैं भगवान नें अपने मित्र का बहुत स्वागत किया है और उनके पत्नी के मनोभाव को समझते हुये उन्हें धनधान्य से परिपूर्ण कर दिया और अंत में महाराज जी नें भागवत जी के महात्म्य को बताते हुये विभिन्न भजनों के माध्यम से भगवान का गुणगान करते हुये कथा को विश्राम किया है और सम्पूर्ण श्रोता समाज आनन्द से परिपूर्ण हो गया।इस मौके पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, दया शंकर मिश्रा दयालु, नगर निगम अयोध्या के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, बाराबंकी के विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह,पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, रमेश सिंह, मनीष सिंह,आदित्य पाण्डेय, शुभम सिंह,कुंवर प्रदीप सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, पंकज तिवारी सहित अपार संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

एक कुंतल गांजा के साथ अंतर्जनपदीय तस्कर त्रिलोचन गिरफ्तार

थाना एएनटीएफ बाराबंकी व गौरीगंज पुलिस टीम ने दो लग्जरी कार और तीस हजार रुपया किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,थाना गौरीगंज व थाना एएनटीएफ बाराबंकी की संयुक्त टीम द्वारा अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्कर को एक कुंतल से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसकी अनुमानित कीमत पच्चीस लाख रुपया बताई जाती है। पुलिस टीम ने तीस हजार छह सौ रुपया नकद के साथ ही घटना में प्रयुक्त बलेनो कार को बरामद कर एक क्रेटा कार को सीजकर दिया गया है।थाना एएनटीएफ बाराबंकी के उप निरीक्षक पुरुषोत्तम विश्वकर्मा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जनपद अमेठी क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध गांजा ले जाकर बेचने वाला है।उक्त सूचना पर उप निरीक्षक पुरुषोत्तम विश्वकर्मा मय टीम सुरागरसी अवैध मादक पदार्थ व तस्कर की गिरफ्तारी हेतु जनपद अमेठी आये जहां मुखबिर द्वारा पुनः सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति थाना क्षेत्र गौरीगंज अन्तर्गत सम्राट फैक्ट्री के लिंक रोड पर बलेनो गाड़ी में अवैध मादक पदार्थ (गांजा) लेकर खड़ा हुआ है। उक्त सूचना से थाना गौरीगंज पुलिस के साथ संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर दबिश देकर खड़ी बलेनो कार को घेर लिया गया।ड्राइविंग सीट पर बैठे व्यक्ति द्वारा गेट खोलकर भागने का प्रयास करने पर व्यक्ति को पकड़ लिया गया और नाम पता पूंछने पर उपरोक्त व्यक्ति ने अपना नाम त्रिलोचन गिरि पुत्र स्वर्गीय कैलाश गिरि निवासी ग्राम पूरे गोसाईं, जंगलरामनगर थाना व जनपद अमेठी बताया। भागने का कारण पूछने पर त्रिलोचन गिरि ने बताया कि मेरे पास अवैध मादक पदार्थ (गांजा) है।पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन बीनू सिंह एएनटीएफ यूनिट लखनऊ की मौजूदगी में पकड़े गये व्यक्ति की जामा तलाशी से एक अदद वीवो फोन, तीस हजार छह सौ रुपया नगद,एक अदद आधार कार्ड बरामद हुआ व बलेनो कार संख्या यूपी 36 के 0501 की तलाशी से डिग्गी में दो बोरों में कुल चौदह पैकेट गांजा बरामद हुआ है।बरामद गांजे के सम्बंध में गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि मैं अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बेचने का काम करता हूं। मैंने कुछ गांजा को अपने घर में जानवरों के बांधने की जगह पर जमीन में प्लास्टिक के ड्रम में गाड़ कर व कुछ गांजा को बोरियों में रखकर कण्डे व भूसे के नीचे छिपाकर रखा है। पुलिस टीम द्वारा तस्कर के बताये गये स्थल पूरे गोसाईं जंगलरामनगर थाना व जनपद अमेठी पहुंचकर त्रिलोचन गिरि के घर के बगल बने अहाते के अंदर टीनशेड में जहां जानवर बांधे जाते हैं उसके नीचे खोदकर देखा गया तो जमीन के नीचे नीले रंग के ड्रम में कुल चार पैकेट गांजा बरामद हुआ। उक्त स्थल के अगल बगल कण्डों व भूसे के नीचे से कुल तीन बोरी गांजा बरामद हुआ। पैकेट/बोरियों से बरामद गांजा का वजन करने पर कुल एक कुंतल दो सौ ग्राम पाया गया और पास खड़ी काले रंग की हुण्डई क्रेटा कार संख्या यूपी 36 एक्स 1268 के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुनः पूछताछ में तस्कर ने बताया कि मैं यह गांजा अमित कुमार जो कस्बा मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ का रहने वाला है उससे सस्ते दाम पर खरीद कर यहां लाकर ऊंचे दाम पर बेंच देता हूं उपरोक्त क्रेटा कार को भी मैं प्रायः गांजा तस्करी में प्रयोग करता हूं।गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

पीलीभीत।विकासखंड क्षेत्र बरखेड़ा के अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय रम्मपुरा नत्थू के बच्चों ने स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर विद्यालय में साफ सफाई की हैं।प्राथमिक विद्यालय

रम्मपुरा नत्थू की प्रधानाध्यापिका जयकिरण ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों से कहा कि कूड़ा कचरा डस्टबिन में ही डालें पॉलिथीन का प्रयोग करना बंद करें। अपने आसपास साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें ना खुद गंदगी करें और ना औरों को गंदगी करने दे। अपनी कक्षा और विद्यालय परिसर में गंदगी ना करें। साथ ही जिनके घरों में फ्रिज और गमले आदि में अधिक दिनों से भरे पानी को माता-पिता या परिवार के अन्य सदस्यों से हटवाने के लिए कहे ताकि मच्छर पैदा ना हो सके। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है।

महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से चार वैवाहिक जोड़े पुनः साथ रहने को हुये राजी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददातीी । जनपद अमेठी में महिला थाना पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही रिश्तों को भी मजबूत कर रही है।महिला थाना की थानाध्यक्ष कंचन सिंह के प्रयास से चार वैवाहिक जोड़े पुनः साथ रहने को राजी हुये हैं। पुलिस द्वारा सबको आगामी जीवन के मंगलमय की शुभकामनाएं दी गई हैं।मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत शनिवार को महिला थाना की थानाध्यक्ष कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति पत्नी के बीच चल रहे विवादों के सम्बंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुये पति पत्नी को साथ रहने के लिये समझाया गया जिसमें चार वैवाहिक जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिये सहमत होकर घर गये तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया। अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई हैं।

जायस पुलिस ने पैंतालिस ग्राम स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

तिलोई अमेठ कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना जायस पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों पर शिकंजा कसने की शुरुआत कर दी है। पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पैंतालिस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की कार्यशैली से इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में खलबली मच गई है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अल्लू पुत्र मुन्नू निवासी मोहल्ला कंचाना थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब पचपन वर्ष को पैंतालिस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।इस सम्बंध में थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

कनाडा भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कनाडा भेजने के नाम पर पूरनपुर के रहने वाले विकास गुप्ता से होप इमिग्रेशन सितारगंज ने युवक से लाखों की ठगी की गई। बैंक में खाता खुलवाकर मोटी रकम वसूल कर फर्जी वीजा पकड़ा दिया गया पासपोर्ट मांगने पर लगातार पासपोर्ट मे वीजा चढ़ने की बात कहकर टालता रहा युवक को शक होने पर वीजा की छानबीन की तो पता चला वीजा फर्जी है युवक ने एसपी को दिए शिकायती पत्र मे अपने साथ ब अपने भविष्य के साथ हुये खिलवाड का आरोप लगाकर सख्त कार्रवाई की मांग की और कहा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले दरिंदो पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही

टोल प्लाजा पर किसानो के ट्रैक्टर-ट्राली से भी वसूला जा रहा टोल टैक्स

पीलीभीतकैनविज टाइम्स संवाददाता । राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव बिठौरा व पीलीभीत के बीच में एनएचएआई की ओर से लगाए गए टोल प्लाजा पर क्षेत्र के किसानों की ट्रैक्टर-ट्रालियों का भी टोल टैक्सा काटा जा रहा है जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों में रोष है।पूरनपुर के किसान रोहित पुत्र अशोक ने बताया कि वह अपनी ट्रैक्टर-ट्राली पर अपने खेत से गेहूं की फसल पीलीभीत मंडी में बेचने के लिए जा रहा था। जब वह टोल पर पहुंचा तो टोल कर्मचारियों ने उसे टोल टैक्स देने के लिए कहा। उसने कहा कि किसान के ट्रैक्टर ट्राली का टोल क्यों काटा जा रहा है लेकिन उसके बाद भी वो नहीं माने इतना ही नहीं उन्होंने टोल टैक्स की जो पर्ची काट दी उसने कहा कि 1 मई से सरकार के नियम किसानों के लिए बदल गये टोल टैक्स कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ मनमानी कर उनका शोषण किया जा रहा है जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों में रोष है।

विशाल भंडारे का आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के ऐतिहासिक काली माता मन्दिर पर भाजपा नगर अध्यक्ष द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर माता काली के जयकारे लगाए। भंडारा सुबह से शाम तक अनवरत चला। भंडारे में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार ,नायब तहसीलदार ऋषि कुमार,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, पीसी चेयरमैन सुरेश गंगवार, बजरंग दल प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा , संजय मिश्रा, प्रदीप सिंह मुखिया ,अंबर मिश्रा, मानस शुक्ला सूरज बाथम,अशोक राजा, रासु सक्सेना, गौरव जयसवाल ,उदितसिंह नवनीत मिश्रा, अनुज गुप्ता, विपिन सिंह, राहुल जायसवाल आदि ने प्रसाद ग्रहण किया है।

ब्राह्मण समाज ने प्रदर्शन कर फूंका अखिलेश का पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सहकारी बैंक के डायरेक्टर कृष्ण नारायण तिवारी उर्फ किन्नू तिवारी की अगुवाई में ब्राह्मण समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी और उनके मुखिया अखिलेश यादव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए। कलेक्ट्रेट के सामने अखिलेश यादव का पुतला फूंका। यह कार्रवाई समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के एक्स एकाउंट से उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को लेकर दिए गए विवादित व आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध में की गई। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर किन्नू तिवारी ने कहा ब्राह्मण, समाज का प्रबुद्ध वर्ग हैं। समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल द्वारा डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी की निंदा करते हुए किन्नू तिवारी ने कहा यह समाजवादी पार्टी के लिए ताबूत की कील साबित होंगी। सपा को इसका अंजाम 2027 चुनाव में भुगतना पड़ेगा। प्रदर्शन में शामिल सनी मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज भारतीय संस्कृति का आधार है। उन्होंने कहा ब्राह्मण समाज समाजवादी पार्टी की गन्दी व गाली गलौज वाली राजनीति को सबक सिखाएगी। विरोध प्रदर्शन में रमेश शर्मा प्रधान, रमेश उपाध्याय, अखिलेश शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, शुभम द्विवेदी एडवोकेट, राजेश मिश्रा, सुधांशु तिवारी, शुभम तिवारी, प्रवीण मिश्रा, ज्ञान पाण्डेय,शैलेश पाण्डेय समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

नोटरी एडवोकेट के चैंबर का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।वर्ष 2024 में भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा एडवोकेट जराफत अली की पत्नी रानी वी की नियुक्ति हुई थी जिसमें शनिवार को समस्त अधिवक्ताओं के बीच एडवोकेट नोटरी रानी वी के चेंबर का उद्घाटन हुआ जिसमें समस्त अधिवक्ता शामिल हुए कुछ अधिवक्ताओं ने नोटरी एडवोकेट से नोटरी भी कराई चेंबर को प्रमुख रूप से सजाया गया था तहसील क्षेत्र में अपनी पहचान बन चुके एडवोकेट जराफत अली की पत्नी के चेंबर को खोलते ही अधिवक्ताओं सहित नगर के लोगों ने भी चेंबर में पहुंचकर मुबारकबाद दी उसके बाद लोगों का मुंह मीठा करा कर एडवोकेट नोटरी ने उन्हें विदा किया जिसमें प्रमुख रूप से एडवोकेट जराफत अली के साथ एडवोकेट सुशील कुमार, एडवोकेट मुकेश श्रीवास्तव ,एडवोकेट मुकेश गुप्ता,प्रधान पति फैय्याज मास्टर, सपा नेता नोमान अली वारसी ,एडवोकेट अशरफ अली सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे ।

प्राथमिक शिक्षक संघ की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय की अध्यक्षता में अध्यापक भवन सिरवारा रोड पर आयोजित की गई। बैठक सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुई। जिलामंत्री राम आशीष मौर्य ने संगठन के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया तथा जिले की संगठनात्मक स्थिति, शिक्षकों की समस्याएं और उनके समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन अनुशासन से चलता है और प्रत्येक पदाधिकारी को अनुशासित रहकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने जनपद को आश्वस्त किया कि संगठन हर समय शिक्षकों के साथ खड़ा है। अनुशासनहीनता संगठन विरोधी कार्य करने वाले शिक्षकों पर संगठन बायलॉज के अनुसार संवैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षकों से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें मूल अभिलेख सत्यापन, ओपीएस बहाली, शिक्षा मित्र से सहायक अध्यापक बनाए गए शिक्षकों की पुरानी पेंशन की बहाली, चयन वेतनमान में आ रही समस्याएं आदि पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय किया।

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कई कार्यों का किया शिलान्यास

पीलीभीत।मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की प्रेरणा से जितिन प्रसाद केन्द्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार एवं सांसद लोक सभा क्षेत्र पीलीभीत एवं संजय सिंह गंगवार, राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उत्तर प्रदेश सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में ललौरीखेड़ा ब्लाक परिसर में विधानसभा-127 पीलीभीत में कार्यों व मार्गों को शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया है, जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित हुये।विधानसभा-127 पीलीभीत के अन्तर्गत कुल 13 कार्य लम्बाई 25.44 किमी0 व लागत 2485.94 लाख का शिलान्यास तथा कुल 18 कार्य लम्बाई 42.69 किमी0 व लागत रू0-1305.15 लाख का लोकार्पण इस प्रकार कुल 31 कार्य लम्बाई 68.13 किमी0 व लागत रू0-3791.09 लाख का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। मंत्री द्वारा उक्त समस्त कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता से साथ बरसात से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,ब्लॉक निशान सिंह,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,ब्लॉक प्रमुख अजय गंगवार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देवी स्थान मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा व यज्ञ का पूर्ण आहुति व भंडारे के साथ हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास में समर्पित सेवा भक्ति सेवा सस्थान काशी वाराणसी के द्वारा 108 आयोजनों के अंतर्गत 86 वा आयोजन सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर पर चल रहा था जो आज दिनांक18 मई 2025 को पूर्ण आहुति व कन्या भोज भंडारे के साथ समापन हुआ जिसमें सामूहिक श्रीमद भागवत कथा व यज्ञ का अयोजन 11 मई को किया गया था सभी श्रद्धालु भक्तजन ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आचार्य पारस मणी जी महाराज का साथ निभाया वृंदावन व नैमिषारण्य से आए आचार्य पारस मणी जी महाराज ने 11 मई 2025 को वैदिक मंत्रों द्वारा पूजन अर्चन कर बड़ी धूमधाम से कलश यात्रा निकली गई थी पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर पर समर्पित सेवा भक्त सेवा संस्थान काशी वाराणसी के द्वारा चल रहे 86 वे अनुष्ठान का आज पूर्ण आहुति व भंडारे के साथ समापन हुआ सभी क्षेत्र वासियों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से भंडारे में अपना योगदान दिया भंडारे में सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों को देखने में मिला और युवा पीढ़ी के द्वारा भंडारे में बन रही सब्जी पूडी और खीर में कारीगरों का भरपूर सहयोग किया गया भंडारे का भोजन तैयार होने के बाद माता जी को भोग लगाकर फिर सभी भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया सबलपुर गांव की युवा पीढ़ी में बहुत ही श्रद्धा भाव से प्रसाद वितरण करवाया और ग्राम वासियों कि इस अटूट श्रद्धा भाव को देखते हुए समर्पित सेवा भक्त सेवा संस्थान काशी वाराणसी की ओर से आचार्य पारसमणी जी महाराज ने सभी श्रद्धालु भक्तजनों को सहृदय धन्यवाद कहा वहीं आचार्य शौर्य दीक्षित के द्वारा नित्य प्रतिदिन 6 बजे से वैदिक मंत्रों का पाठ व 8 बजे से वेदी पूजन व नित्य हवन का कार्यक्रम बड़े ही विधि विधान से करवाया जाता था वही कथा व्यास इंदु शेखर पांडे जी के द्वारा भक्तों को अपने मुखारविंदु से सुंदर कथा का रसपान कराते थे जिसे सुनकर सभी श्रोता मंत्र मुक्त हो गए नैमिषारण्य से चल कर आई मीरा साध्वी ने सुंदर-सुंदर भजनों सुनाकर सभी श्रद्धालु भक्तों को भाव विभोर कर दिया ।

सीवर में दर्दनाक मौतें

यह बेहद कष्टकारी व अमानवीय है कि 21वीं सदी में भी कुछ लोग हाथ से मैला साफ करने के व्यवसाय में लगे हैं। जहां सीवर में उतरते ही मौत उनका इंतजार कर रही होती है। लेकिन कोर्ट और सरकारों की सख्ती जमीन पर नजर नहीं आती। सरकार व स्थानीय निकाय यूं तो सीवर साफ करने के लिये कर्मचारी नहीं रखते, लेकिन ठेकेदारों के जरिये ये काम बदस्तूर जारी है। फलतरू सीवर में उतरने से मरने वालों को न तो मुआवजा मिल पाता है और न ही किसी की जवाबदेही तय हो पाती है। यह दुखद ही कि छह मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग फिर जिंदा नहीं लौट पाए। एक सप्ताह बाद, रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक -दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए। पंद्रह मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सैफ्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। निश्चित रूप से ये अलग-अलग दुर्घटनाएं नहीं हैं बल्कि ये व्यवस्था की विद्रूपता के चलते हुई हत्याएं हैं। जिसके कारक तंत्र की उदासीनता, अवैधता और जातीय विवशता में निहित हैं। विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। सुरक्षा उपकरण नदारद रहते हैं। अकसर इसकी जवाबदेही से बचा जाता है। बठिंडा में लोगों के विरोध के बाद एक निजी ठेकेदार के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज जरूर की गई, लेकिन फरीदाबाद और रोहतक में मामला दर्ज होने की कोई खबर नहीं है। दरअसल, अक्सर सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। आखिर इन ठेकेदारों को काम पर कौन रखता है। निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। आखिर सफाईकर्मियों से जुड़े सुरक्षा मानकों की निगरानी की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती? नगर पालिकाएं और राज्य एजेंसियां आउटसोर्सिंग की दुहाई देकर अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों से बच नहीं सकती। दुर्भाग्य से इन हादसों का स्याह पक्ष जातीय विद्रूपता भी है। अधिकांश सफाई कर्मचारी समाज में हाशिये पर पड़े समुदायों से आते हैं। सफाई जैसा महत्वपूर्ण काम करने के बावजूद उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। सीवर सफाई के लिये मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है। न्यायपालिका सख्ती से इसे रोकने को कहती है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है। किसी सफाईकर्मी के मरने पर कुछ समय तो हो-हल्ला होता है, मगर फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। वक्त की दरकार है कि नगर निकायों को इन हादसों के लिये सीधे जवाबदेह बनाया जाए। सीवर की सफाई से जुड़ी मौत के लिये स्वतरू कानूनी कार्रवाई, तत्काल मुआवजा और विभागीय कार्रवाई की जाए। मानवीय श्रम की जगह तकनीक के उपयोग से बहुमूल्य जीवन को बचाया जाना चाहिए। ये काम सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे। बदलाव व्यवहार में भी नजर आए। हमारे कानून को ठीक से लागू न कर पाने से किसी की दर्दनाक मौत नहीं होनी चाहिए। सीवर कर्मियों की मौत पर रोते-बिलखते और असहाय परिवारों का अंतहीन दर्द अब खत्म होना ही चाहिए। दुर्भाग्य से परिवार के कमाने वाले व्यक्ति के मर जाने के बाद उसके परिवार व बच्चों की परवरिश की कोई व्यवस्था नहीं होती। उन्हें मुआवजा देने से भी ठेकेदार बच जाते हैं। ऐसे परिवारों के पुनर्वास को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

नेताओं के बिगड़े बोल से आहत होती राष्ट्रीयता

नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, अनुशासन एवं संयम हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। युद्ध जैसे माहौल में सेना एवं उसके नायकों का मनोबल बढ़ाने की बजाय उनके साहस एवं पराक्रम पर छींटाकशी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। यह सही है कि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। यह चिंताजनक है कि इधर के वर्षों में कुछ भी बयान दे देने की बुरी आदत बढ़ रही है। बिगड़े बोल वाले नेता बेलगाम हो रहे हैं। कोई दो राय नहीं कि पहले राजनीतिक दलों और उसके बाद सरकारों को इस मोर्चे पर अनुशासन एवं वाणी संयम का बांध बांधना चाहिए । विजय शाह करीब आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, मतलब, अनुभवी नेता हैं, तो क्या वह चर्चा में रहने के लिए बिगड़े बोल का सहारा लेते हैं? सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं।

सेना के शौर्य पर सम्मान की बजाय अपमान के बिगड़े बोल को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ जाना स्वाभाविक है। कर्नल सोफिया और विंग कमांडर ब्योमिका सिंह के संबंध में क्रमशः मंत्री विजय शाह और सपा महासचिव राम गोपाल यादव द्वारा की गई टिप्पणियों पर राजनीतिक विवाद और कानूनी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। बड़ा प्रश्न है कि क्या धर्म और जाति के नाम पर वोट के लिए सेना और सेना से जुड़ी बेटियों के सम्मान को चोट पहुंचाई जाना उचित है? चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष वाणी का संयम अपेक्षित है। भारतीय राजनीति में बिगड़े बोल, असंयमित भाषा एवं कड़ावपन की मानसिकता चिन्ताजनक है। ऐसा लगता है ऊपर से नीचे तक सड़कछाप भाषा ने अपनी बड़ी जगह बना ली है। यह ऐसा समय है जब शब्द सहमे हुए हैं, क्योंकि उनके दुरूपयोग की घटनाएं लगातार जारी हैं। जब देश पहलगाम की त्रासद घटना एवं उसके बाद पाकिस्तान से बदला लेने की शौर्य की महत्वपूर्ण घटना के मोड़ पर खड़ा है, तब कुछ नेताओं के बिगड़े बोल बहुत दुखद और निंदनीय हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह एवं समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। विजय शाह को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग तेज हो गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विजय शाह की विवादास्पद टिप्पणी एक ऐसा दाग है, जिसे आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और मामला भी दर्ज हो गया, तो आश्चर्य नहीं । देश के नेताओं व मंत्रियों को ऐसी हल्की और स्तरहीन बातों से परहेज करना चाहिए। नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, अनुशासन एवं संयम हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। युद्ध जैसे माहौल में सेना एवं उसके नायकों का मनोबल बढ़ाने की बजाय उनके साहस एवं पराक्रम पर छींटाकशी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। यह सही है कि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। यह चिंताजनक है कि इधर के वर्षों में कुछ भी बयान दे देने की बुरी आदत बढ़ रही है। बिगड़े बोल वाले नेता बेलगाम हो रहे हैं। कोई दो राय नहीं कि पहले राजनीतिक दलों और उसके बाद सरकारों को इस मोर्चे पर अनुशासन एवं वाणी संयम का बांध बांधना चाहिए । विजय शाह करीब आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, मतलब, अनुभवी नेता हैं, तो क्या वह चर्चा में रहने के लिए बिगड़े बोल का सहारा लेते हैं? सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं। वह माफी भी मांग रहे हैं, तो साफ है कि उनका पद खतरे में है। अगर वह पहले ही सावधानी बरतते या गलती होते ही माफी मांग लेते, तो मामला इतना नहीं बढ़ता। विजय शाह का मामला थमा भी नहीं है कि मध्य प्रदेश के ही उप- मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी बिगड़े बोल को अंजाम दे दिया है। उनका मानना है कि देश की सेना प्रधानमंत्री के सामने नतमस्तक है। वास्तव में, ऐसी गलतबयानी से किसी के भी सम्मान में वृद्धि नहीं होती है। देश अभी-अभी एक संघर्ष से निकला है। यह एकजुटता और परस्पर समन्वय बढ़ाने के लिए संभलकर बोलने का समय है। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले बोल की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है, सेना का मनोबल प्रभावित हो रहा है, बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। राजनेताओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ बोलों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मर्यादा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। यह आज के अनेक नेताओं की आदत सी बन गई है कि एक गलती या झूठ छिपाने के लिए वे गलतियों और झूठ का अंबार लगा देते हैं। क्या यह सत्ता का अहंकार एवं नशा है? संसद में गलती एक बार अटल बिहारी वाजपेयी से भी हुई थी, उन्होंने तत्काल सुधार करते हुए कहा था कि चमड़े की जुबान है, फिसल जाती है। बेशक, अच्छा नेता वही होता है, जो गलतियां नहीं करता और अगर गलती हो जाए, तो तत्काल सुधारता है। जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उनके अच्छे-बुरे बोल व गलत-सही कारनामे इतिहास में दर्ज हो रहे हैं। ध्यान रखना होगा, पहले केवल शब्द वायरल होते हैं, पर अब शब्द के साथ वीडियो भी वायरल होता है। ध्यान रहे, समय के साथ मीडिया का बहुत विस्तार हुआ है और उसका एक बड़ा हिस्सा ऐसी ही गलतबयानी का भूखा है। उसे ऐसे ही बिगड़े बोल वाले कंटेंट की तलाश है। अतः कम से कम देश के जिम्मेदार दलों के नेताओं को कोई भी राष्ट्र-विरोधी अप्रिय या प्रतिकूल ध्वनि नहीं पैदा करनी चाहिए। अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। वोट के लिए धर्म, सम्प्रदाय, जाति, समाज किसी को भी नहीं छोड़ा जा रहा। पार्टी कोई सी भी हो, नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते लेकिन सेना नायकों पर टिप्पणियां बहुत ही घातक है। नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर वाणी असंयम एवं बिगड़े बोल में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निर्देशों की भी इन्हें परवाह नहीं है। पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी 'भारत विरोधी शक्तियां' एकजुट होकर राष्ट्रीय एकता एवं लोकतांत्रित मूल्यों के ताने-बाने को क्षत-विक्षित करना चाहती है। ऐसी शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं। उन्हें नेताओं के बिगड़े बोलों से ऊर्जा मिलती है। सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले नेताओं का भविष्य भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर देश एवं दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया में बढ़ सकती है। जरूरत है कि हमारे राजनीति दल अपनी सोच को परिपक्व बनाये, मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे। राजनीतिक सिस्टम की रोग मुक्ति, स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र का आधार होगा। राष्ट्रीय चरित्र एवं राजनीतिक चरित्र निर्माण के लिए नेताओं एवं उनके दलों को आचार संहिता से बांधना ही होगा। अब तो ऐसा भी महसूस होने लगा है कि देश की दंड व्यवस्था के तहत जहां 'हेट स्पीच' या बिगड़े बोल को नये सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है वहीं इस समस्या से निपटने के लिए 'हेट स्पीच' एवं बिगड़े बोल को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? – ललित गर्ग

डिजिटल युग में बचपन और रिश्तों का संकट

प्रियंका सौरभ

डिजिटल युग ने जहां हमारी दुनिया को एक-दूसरे के बेहद करीब ला दिया है, वहीं इसके प्रभाव ने बच्चों के जीवन और पारिवारिक रिश्तों में गहरे बदलाव भी ला दिए हैं। आज के बच्चे आँगन की मिट्टी छोड़कर स्मार्टफोन, टैबलेट और गेमिंग की आभासी दुनिया में खोते जा रहे हैं। उनका बचपन अब स्क्रीन की चकाचौंध में डूबा है, जिससे न केवल पारिवारिक रिश्ते कमजोर हो रहे हैं, बल्कि उनकी मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक सेहत पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।कुछ दशक पहले का बचपन आज से बिलकुल अलग था। आँगन में कंचे खेलना, मिट्टी में खेलना, दौड़-भाग और गली-मोहल्ले में दोस्तों के साथ मस्ती करना, हर बच्चे की जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा था। बच्चे पसीने से तरबतर होकर घर आते थे। माँ की ममता भरी थपकी और दादी की कहानियाँ उनके दिन की खुशी का आधार हुआ करती थीं। उस वक्त डिजिटल उपकरणों का नामोनिशान भी नहीं था।आज का बचपन बदले हुए दौर की पहचान है। बच्चे मोबाइल फोन, टैबलेट और वीडियो गेम्स की दुनिया में उलझे रहते हैं। वे घंटों एक छोटी सी स्क्रीन के सामने बैठकर आभासी पात्रों के साथ लड़ते-झगड़ते हैं, लेकिन असली दुनिया से उनकी दूरी बढ़ती जा रही है। वे पारिवारिक संवाद और वास्तविक सामाजिक मेलजोल से दूर हो रहे हैं।मनोवैज्ञानिक और शोधकर्ता इस बात पर सहमत हैं कि बच्चों में स्क्रीन टाइम का अत्यधिक उपयोग उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए नुकसानदायक है। राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 12-18 वर्ष के लगभग 75% बच्चे दिन में चार से छह घंटे तक मोबाइल या टैबलेट का उपयोग करते हैं, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक इस उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम दो घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। अधिक देर तक स्क्रीन देखने से बच्चों की नींद प्रभावित होती है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता घटती है और मानसिक तनाव बढ़ता है। इससे अवसाद, चिड़चिड़ापन और अकेलेपन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। साथ ही शारीरिक रूप से भी वे सक्रिय नहीं रहते, जिससे मोटापा, दृष्टि की कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं।परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे के साथ समय बिताने की बजाय अपने-अपने मोबाइल या डिजिटल उपकरणों में खोए रहते हैं। भोजन करते समय भी अधिकतर लोग फोन पर व्यस्त रहते हैं। बच्चों के साथ संवाद की कमी उनके और माता-पिता के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ा रही है। बच्चे अपने मन की बात कहने में संकोच करते हैं, जिससे उनका मनोबल कमजोर होता है। परिवार में संवाद की कमी से बच्चों की समझ और सहानुभूति विकसित नहीं हो पाती। वे अपनी भावनाओं को सही ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते, जो रिश्तों में दरार का कारण बनता है। इसका असर उनकी सामाजिक व्यवहार, दोस्ती और रिश्तों की गुणवत्ता पर भी पड़ता है।स्क्रीन के सामने बिताया गया अधिक समय बच्चों के सामाजिक कौशल को प्रभावित करता है। वे वास्तविक जीवन के संपर्क में कम आते हैं, जिससे उनकी संवाद क्षमता, सहनशीलता और टीम भावना कमजोर होती है। बच्चे जो जीवन के अनुभवों और अलग-अलग लोगों से मिलने-जुलने से सीखते हैं, वे अनुभव डिजिटल माध्यम से पूरी तरह से नहीं हो सकते। भावनात्मक विकास के लिए भी पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक मेलजोल की जरूरत होती है। बच्चे अपनी खुशियों, दुखों और परेशानियों को परिवार या करीबी दोस्तों के साथ बांटकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। परंतु डिजिटल युग में इस आदत का टूटना, बच्चों को अकेला और असहाय महसूस कराता है।आज के बच्चे अपनी दोस्ती को 'फॉलोअर्स', 'लाइक्स' और 'कमेंट्स' तक सीमित कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जो मित्रता होती है, वह अक्सर सतही और अस्थायी होती है। आभासी मित्रों से मिलने वाली स्वीकार्यता अस्थायी संतुष्टि देती है, लेकिन असली जीवन के कठिन समय में वे समर्थन नहीं दे पाते। गेमिंग की दुनिया में बच्चे जीतने के लिए कई बार आपस में लड़ते हैं, झूठ बोलते हैं या अनैतिक रास्ते अपनाते हैं। यह उनकी नैतिकता और व्यवहार को प्रभावित करता है। खेलों की इस प्रतिस्पर्धा में बच्चों का आपसी प्रेम और सम्मान कम होता जा रहा है। बच्चों के इस डिजिटल मोह को समझना और नियंत्रित करना आज माता-पिता और शिक्षकों की जिम्मेदारी है। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के साथ समय बिताएं, उनकी रुचियों को समझें और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। उन्हें चाहिए कि वे बच्चों के मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग पर नजर रखें और उचित समय सीमा तय करें।

सेहत मंत्र

सेहत का खजाना है भिन्डी

भिन्डी एक ऐसी सब्जी है, जो अधिकतर भारतीय घरों में बनाई जाती है। इसका स्वाद लाजवाब होता है। लेकिन जहां एक ओर यह स्वाद में बेहतरीन होती है, वहीं इसमें कई तरह के गुण व पोषक तत्व भी होते हैं। जो व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाते हैं। साथ ही कई तरह की शारीरिक समस्या को दूर करते हैं। तो चलिए आज हम आपको भिन्डी से होने वाले कुछ बेहतरीन लाभों के बारे में बताते हैं? भिन्डी में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। अगर आप इसका सेवन करते हैं तो आपको विटामिन ए, बी, सी, प्रोटीन, कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, आयरन, फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट व खनिज पर्याप्त मात्रा में मिलता है। आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन भिन्डी कैंसर को रोकने में मददगार है। इसका सेवन करने से कोलोन कैंसर होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। इसका विटामिन ए म्यूकस मेम्ब्रेन बनाने में मदद करता है,जिससे पाचन क्रिया बेहतर होती है। जो भी व्यक्ति मधुमेह ग्रस्त है, उसे भिन्डी को अपनी डाइट में अवश्य शामिल करना चाहिए। दरअसल,भिन्डी में पाया जाने वाला यूगेनॉल शरीर में शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है, जिससे मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति को लाभ मिलता है। अगर आप स्वस्थ रहकर वजन कम करना चाहते हैं तो भिन्डी का सेवन करना शुरू करें। दरअसल, एक कटोरी भिंडी में सिर्फ 33 कैलोरी होती है, जिससे वजन नहीं बढ़ता। साथ ही इसका सेवन मेटाबॉलिज्म और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है। भिन्डी का सेवन पाचन तंत्र के लिए काफी अच्छा माना गया है। जो लोग भिन्डी का सेवन करते हैं, उन्हें पाचन संबंधी परेशानियां नहीं होती। दरअसल, भिंडी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है जो कि पाचन तंत्र को दुरूस्त रखता है। इसलिए भिन्डी का सेवन करने से पेट फूलने, पेट में मरोड़ आना, एसिडिटी व डायरिया आदि से बचाव किया जा सकता है। इसके अलावा भिंडी में लो ग्लाइसेमिक इन्डेक्स होता है जो शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है।

धर्म मंत्र

सोमवार को एक मंत्र बोलकर शिवलिंग पर चढ़ा दें शमी की पत्तियां

ज्योतिष में कुल नौ ग्रह सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु-केतु बताए गए हैं। इन नौ ग्रहों में शनि, राहु-केतु को क्रूर ग्रह माना गया है। इनकी वजह से कुंडली के सभी शुभ योगों का असर खत्म हो सकता है। इन ग्रहों के दोष दूर करने के लिए शिवजी की पूजा सबसे सरल और कारगर उपाय है। शिवपुराण के अनुसार शिव पूजा में फूल-पत्तियां चढ़ाने का विशेष महत्व है। शिवलिंग पर बिल्व पत्र तो सभी चढ़ाते हैं, लेकिन इसके साथ ही शमी के पत्ते भी शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। उज्जैन के इंद्रेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं. सुनील नागर के अनुसार शमी पत्तों का काफी अधिक महत्व है। ये पेड़ पूजनीय और पवित्र है। घर में शमी का वृक्ष लगाने से शनि के सभी दोषों से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही, शमी के पत्ते शिवलिंग पर चढ़ाने से धन और सौभाग्य की इच्छा पूरी होती है। ऐसे चढ़ाएं शमी के पत्तेः ▶▶रोज सुबह शिव मंदिर जाएं और तांबे के लोटे में गंगाजल या साफ जल में थोड़ा सा गंगाजल मिला लें। ▶▶इसके बाद चावल, सफ़ेद चंदन भी पानी में मिला लें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र बोलते हुए ये जल शिवलिंग पर अर्पित करें। ▶▶तांबे के लोटे से जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग पर चावल, बिल्वपत्र, सफ़ेद वस्त्र, जनेऊ, मिठाई भी चढ़ाएं। ▶▶इसके बाद शमी के पत्ते भी चढ़ाएं। शमी पत्ते चढ़ाते समय ये मंत्र बोलें- **अमंगलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च। दुःस्वप्रनाशिनीं धन्यां प्रपद्येहं शमीं शुभाम्।।** ▶▶शमी पत्र चढ़ाने के बाद शिवजी की धूप, दीप और कर्पूर से आरती कर प्रसाद ग्रहण करें।

पर्यटन

नागालैंड की जोखू वैली जहां कैम्पिंग करने आते हैं पर्यटक

जोखू वैली को कभी बेजान मानकर इसके अपने लोगों ने ही इससे मुंह मोड़ लिया था। मगर आज वही लोग इसकी खूबसूरती का बखान करते नहीं थकते। उंचे-नीचे हरे पहाड़, रहस्य से भरे भूतिया ठूंठ, नीला आसमान, बीच में शीशे सी चमकती नदी। इन सबके बीच बैंगनी रंग के जोखू लिली के फूल, जो दूसरे सफ़ेद, पीले व लाल रंग के फूलों के साथ एक इंद्रधनुषी पेंटिंग तैयार करते हैं। जोखू लिली के फूल यहां के अलावा कहीं और नहीं मिलते और वह भी सिर्फ मानसून में। यहां पहुंचने का रास्ता थोड़ा मुश्किल जरूर है, लेकिन 'स्वर्ग' कहां आसानी से दिखाई देता है। करीब एक घंटे की खड़ी चढ़ाई के बाद आगे बांस के झुरमुटों के बीच से करीब 3 घंटे की ट्रैकिंग के बाद आपको इस खूबसूरत वैली की पहली झलक देखने को मिलती है। यकीन मानिए छोटे-छोटे टीलों से दिखने वाले हरे पहाड़, रंग-बिरंगे फूल और उन पर पड़ती सूरज की किरणें आपको पहली नजर में ही मोह लेंगी। आप चाहें तो यहां पर रात भी बिता सकते हैं। पर्यटन विभाग की मदद से यहां पर रहने के लिए दो कमरे और एक किचन तैयार किया गया है, जहां आपको आधारभूत चीजें मिल जाएंगी। यहां कुछ पैसे खर्च कर आप बिस्तर, तकिया, कंबल सब कुछ पा सकते हैं। हालांकि आप चाहें तो अपना टेंट भी लगा सकते हैं। वैली में बहती नदी के किनारे कैंप लगाने का रोमांच अलग ही है। पिछले कई साल से गाइड की भूमिका निभा रहे निकोलस बताते हैं कि समुद्र तल से 2452 मीटर की उंचाई पर स्थित इस घाटी को लेकर बहुत सी कहानियां भी प्रचलित हैं। कुछ का मानना है कि घाटी के बहते पानी से कोई भी बीमारी ठीक हो सकती है। एक कहानी यह भी है कि इस घाटी के पीछे विशाल जंगल है, जहां सफ़ेद हाथी दिखाई देते हैं। यह बात और है कि आज तक किसी ने उन्हें नहीं देखा है! यही नहीं, कुछ किस्सों में तो यहां एक सुंदर महिला की आत्मा भी रहती है, जो यहां आने वाले पुरुषों को अपने वश में कर लेती है।

धर्मांतरण की आशंका दलित बस्ती पहुंची एसडीएम, आयोजन पर प्रतिबंध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के एक गांव में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम बांकीपुर में एक दलित बस्ती में बीमारी ठीक करने के बहाने लोगों को एकत्र किया गया। राकेश उर्फ लाला मंगता के मकान में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब सौ महिला-पुरुष पहुंचे।मकान की छत पर प्रार्थना सभा चल रही थी। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस पहुंची। एसडीएम प्रीति सिंह और सीओ के नेतृत्व में सफदरगंज पुलिस ने कार्यक्रम रोक दिया। पुलिस ने लगभग 15 लोगों को हिरासत में लिया।कार्यक्रम का मुख्य आयोजक छंदवल निवासी राधेश्याम गौतम मौके से फरार हो गया। स्थल से एक वैगनआर कार और कई मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। वैगनआर में क्रिश्चियन लॉकेट मिला। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने बताया कि उन्हें प्रार्थना से बीमारी ठीक करने का वादा किया गया था।ग्रामीणों के मुताबिक इस घर में हर रविवार को लोग जमा होकर ढोल बजाकर प्रार्थना करते थे। बजरंग दल के जिला संयोजक विनय सिंह राजपूत को इस गतिविधि की पहले से जानकारी थी। थाना अध्यक्ष सफदरगंज अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम प्रीति सिंह ने कहा कि धर्मांतरण की आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है।

बाराबंकी रेलवे जंक्शन पर रेलमेध यज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । हमारे बाराबंकी जनपद से जो यात्री रेलों के माध्यम से आ जा रहे हैं उनको जब हम लोग निःशुल्क पानी, पेठा, गुड़, बताशा वितरित करते होंगे तो एक आनंद की अनुभूति यात्रियों के मन में भी होगी कि यदि घर से कुछ खाकर नहीं निकले तो भी समाज हमारी चिंता करेगा।

यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डॉ. राकेश शंकर गुप्त ने उपस्थित धर्मसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। आज धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ.प्र. संयोजक अमित अवस्थी 'अधिवक्ता' द्वारा जनपद में लगातार चौथे वर्ष चलाए जा रहे रेलमेध यज्ञ में बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर सियालदह एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस, गोरखपुर इंटरसिटी, हावड़ा एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में यात्रियों को मिष्ठान सहित जल वितरण करने में मुख्य रूप से अधिवक्तागण प्रदीप श्रीवास्तव, अमित शुक्ल, हिमांशु श्रीवास्तव, पवन मिश्र, योगेंद्र कुमार सिंह, वरुण मिश्र, आशुतोष श्रीवास्तव, सतीश पांडे, सुरेश चंद्र गौतम, शिव शंकर वर्मा, विवेक अग्निहोत्री, यशोदा नंदन मिश्र, कौशल किशोर त्रिपाठी, शैलेश ओझा, संतोष कुमार सहित विनय श्रीवास्तव, उमेश रावत, बृजेंद्र श्रीवास्तव, सौरभ वर्मा, रामबाबू अवस्थी, बृजनाथ शुक्ल, राहुल मौर्य, मोहित यादव, उपेंद्र मौर्य, सरदार करमजीत सिंह, प्रेम जी, मनमोहन जायसवाल, अमन जी, प्रदीप नायर, शलभ द्विवेदी, इंद्रजीत गौतम,बृजनाथ शुक्ल, मुनीश श्रीवास्तव आदि ने सहभागिता की।

नगरपालिका द्वारा विभिन्न वार्डो में नाली व नाला सफाई अभियान जोरों पर

सुल्तानपुर। नगरपालिका के विभिन्न वार्डों में नालों और नालियों की सफाई के लिए एक बड़ा अभियान चल रहा है। इस अभियान में नगर पालिका की पोकलैंड मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। ताकि नालों और नालियों को पूरी तरह से साफ किया जा सके। नगरपालिका अध्यक्ष स्वयं इस सफाई अभियान का निरीक्षण कर रहें है। पालिका के सफाई विभाग टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। वहीं सफाई अभियान का मुख्य कारण है सभी वार्डो में नाला व नालियों की सफाई पोकलैंड मशीनों द्वारा कराई जाय जिससे नाला व नाली तल्ली तक साफ कर सारा मलबा बाहर निकाला जा सके। ताकि जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल की इस पहल से नगरपालिका शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है और यह सफाई अभियान उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सफाई अभियान से नगर में रह रहे। निवासियों को काफी लाभ हो रहा है। क्योंकि इस सफाई अभियान से हमेशा नाली व नाला में जलभराव की समस्या खत्म हो जायेगी। नगर की स्वच्छता में सुंदरता बढ़ जायेगी।

पैदल मार्च के दौरान आवाम से बोले सीओ निडर रहे ,शांति व्यवस्था बनाए रखे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी । ''हम आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं''–इस संकल्प को साकार रूप देने हेतु हैदरगढ़ पुलिस द्वारा शनिवार को एक जागरूकता एवं विश्वास बहाली अभियान के अंतर्गत नगर में भव्य पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) समीर सिंह ने किया।

पैदल मार्च के दौरान प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि यदि कोई आपराधिक गतिविधि अथवा संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, और साइबर अपराधों से सावधान रहने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी लोगों को जागरूक किया। मार्च के दौरान कस्बा चौकी प्रभारी कपिल देव यादव एवं महिला उपनिरीक्षक दीपिका सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

पुलिस उपाधीक्षक समीर सिंह एवं कोतवाल अजय प्रकाश ने कस्बा हैदरगढ़ में किया भ्रमण , लोगों दी कानून की जानकारी

पुलिस बल की यह उपस्थिति स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने में सहायक रही, वहीं बच्चों एवं व्यापारियों में भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला।

इस पैदल मार्च का उद्देश्य न केवल अपराध नियंत्रण है, बल्कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास की डोर को और मजबूत करना भी है। हैदरगढ़ पुलिस की यह पहल जनकल्याण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास मानी जा रही है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के संस्थापक सदस्य की 26वीं पुण्य तिथि मनाई गई

झरेखापुर सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के संस्थापक सदस्य की 26वीं पुण्य तिथि मनाई गई।रविवार को लोक निर्माण विभाग खण्ड चार में सीतापुर के राज्य कर्मचारियों ने स्व. बी एन सिंह की पुण्य तिथि मनाई और उनके संघर्षों को याद किया।राज्य कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान वेतन भत्ता दिलवाने हेतु हमेशा संघर्ष करते रहे।उनके संघर्षों का लाभ सभी राज्य कर्मचारियों को मिले।इस अवसर परइं अभिषेक वर्मा, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ सीतापुर , इं मनीष कुमार शुक्ला, जनपद सचिव डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग सीतापुर सत्येंद्र गुप्ता जनपद अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ सीतापुर, इं विनय कुमार यादव अतिरिक्त महासचिव मध्य क्षेत्र सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश, इं आशीष कुमार मौर्य जनपद वित्त सचिव सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ सिंचाई विभाग सीतापुर एवं स्वर्गीय बी एन सिंह जी कर्मचारियों को केंद्र के समान वेतन भत्ता व अन्य लाभ दिलवाने हेतु हमेशा बढ़–चढ़कर नेतृत्व किया वह सफलता प्राप्त की द्य

बस परिचालक को पड़ा मिर्गी दौरा अफरा तफरी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के नचना ग्राम में हाइवे पर नाश्ता खाना के लिए ढाबे पर रुकी रोडवेज बस के परिचालक ओम नारायण को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ गया और वह बेहोश हो गया।एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहाँ से जिला अस्पताल रेफर किया गया।कानपुर निवासी परिचालक की हालत बिगड़ने के कारण चालक साथ में गया जिससे बस में सवार 60 यात्रियों को अन्य बसों से गंतव्य को रवाना किया गया।

अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के राजमार्ग 927 पर शनिवार रात 9 बजे नचना बांध के पास बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी ।इस दुर्घटना में रंजन दास 25 वर्ष निवासी बालपुर गोंडा की मौके पर ही मौत हुई। वहीं सुनील 30 वर्ष निवासी शाहपुर गोंडा गंभीर रूप से घायल हुआ।मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को अस्पताल व मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

सड़क हादसे में युवक की मौत

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के रसूलपुर गांव बलराम यादव बीती रात अपने दोस्त की मोटर साइकिल से बारात गया था। वापस आते समय टिकैतनगर बदोसराय मार्ग पर मदारपुर में निर्माणाधीन पुलिया के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आयी। एंबुलेंस ने उसे संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिय। जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह निशा को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम खेत भेजा।

लकड़कटा धरा गया

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता! हरख वन क्षेत्र अंतर्गत कोपवा गांव में अवैध तरीके से गूलर के वृक्ष काट रहे लड़ काटा को वनविभाग ने धर दबोचा।और जुर्माने की कार्यवाही की। वन दरोगा सचिन पटेल ने बताया कि कोपवा गांव में अवैध तरीके से गूलर के पेड़ की कटान किए जाने की जानकारी पर वन विभाग द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की गयी। अवैध व प्रतिबंधित वृक्षों की कटान करने वालों पर कड़ी कार्यवाही होगी।

विद्युत संविदाकर्मियों को धरना प्रदर्शन जारी

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जयसिंहपुर डिवीजन में बिजली विभाग के संविदा–कर्मी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। भटमई पावर हाउस स्थित 33/11 केवी विद्युत वितरण उपकेंद्र पर कर्मचारियों ने सत्याग्रह शुरू किया है। सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार में शामिल हैं उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जयसिंहपुर डिविजन के अजय सिंह भटमई पावर हाउस ने कर्मचारियों की मांगों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों का कार्य के अनुरूप अनुबंध न करने, वेतन भुगतान में भेदभाव करने, वेतन रुपया 18000 निर्धारित न करने, मानक से कम कर्मचारियों कि तैनाती कर कार्य कराने, आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी करने, फ़ेस अटेंडेंस लगाने हेतु दबाव बनाने, कर्मचारियों को 55 वर्ष की आयु में कार्य से हटाने हटाए गए कर्मचारियों के बकाए केतन का भुगतान न करने, दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश न लगाने, पायल कर्मचारियों का कैशलैस इलाज न कराने आदि मांगों को लेकर सत्याग्रह और कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। मानक से कम कर्मचारियों कि तैनाती कर कार्य कराने, आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी करने, फ़ेस अटेंडेंस लगाने हेतु दबाव बनाने, कर्मचारियों को 55 वर्ष की आयु में कार्य से हटाने हटाए गए कर्मचारियों के बकाए केतन का भुगतान न करने, दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश न लगाने, पायल कर्मचारियों का कैशलैस इलाज न कराने आदि मांगों को लेकर सत्याग्रह और कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। वर्तमान समय में निविदा संविदा कर्मचारी संगठन न्याय उचित मांगों को लेकर सत्याग्रह आंदोलन पर बैठे है जिससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू से नहीं चल पा रही है विद्युत उपकेंद्र के 33 केवी लाइन आज ही ब्रेकडाउन हो गई है जो कि अभी तक बहाल नहीं हो पाई है जिला अध्यक्ष आनंद अग्रहरि जिला उपाध्यक्ष कामता पांडे जिला महामंत्री अजय कुमार चौरसिया सभी पदाधिकारी गण अपने–अपने विद्युत उपकेंद्र पर सत्याग्रह आंदोलन पर बैठे हैं सुल्तानपुर जिले के जितने भी सब स्टेशन हैं सभी जगह कार्य बहिष्कार है जिससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो रही है।

स्वच्छता की चर्चा में गोमती मित्रों का काम सर्वोपरि

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। किसी ने क्या खूब लिखा है ल्लजब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का, फिर देखना फिजूल है कद आसमान का ल्ल और यह पूरी तरीके से सटीक बैठता है सुल्तानपुर में स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने वाले संगठन गोमती मित्र मण्डल पे, बारह वर्ष पूरे कर तेरहवें वर्ष में प्रवेश करने वाले इस संगठन ने न केवल सीताकुण्ड घाट को धाम का दर्ज़ा देने में कामयाबी पायी बल्कि नदी–पेड़–पर्यावरण की सुरक्षा से लोगों को जोड़ा। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह सफलता का सारा श्रेय बड़ी ही विनम्रता से नगर वासियों को देते हुये सभी का आभार प्रकट करते हैं। रविवार १८ मई का साप्ताहिक श्रमदान गोमती मित्रों ने श्री सीताकुण्ड धाम पे प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, मुन्ना पाठक,संत कुमार प्रधान, युवा मण्डल प्रदेश संयोजक रामेंद्र सिंह राणा, राकेश सिंह दद्दू, सेनजीत कसौधन कैलाशी, मुन्ना सोनी, अजय प्रताप सिंह, राजीव कसौधन, आलोक तिवारी, सोनू सिंह, सुजीत कसौधन, अर्जुन यादव,अभय मिश्रा आदि की उपस्थिति में प्रातः 0६:00 बजे शुरू कर तीन घंटे में समाप्त किया।

संदिग्धावस्था में आग में खाक हुई कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। थाना क्षेत्र मे महादेवा मार्ग स्थित केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग के निकट एक ओमनी मारुति कार यूपी 32 एफ जेड 3550 में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कार महादेवा से रामनगर की ओर जा रही थी आग इतनी भीषण थी कि। कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई।घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई।संयोगवश कोई धमाका नहीं हुआ और पास से ट्रेन भी सुरक्षित निकल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

लापता विवाहिता का नहर में मिला शव, हत्या का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। पति से विवाद के बाद लापता महिला का शव रविवार को कुर्सी स्थित शारदा नहर के पोखन्नी रेगुलेटर में फंसा मिला। बड्डूपुर पुलिस शव को कब्जे में ले लिया। स्थानीय थाने में पत्नी के लापता होने की गुमशुदगी पति ने दर्ज करा दी थी।

बड्डूपुर थाना क्षेत्र के गौसापुर निवासी अनुपमा 24 पत्नी मुंशीलाल का शव रविवार दोपहर कुर्सी पोखन्नी स्थित शारदा नहर के रेगुलेटर में फंसा मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची बड्डूपुर पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि बीती 16 मई को महिला की अपने पति से किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी।तभी महिला बिना बताए घर से कहीं चली गई।मृतका के पति ने मामले की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इधर फतेहपुर क्षेत्र निवासी मृतका के भाई शुभम यादव ने पुलिस को तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है।

दबंग ने करी पर अवैध कब्ज़े की हिमाकत, पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। ज़िले के नवाबगंज तहसील अंतर्गत कोटवा गांव में ज़मीन को लेकर उपजा विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। कोठी थाना क्षेत्र के सैदनपुर निवासी श्यामू वर्मा पुत्र बाबा दीन ने एक कुख्यात अपराधी के करीबी द्वारा उनकी कृषि भूमि पर अवैध कब्ज़ा करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर जिलाधिकारी बाराबंकी तक शिकायत पत्र भेजा है।

श्यामू वर्मा का आरोप है कि पूर्वांचल के कुख्यात माफिया मुख्तार अंसारी का करीबी अलाउद्दीन अंसारी पुत्र मोहम्मद इस्माइल उनकी 15 बीघा ज़मीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने यह भूमि चार वर्ष पूर्व वैध रूप से क्रय की थी, और वर्तमान में यह भूमि राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है।

जबरन कब्ज़े की धमकी, पुलिस पर पक्षपात का आरोप

श्यामू वर्मा ने बताया कि अलाउद्दीन अंसारी स्वयं को मुख्तार अंसारी का नजदीकी बताकर खुलेआम धमकी दे रहा है कि वह किसी भी हालत में उक्त ज़मीन पर क़ब्ज़ा कर लेगा। जब श्यामू ने इस मामले की सूचना कोठी थाना पुलिस को दी, तो उन्होंने उम्मीद जताई थी कि उन्हें न्याय मिलेगा। परंतु, पीड़ित के अनुसार, स्थिति इसके उलट हो गई। श्यामू वर्मा ने आरोप लगाया कि कोठी थाने के उपनिरीक्षक राशिद खान ने उल्टा उन पर ही दबाव बनाना शुरू कर दिया और आरोपी के पक्ष में खड़े हो गए।

पीड़ित का यह भी कहना है कि आरोपी अलाउद्दीन अंसारी पर पूर्व में भी भूमि कब्जा, धमकी, और माफियागिरी से जुड़े कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बावजूद इसके, प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता से उसे खुली छूट मिलती दिखाई दे रही है।

मुख्यमंत्री को पत्र, परिवार की सुरक्षा की मांग

आतंकित और असहाय महसूस करते हुए श्यामू वर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर न सिर्फ़ निष्पक्ष जांच की मांग की है, बल्कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। उन्होंने यह आशंका व्यक्त की है कि अगर जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आरोपी उनकी ज़मीन पर जबरन कब्ज़ा कर सकता है या उन्हें नुकसान पहुँचा सकता है।

पुलिस का बयानः शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

इस मामले को लेकर जब कोठी थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा, ल्लऐसा कोई मामला अभी तक मेरे संज्ञान में नहीं आया है। यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी जांच कर निश्चित रूप से आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में बढ़ी हलचल, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

इस पूरे घटनाक्रम से कोठी क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया है। ग्रामीणों के बीच ज़मीन माफियाओं की सक्रियता और पुलिस की कथित निष्क्रियता को लेकर आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो ऐसे तत्वों का मनोबल और बढ़ेगा, जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। यह मामला न केवल ज़मीन माफियाओं की दबंगई का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आम नागरिक को न्याय के लिए किन संघर्षों से गुजरना पड़ता है, विशेषकर जब प्रशासन की भूमिका पर ही सवाल उठने लगें ।

सांसद रवि किशन की पहल से गोरखपुर में खुलेगा प्रौद्योगिक केंद्र, होंगे फायदे

गोरखपुर। सीएम योगी के शहर गोरखपुर में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। इसी क्रम में गोरखपुर के सांसद रवि किशन किशन शुक्ला ने एक और बड़ा प्रयास किया है। सांसद रवि किशन की पहल से जल्द ही गोरखपुर में प्रौद्योगिकी केंद्र खुलेगा जिससे यहां के विकास को एक नई दिशा और गति मिलेगी। सांसद ने केंद्रीय मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय जीतन राम माझी से पूर्व में ही इसके लिए मांग की थी। *सांसद ने इसके लिए पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी और सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद रवि किशन ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा पूरे देश में 20 नए प्रौद्योगिकी केंद्र और 100 विस्तार केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। मेरी मांग को स्वीकार करते हुए केंद्रीय मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय जीतन मांझी ने एक प्रौद्योगिक केंद्र गोरखपुर को दिया है। मेरे संसदीय क्षेत्र में भी छोटे बड़े उद्योग हैं। इस केंद्र के यहां स्थापित होने से गोरखपुर व आसपास के जिलों में एमएसएमई सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

करो या मरो के मुकाबले में हैदराबाद से भिड़ेगी लखनऊ

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 61वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदरबाद (एसआरएच) के खिलाफ अपनी प्लेऑफ की दावेदारी को जिंदा रखने के लिए मैदान में उतरेगी। अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम इकाना में कल होने वाले मैच में लखनऊ के पास हैदराबाद से पिछली हार का बदला लेने का अवसर होगा। आईपीएल के मौजूदा सत्र में एलएसजी 11 मैचों में 10 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। उसकी हार उसे प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर देगी। इसके विपरीत एसआरएच निराशाजनक प्रदर्शन के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। एसआरएच अब तक अपने ग्यारह मैचों में से केवल तीन जीते हैं। टूर्नामेंट में खराब फॉर्म के बावजूद हैदराबाद को एलएसजी पर जीत दर्ज आत्मविश्वास कायम करना चाहेगी। लखनऊ की टीम इकाना की सुस्त पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं जोकि स्पिन और धीमी गेंदे कारगर रही हैं। लखनऊ बड़े स्कोर के लिए मिशेल मार्श, निकोलस पूरन और एडन मारक्रम की बल्लेबाजी पर निर्भर हैं। मार्श ने 155 की स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाये है। पूरन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 201 की स्ट्राइक रेट से 410 रन बनाए हैं। वहीं मार्करम ने हाल के मैचों में 348 रन बनाकर बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया है। हालांकि, ऋषभ पंत और डेविड मिलर की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। आयुष बदोनी और अब्दुल समद ने हालांकि, आखिरी ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे लखनऊ को प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने या उसका पीछा करने में मदद मिली है। गेंदबाजी की बात की जाये तो दिग्वेश राठी ने लखनऊ के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 8.09 की इकॉनमी से 12 विकेट लिए हैं। आवेश खान और आकाश सिंह ने गति से समर्थन दिया है, जबकि रवि बिश्नोई टूर्नामेंट में महंगे साबित हुये। पैट कमिंस की अगुआई वाली हैदराबाद की टूर्नामेंट में असंगति और बल्लेबाजी में गिरावट देखी गई है। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने शीर्ष पर कभी-कभार शानदार प्रदर्शन किया है। सबसे खास बात यह है कि अभिषेक ने पंजाब के खिलाफ 141 रन बनाए लेकिन अच्छी शुरुआत को मैच जिताने वाली साझेदारी में बदलने से टीम को नुकसान हुआ है। हेनरिक क्लासेन, ईशान किशन और नितीश कुमार वाला मध्य क्रम नियमित रूप से अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे है। हालांकि, अनिकेत वर्मा की देर से हिटिंग हैदराबाद के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। गेंदबाजी के मोर्चे पर कमिंस की अगुआई में हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट और जीशान अंसारी शानदार प्रदर्शन करने का प्रयास किया है। इकाना की पिच धीमी गेंदबाजों और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए अनुकूल रही है। यहां टॉस निर्णायक भूमिका निभा सकता है। इस सीजन में यहां हुए पांच मैचों में से चार में दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत दर्ज की है। पहली पारी का औसत स्कोर 166 है और मौजूदा परिस्थितियों में 190 से कम का स्कोर औसत से कम माना जा सकता है। लखनऊ के लिए यह नाम्कआउट गेम है, जिसका नतीजा इस बात पर निर्भर करेगा कि मार्श, पूरन और मारक्रम की तिकड़ी हैदराबाद की पावरप्ले गेंदबाजी का कितना अच्छा सामना करती है।

क्रिकेटर खुद के बारे में जान कर अपनी क्षमता का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं: द्रविड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पेशेवर तौर पर क्रिकेट से जुड़ने की चाह रखने वाले लोगों को सफलता के लिए खुद को परख कर अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने की सलाह दी। कोच के तौर पर भारत को टी-20 विश्व चैंपियन बनाने के बाद मौजूदा सत्र में आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के साथ काम कर रहे द्रविड़ ने ' जियो हॉटस्टार' के 'हल्ला बोल' के एपिसोड में कहा, '' क्रिकेट में अच्छा होना और सिर्फ क्रिकेट का अभ्यास करना निश्चित रूप से आपको कुछ सफलता दिलायेगा। मैंने हालांकि जिन अच्छे और महान खिलाड़ियों के साथ काम किया है या ड्रेसिंग रूम साझा किया है उनमें एक चीज सामान्य देखी है, वह यह है कि वे वास्तव में अपनी क्षमता के बारे में जानते थे। टेस्ट क्रिकेट में द्रविड़ भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने कहा, ''यह व्यक्तिगत मामला है, आप खुद को '' मुझे लगता है कि अगर आप एक व्यक्ति के तौर पर खुद को पहचानते हैं और लगातार विकसित होते रहते हैं, तो आपके पास अपनी क्षमता को अधिकतम करने का सबसे अच्छा मौका होता है। द्रविड़ ने स्पष्ट किया कि वह तुलना में विश्वास नहीं करते। द्रविड़ ने कहा, ''यह व्यक्तिगत मामला है, आप खुद को दूसरे लोगों के साथ आंक नहीं सकते, खुद की तुलना दूसरे लोगों से नहीं कर सकते। आपका काम खुद से और आपको जो कौशल मिले हैं, उनसे सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करना है। यह तभी संभव है जब आप मैदान पर एक क्रिकेटर के रूप में और मैदान के बाहर एक व्यक्ति के रूप में भी विकसित होंगे।''

फुटबॉल : महिला टीम की खिलाड़ियों से मिले पुरुष टीम के कप्तान सुनील छेत्री, किया प्रेरित

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम के बेंगलुरु स्थित शिविर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अगले महीने होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए तैयारी कर रहीं महिला टीम की खिलाड़ियों से बात की और उन्हें प्रेरित किया। इस दौरान खिलाड़ियों की ओर से सुनील छेत्री को टीम के सभी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक जर्सी भी भेंट की गई। सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम वर्तमान में बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण ले रही है। टीम 29 मई और 3 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच भी खेलेगी। ऑल इंडिया फुटबॉल फ़ेडरेशन ने रविवार को बताया कि यह पहली बार नहीं था कि छेत्री महिला टीम के खिलाड़ियों से मिलने आए, लेकिन उन्होंने शिविर में कई नए चेहरों को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। छेत्री ने कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव था। पिछली बार जब मैं इस टीम से मिला था, तब से अब बहुत ज़्यादा पुराने चेहरे नहीं बचे हैं, जो बताता है कि मैं कितना बूढ़ा हो गया हूं। बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं और मुझे उनके बारे में मुख्य कोच से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा कि हर कोई खुश नजर आ रहा था। उन्हें उज्बेकिस्तान के खिलाफ कुछ अच्छे दोस्ताना मैच खेलने हैं और फिर एशियाई कप क्वालीफायर्स खेलने हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मैं बस यही चाहता हूं कि वे खुश रहें, एक-दूसरे के साथ सहज महसूस करें और अपनी ट्रेनिंग का आनंद लें।

विराट कोहली को सम्मान देने पहुंचे फैंस, आसमान में भी दिखा अद्भुत नजारा

एजेंसी

बेंगलुरू। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच शनिवार को मुकाबले के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का रोमांच एक बार फिर शुरू हुआ। हालांकि तेज बारिश के कारण यह मुकाबला रद्द हो गया। मैच के रद्द होने के चलते दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया। इसके बाद केकेआर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई, जबकि बेंगलुरु की टीम अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह मैच भले ही न हो पाया हो, लेकिन होम टीम आरसीबी के फैंस अपने चहेते खिलाड़ी विराट कोहली को देखने बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे थे। फैंस 18 नंबर की सफ़ेद जर्सी पहने स्टेडियम में नजर आए, लेकिन बारिश के चलते वह अपने चहेते खिलाड़ी को खेलते हुए नहीं देख सके। दरअसल हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली शनिवार को पहली बार मैदान पर उतरने वाले थे, इसलिए एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट को खास सम्मान देने के लिए फैंस सफ़ेद जर्सी में आए थे। आरसीबी ने रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर विराट को बड़ी संख्या में देखने पहुंचे फैंस का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, चिन्नास्वामी सफ़ेद हो गया- किंग कोहली के टेस्ट करियर को सम्मान। फ्रेंचाइजी ने आगे लिखा कि विराट कोहली के शानदार टेस्ट करियर को दिल को छू लेने वाला सम्मान देने के लिए प्रशंसक न केवल बड़ी संख्या में बल्कि भावनाओं में भी दिखाई दिए, सफ़ेद कपड़ों में लिपटे हुए - नारे लगाते हुए और विशेष बैनर के साथ, जिसने इसे खेल में एक ऐतिहासिक क्षण बना दिया। दुनिया के सबसे चहेते क्रिकेटर विराट कोहली की विरासत का जश्न मनाया। आसमान में दिखा अद्भुत नजारासोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बारिश के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के ऊपर से सफ़ेद कबूतरों का एक झुंड जाते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद फैंस कह रहे हैं कि देखो ये सफ़ेद पक्षी भी कोहली के सम्मान में स्टेडियम आए हैं। पक्षियों के झुंड की यह छलक टीम ने भी अपने वीडियो में शेयर की है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। ऐसे में उनको सम्मान देने के लिए बेंगलुरु में फैंस कोहली के नाम की सफ़ेद यानी टेस्ट जर्सी पहनकर आए थे। विराट कोहली ने कुल 123 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए। टेस्ट में विराट के नाम 30 शतक और 31 अर्धशतक हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर के इजाफ़े के साथ 690.6 अरब डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 09 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर के इजाफ़े के साथ 690.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 19.6 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.4 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.5 अरब डॉलर की भारी बढ़ोतरी हुई और यह चढ़कर 86.3 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.6 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 18.5 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में 13.4 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले घटकर 4.4 अरब डॉलर रह गई।

बीते वित्त वर्ष में भारत का कोयला आयात घटकर 26.35 करोड़ टन

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत का कोयला आयात बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 1.7 प्रतिशत घटकर 26.35 करोड़ टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश ने 26.82 करोड़ टन कोयला का आयात किया था। वित्त वर्ष 2024-25 में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 16.71 करोड़ रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 17.59 करोड़ टन था। 2024-25 में कोकिंग कोयले का आयात 5.40 करोड़ टन से कुछ अधिक रहा, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 5.72 करोड़ टन था। बी2बी ई-कॉमर्स मंच द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, मार्च में भी कोयला आयात घटकर 2.27 करोड़ टन रह गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 2.39 करोड़ टन था। मार्च में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले का आयात घटकर 1.48 करोड़ टन रहा, जो 2023-24 के समान महीने में 1.53 करोड़ टन था। वहीं मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 44.1 लाख टन रहा, जो इससे पिछले साल के समान महीने में 53.4 लाख टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा कि मार्च में आयात में गिरावट आई जो बाजार की उम्मीद के अनुरूप थी। चूंकि घरेलू बाजार में गैर-कोकिंग कोयले का बड़ा भंडार है, इसलिए हमें उम्मीद है कि गर्मियों के चरम के दौरान मांग बढ़ने तक आयात कम रहेगा। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल कोयला उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में कोयला उत्पादन 104.75 करोड़ टन रहा है, जो 2023-24 में 99.78 करोड़ टन था। इस तरह वित्त वर्ष के दौरान कोयला उत्पादन 4.99 प्रतिशत बढ़ा है।

बांग्लादेश से आयात पर भारत के बंदरगाह प्रतिबंध से एमएसएमई को मदद मिलेगी: विशेषज्ञ

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के कुछ बांग्लादेशी वस्तुओं पर लगाए गए प्रतिबंधों से घरेलू रेडीमेड (सिलेसिलाए) कपड़ा उद्योग, विशेष रूप से एमएसएमई को अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत ने 17 मई को बांग्लादेश से 77 करोड़ डॉलर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया, जो द्विपक्षीय आयात का लगभग 42 प्रतिशत था। परिधान, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और प्लास्टिक की वस्तुओं जैसे प्रमुख सामान अब चुनिंदा समुद्री बंदरगाहों तक सीमित हैं या भूमि मार्गों से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। कुल 61.8 करोड़ डॉलर मूल्य के सिलेसिलाए कपड़ों को अब केवल दो भारतीय बंदरगाहों के माध्यम से सख्त मार्ग का सामना करना पड़ रहा है। यह बांग्लादेश के भारत के लिए सबसे मूल्यवान निर्यात चैनल को गंभीर रूप से सीमित करता है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा, भारतीय कपड़ा कंपनियों ने लंबे समय से बांग्लादेशी निर्यातकों द्वारा प्राप्त प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त का विरोध किया है, जो शुल्क मुक्त चीनी कपड़े के आयात और निर्यात सब्सिडी से लाभान्वित होते हैं, जिससे उन्हें भारतीय बाजार में 10-15 प्रतिशत मूल्य लाभ मिलता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बंदरगाहों पर प्रतिबंध से कपड़ा क्षेत्र के भारतीय एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों) को मदद मिलेगी। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के उपाध्यक्ष ए शक्तिवेल ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि घरेलू निर्यातकों की मांग थी कि ये प्रतिबंध लगाए जाएं। शक्तिवेल ने कहा, भारत सरकार द्वारा लिया गया यह एक अच्छा निर्णय है। इससे घरेलू उद्योग को लाभ होगा। यह कदम बांग्लादेश द्वारा भारतीय धागे, चावल और अन्य वस्तुओं पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों के जवाब में उठाया गया है।

विदेशी निवेशकों के रुख तय करेंगे बाजार की चाल

शेयर समीक्षा

एजेंसी

मुंबई। भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने, अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब चार प्रतिशत तक चढ़े घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2876.12 अंक अर्थात 3.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82330.59 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1011.8 अंक यानी 4.2 प्रतिशत की उड़ान भरकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25019.80 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई। इससे मिडकैप 2894.34 अंक अर्थात 6.9 प्रतिशत की तेजी लेकर 45005.84 अंक और स्मॉलकैप 4303.79 अंक यानी 9.2 प्रतिशत की मजबूती के साथ 51045.74 अंक पर पांच गया। विश्लेषकों के अनुसार, हाल के दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर खरीददारी प्रमुख पहचान बनकर उभरी है। 08 मई को समाप्त हुए 16 कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने एक्सचेंजों के माध्यम से कुल 48,533 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। हालांकि, 09 मई को भारत-पाक तनाव के चलते 3,798 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई। लेकिन, अब जबकि युद्धविराम की घोषणा हो चुकी है तो बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि एफआईआई द्वारा भारत में इक्विटी निवेश की गति एक बार फिर तेज हो सकती है। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की शुरुआत में एफआईआई का रुख बिक्री की ओर था। जनवरी में डॉलर सूचकांक के 111 तक पहुंचने के बाद उन्होंने 78,027 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली की। हालांकि मार्च के बाद से बिकवाली की तीव्रता में कमी आई और अप्रैल में एफआईआई 4,243 करोड़ रुपये शुद्ध लिवाल रहे, जिससे एक सकारात्मक संकेत मिला।एफआईआई ने मई में अब तक कुल 23,782.64 करोड़ रुपये की लिवाली की है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर डॉलर में गिरावट और अमेरिका तथा चीन की अर्थव्यवस्थाओं में मंदी जैसे कारकों के साथ-साथ घरेलू स्तर पर उच्च सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि, घटती महंगाई और ब्याज दरें भारतीय इक्विटी बाजार में एफआईआई प्रवाह को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। इसके विपरीत ऋण प्रवाह में कमी देखी जा रही है और निकट भविष्य में इसके कम रहने की संभावना जताई जा रही है। भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 2975.43 अंक की तेजी के साथ पांच महीने के उच्चतम स्तर 82,429.90 अंक और निफ्टी 916.70 अंक की छलांग लगाकर 24924.70 अंक हो गया। विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोमवार की तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से मंगलवार को सेंसेक्स 1281.68 अंक का गोता लगाकर 81,148.22 अंक और निफ्टी 346.35 अंक की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ का बाजार पूंजीकरण 3.35 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 3.35 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल के मूल्यांकन में गिरावट आई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,876.12 अंक या 3.61 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1,06,703.54 करोड़ रुपये बढ़कर 19,71,139.96 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 46,306.99 करोड़ रुपये बढ़कर 10,36,322.32 करोड़ रुपये रही। टीसीएस ने सप्ताह के दौरान 43,688.4 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार मूल्यांकन 12,89,106.49 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 34,281.79 करोड़ रुपये बढ़कर 6,60,365.49 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का 34,029.11 करोड़ रुपये बढ़कर 14,80,323.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 32,730.72 करोड़ रुपये बढ़कर 5,69,658.67 करोड़ रुपये रही। आईटीसी का मूल्यांकन 15,142.09 करोड़ रुपये बढ़कर 5,45,115.06 करोड़ रुपये रहा।

सहकारी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता : शाह

एजेंसी

अहमदाबाद। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में सभी लोगों को जागरूक कर, पारदर्शिता के नए आयाम तय कर सहकारी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता है।

श्री शाह ने आज अहमदाबाद में गुजरात राज्य सहकारी संघ द्वारा ल्लविकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिकाङ्क पर आयोजित महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना वर्ष 1900 में था। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2021 से सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का एक बहुत बड़ा प्रयास शुरू हुआ और इसीलिए सहकारिता वर्ष की शुरुआत भारत में करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि 2021 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुई शुरूआत के तहत सहकार से समृद्धि और विकसित भारत में सहकारिता की भूमिका के दो सूत्रों को देश के सामने रखा गया। उसी शुरूआत के अंतर्गत आज गुजरात में इस सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्री शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में हुए परिवर्तन के लाभ जब तक निचले स्तर पर प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पीएसीएस) और किसानों तक नहीं पहुंचेंगे तब तक सहकारिता क्षेत्र मजबूत नहीं हो सकता। इसीलिए यह बहुत जरूरी है कि हम सहकारी संस्थाओं को आगे बढ़ाएं। हमें सभी प्रकार की सहकारी संस्थाओं में जागरूकता, प्रशिक्षण और पारदर्शिता लाने का प्रयास करना होगा।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान साइंस ऑफ कोऑपरेशन और साइंस इन कोऑपरेशन पर भारत सरकार ने बल दिया

है। आजादी के आंदोलन के समय देश में शुरू हुआ सहकारिता आंदोलन धीरे-धीरे देश के एक बड़े भाग में लगभग समाप्त हो चुका था। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस आंदोलन के तहत हर राज्य और जिले तक सहकारिता का विस्तार हो। साथ ही हर राज्य में प्राथमिक सहकारी समितियों की स्थिति सुधरे, जिलास्तरीय संस्थाएं मजबूत हो और उनके माध्यम से राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर का सहकारी ढांचा भी मजबूत बने।

श्री शाह ने कहा कि कई वर्षों से चली आ रही वैश्विक त्रि-स्तरीय सहकारिता ढांचे की कल्पना में हमने चौथे स्तर को जोड़ा है। सहकारिता के ढांचे की हर सहकारी गतिविधि से जुड़े राष्ट्रीय संस्थानों, राज्यस्तरीय सहकारी संस्थाओं, जिलास्तरीय संस्थाओं और हर क्षेत्र की प्राथमिक सहकारी समितियों को मजबूत करते हुए पूरे देश में सहकारिता को पहुंचाना ज़रूरी है। इसके लिए हमें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का उपयोग करना चाहिए। श्री अमित शाह ने कहा कि यह पूरा अभियान तीन स्तंभों पर आधारित है, सहकारिता को शासन के मुख्य प्रवाह का हिस्सा बनाना, सहकारिता आंदोलन में टेक्नोलॉजी के माध्यम से पारदर्शिता और प्रमाणिकता लाना और अधिक से अधिक नागरिकों को सहकारिता आंदोलन के साथ जोड़ने की प्रक्रिया को गति देना। इन तीनों स्तंभों के आधार पर सहकारिता वर्ष के दौरान कार्य करने की आवश्यकता है और इसके लिए अनेक प्रकार के लगभग 57 इनीशिएटिव अब तक भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा लिए गए हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमें गुजरात सहित पूरे देश में काम्परेशन अमोंगस्ट कॉओपरेटिवस के प्रयोग को प्राथमिक स्तर पर करना चाहिए जिससे सभी सहकारी संस्थाओं का पूरा कामकाज सहकारी संस्थाओं के साथ ही हो। सभी प्राथमिक सहकारी समितियों, डेयरी आदि का बैंक अकाउंट ज़िला सहकारी बैंक में ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सभी सहकारी संस्थाओ के बीच सहकारिता को आगे बढ़ाना चाहिए और इस प्रयास को गति देनी चाहिए।

श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने त्रिभुवन कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी की स्थापना की है जो राष्ट्रीय स्तर पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य में सहकारिता से जुड़े सभी क्षेत्रों में कोऑपरेटिव के कॉन्सेप्ट के साथ पढ़ने की व्यवस्था बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जब तक हम पीएसीएस को मजबूत नहीं करते तब तक सहकारी ढांचा मजबूत नहीं हो सकता है, इसीलिए मोदी सरकार ने 2029 तक देश की हर पंचायत में पीएसीएस की स्थापना का निर्णय लिया है। इस फ़ैसले के अंतर्गत दो लाख नई पैक्स और डेयरी रजिस्टर्ड की जाएंगी। सरकार ने विभिन्न प्रकार की लगभग 22 गतिविधियों को पैक्स के साथ जोड़ने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि सरकार जल्द ही लिक्विडेशन में गई पैक्स के निपटारे और नए पैक्स के लिए भी नीति ले कर आने वाली है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में अनेक प्रकार की नई शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में सभी लोगों को जागरूक कर, पारदर्शिता के नए आयाम तय कर और भर्तियां कर हमें सहकारी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता है।

सीएम सरमा का कांग्रेस सांसद पर आरोप

'आईएसआई के बुलावे पर पाकिस्तान गए थे गोगोई, हमारे पास सारे सबूत'

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने एक बार फिर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गौरव गोगोई आईएसआई के बुलावे पर पाकिस्तान गए थे। उन्होंने पाकिस्तान की संस्था के साथ मिलकर काम किया। हमारे पास सारे सबूत हैं। हम 10 सितंबर तक हर सबूत पेश करेंगे।

एक कार्यक्रम में सरमा ने कहा कि गौरव गोगोई आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए थे। मैं यह पहली बार कह रहा हूं। हमारे पास इसके दस्तावेज हैं। वह पर्यटन के उद्देश्य से नहीं गए थे। वह निश्चित रूप से प्रशिक्षण लेने के लिए वहां गए थे। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता पाकिस्तान सरकार के सीधे निमंत्रण पर वहां गए थे और यह खतरनाक है।

उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तानी संस्था के साथ मिलकर काम कर रहे थे। गृह विभाग कब निमंत्रण भेजता है? यह केवल प्रशिक्षण देने के लिए होता है विदेश विभाग या किसी विश्वविद्यालय से निमंत्रण पूरी तरह से अलग बात है। यह विदेशी मामलों या सांस्कृतिक विभागों से नहीं था। वह पाकिस्तान के गृह विभाग से सीधे निमंत्रण पर वहां गए थे।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार के पास गोगोई के कृत्यों के सबूत हैं और इससे बचने का कोई रास्ता नहीं है। उनके सारे रास्ते बंद हो चुके हैं। हमने सबूत देखे हैं। हमें केवल कागजात प्राप्त करने के लिए सितंबर तक का समय चाहिए। हमें एक नोटिस जमा करना होगा और फिर दूतावास हमें दस्तावेज उपलब्ध कराएगा। 10 सितंबर अंतिम तारीख है और कृपया उस समय तक इस बारे में दोबारा न पूछें।

इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न को लेकर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तानी सेना के साथ अच्छे संबंध हैं। कोलबर्न ने 19 बार पाकिस्तान यात्रा की थी और पड़ोसी देश में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी उनके साथ थे। गोगोई की पत्नी ने पाकिस्तान में काम किया और फिर एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने के लिए दिल्ली आईं, लेकिन उन्हें पाकिस्तान से वेतन मिलता रहा।

तिरंगा यात्रा में शामिल हुए चंदोलिया, सहरावत, स्वराज सहित भाजपा के कई आला नेता

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से लगातार तीसरे दिन रविवार को यहां के विभिन्न क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिनमें दिल्ली भाजपा के महामंत्री एवं सांसद योगेन्द्र चंदोलिया,सांसद कमलजीत सहरावत और सांसद बांसुरी स्वराज शामिल हुयीं।

मालवीय नगर से विधायक एवं दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक शिखा रॉय और ऑलंपियन बॉक्सर विजेन्द्र सिंह भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर श्री चंदोलिया ने कहा कि देश बदल रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत हर तरह से सक्षम है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने के लिए भारत ने जिस प्रकार की कार्रवाई की, उसने साबित कर दिया कि अब भारत किसी भी प्रकार के दवाब में नहीं रहने वाला। उन्होंने कहा, ल्ल हमारे वीर जवानों ने सीमा पर जिस प्रकार की बहादुरी दिखाई है, वह पूरे पाकिस्तान में एक संदेश देने का काम किया है कि भारत अब आतंक के खिलाफ चुप नहीं बैठने वाला है। वहीं, श्रीमती सहरावत ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी इस बात का ऐलान कर दिया है कि अब पाकिस्तान की ओर से किसी भी प्रकार की गोलीबारी आतंकी गतिविधि की श्रेणी में आयेगी और भारत उसका मुँह तोड़ जवाब देगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत शांति चाहता है, लेकिन आतंक के समूल विनाश के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तत्पर है। इस मौके पर विधायक संदीप सहरावत और विधायक प्रद्युमन राजपूत और जिला अध्यक्ष रमेश शोखंदा सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सुश्री स्वराज ने नयी दिल्ली विधानसभा और करोल बाग विधानसभा में निकाली गयी तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ भारतीय सेना की ओर से आतंकवाद के खिलाफ एक जवाबी कार्रवाई नहीं थी, बल्कि पाकिस्तान को न्यू इंडिया के ताकत का एहसास भी हो गया। सुश्री स्वराज ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब लहू और पानी एक साथ नहीं बह सकते। यह नए भारत की उद्घोषणा है कि जहाँ उत्तर केवल शब्दों में नहीं, संकल्प और साहस के साथ दिया जाता है। ऑपरेशन सिंदूर' भारत की आत्मरक्षा, न्याय और राष्ट्र सम्मान की पुनर्स्थापना का ऐतिहासिक संकल्प है। यह उस चेतना का उद्घोष है, जहाँ हर भारतवासी का लहू अब आत्मसम्मान के लिए प्रवाहित होता है।

श्री उपाध्याय ने कहा की यह यात्राएं दिल्ली और देश के सभी नागरिकों को पहलगाम की पीड़ित बहनों के दुख में शामिल होने का मौका दे रही हैं। इन तिरंगा यात्राओं माध्यम से देशवासी आतंकवाद के विरूद्ध संघर्ष को और तेज़ करने का संकल्प ले रहे हैं। श्रीमती रॉय ने कहा, यह यात्रा न केवल पीड़ित बहनों के प्रति हमारी एकजुटता का प्रतीक है, बल्कि ऑपरेशन सिंदूर में अद्भुत पराक्रम और अटूट साहस का प्रदर्शन करने वाले हमारे वीर जवानों के प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता भी व्यक्त करने का माध्यम है।

पाकिस्तान व चीन यात्रा के बाद सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर थी हिसार की ज्योति

एजेंसी

हिसार। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के शक में गिरफ्तार हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के बारे में जांच के दौरान कई बातें सामने आ रही हैं। ज्योति पाकिस्तान से लौटकर चीन भी गई थी। पाकिस्तान में उसे कहीं भी आने-जाने की छूट थी। वहां उसे सिक्योरिटी मिलती थी और किसी वीआईपी की तरह उसे ट्रीटमेंट मिलता था। शनिवार की रात ज्योति के घर की भी तलाशी ली गई।

हिसार पुलिस ज्योति को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ कर रही है। सुरक्षा एजेंसियों व नियमों के अनुसार आमतौर पर किसी भारतीय के पाकिस्तान जाने पर पुलिस स्तर पर उसकी निगरानी की जाती है। वह उन्हीं जगहों पर जा सकता है, जिसका जिक्र वीजा में होता है लेकिन, ज्योति पाकिस्तान में हाईप्रोफाइल पार्टियों में भी शामिल होती थीं। हिसार पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि इन बड़ी पार्टियों में उसकी मुलाकात पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के बड़े अधिकारियों से होती थी। वह पाकिस्तान के अलावा दो बार कश्मीर भी जा चुकी हैं। जांच में यह भी पता चला है कि ज्योति खुफिया एजेंसी के अधिकारी के साथ इंडोनेशिया के बाली भी घूमकर आई और नेपाल भी गईं थी। पुलिस का मानना है कि हालांकि बहाना यूट्यूब के लिए वीडियो बनाने का होता था, लेकिन ज्योति का असल मकसद भारत की खुफिया जानकारी इकट्ठा कर पाकिस्तान को देना था। सुरक्षा एजेंसियों की जांच में पता चला है कि ज्योति इस वर्ष 23 मार्च को पाकिस्तानी एंबेसी गई थी। जहां उसने इफ्तार पार्टी में हिस्सा लिया। इसका वीडियो भी उसने अपने चैनल पर डाला था। जब वह एंबेसी में पहुंची तो दानिश ने बहुत फ्रेंडली तरीके से उसका स्वागत किया और दोनों आपस में

इस तरह से बात करते दिखे कि एक-दूसरे को बहुत करीब से जानते हों। दानिश ने उसे अपनी पत्नी से भी मिलवाया। इसके अलावा वहां मौजूद अधिकारियों से भी उसकी बात कराई। इस इफ्तार में ज्योति कुछ चीनी अधिकारियों से भी मिली। वह पूरे वीडियो में पाकिस्तानी एंबेसी में किए इंतजामों की जमकर तारीफ करती दिखी थी। उसने दानिश की पत्नी को अपने घर हिसार में भी आने के लिए निमंत्रण दिया। जांच में पता चला है कि ज्योति अब तक पाकिस्तान, चीन, नेपाल, थाइलैंड, भूटान, इंडोनेशिया समेत कई देशों में जा चुकी थी। ज्योति ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स पर दुबई की एमिरेट्स की फर्स्ट क्लास की श्रेणी की यात्रा का फोटो भी शेयर किया हुआ है। इसके अलावा वह चीन में भी यात्रा के दौरान वीवीआईपी की तरह रही। इसके उलट भारत लौटने पर वह साधारण लड़की की तरह रहती थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि ज्योति सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर तब आई, जब उसने वर्ष 2024 में पाकिस्तान यात्रा के तुरंत बाद चीन का दौरा किया। ज्योति ने अप्रैल 2024 में करीब 12 दिन का पाकिस्तान का टूर किया था। इसके बाद वह तुरंत जून में चीन चली गई। चीन में वह ज्वेलरी शॉप से लेकर कई जगह लग्जरी गाड़ियों में घूमी।

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले कैथल के देवेंद्र से एनआईए ने की पूछताछ

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस की गिरफ्त में आए कैथल वासी पाकिस्तानी जासूस देवेंद्र सिंह के मामले की जांच में अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भी शामिल हो गई है। रविवार को एनआईए की एक टीम कैथल पहुंची और देवेंद्र सिंह से पूछताछ की। कैथल पुलिस ने इस पूछताछ की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार मस्तगढ़ निवासी देवेंद्र सिंह सिख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने पाकिस्तान गया था। इस दौरान उसे वहां की एक लड़की ने हनीट्रैप में फंसा लिया और सात दिन तक उसे अपने साथ रखा। लड़की ने उसे पाकिस्तान में जासूसी की ट्रेनिंग दी। फिर उस लड़की ने उसका संपर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के पांच एजेंटों से करवाया। पुलिस जांच में सामने आया कि लडक़ी ने देवेंद्र को लालच दिया कि अगर वह गुप्त सूचना देगा तो वह उसकी दोस्ती खूबसूरत लड़कियों से करवा देगी और उसे पैसे भी मिलेंगे। एनआईए की टीम ने आरोपित से मामले से जुड़े कई पहलुओं पर पूछताछ की, जैसे कि वह आईएसआई के संपर्क में कैसे आया और उसने क्या-क्या सूचनाएं साझा कीं। एनआईए के दो अधिकारी अभी कैथल में ही हैं। आशंका जताई जा रही है कि बहुत जल्द देवेंद्र सिंह को एनआईए अपनी हिरासत में ले सकती है। कैथल पुलिस ने भी इस मामले की जांच के लिए अलग से एसआईटी का गठन कर दिया है।

हरियाणा पुलिस ने डीएसपी गुरविंदर सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का किया गठन

इस संबंध में कैथल एसपी आस्था मोदी ने बताया कि मामले की जांच के लिए आईएनए की टीम कैथल आई थी। आरोपित से मामले के बारे में पूछताछ की गई और तथ्य जुटाए गए। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है। इसकी अध्यक्षता डीएसपी गुरविंदर सिंह को दी गई है। एसआईटी में साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभ्रांशु, सिविल लाइन थाना के इंस्पेक्टर साहिल कुमार और स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार शामिल हैं। टीम आरोपित के बैंक खातों की भी जांच कर रही है। दरअसल, कैथल पुलिस ने देवेंद्र सिंह को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। शुरुआती जांच में पता चला कि वह आईएसआई के एजेंटों को अब तक पटियाला कैंट क्षेत्र की जानकारी और फोटो को भेज चुका है। इसके बाद उसने उसका डेटा मोबाइल से डिलीट कर दिया। पुलिस अब उसके बैंक खातों की जानकारी और डिलीट किया डेटा रिकवर करने की कोशिश कर रही है। आरोपित एमए प्रथम वर्ष पॉलिटिकल साइंस का छात्र है।

सहरावत ने वरिष्ठ नागरिकों को वितरित किये आयुष्मान कार्ड

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महामंत्री एवं सांसद कमलजीत सहरावत ने रविवार को विकासपुरी के गोल्डन एप्पल बैंक्वेट हॉल में वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये। कार्यक्रम में लगभग पांच हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। दिल्ली भाजपा संगठन द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम में पूर्व विधायक ओ.पी. बब्बर, श्री राजीव बब्बर, पश्चिमी जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बक्शी, निगम पार्षद हरिश ओबरॉय, महामंत्री श्वेता सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश खन्ना, श्री सचिन भसीन, श्री सत्यनारायण डंग नेता उपस्थित थे। इस मौके पर श्रीमती सहरावत ने कहा कि बुजुर्ग लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड एक संजीवनी बूटी की तरह है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत यह कार्ड 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग लोगों को वितरण किये गये। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत दिए जा रहे पांच लाख के स्वास्थ्य सुरक्षा के अतिरिक्त दिल्ली सरकार भी पांच लाख का टॉप-अप कवर प्रदान करेगी।

भारतीय खातों से ही मिलती थी नोमान को पेमेंट

एजेंसी

चंडीगढ़। पानीपत पुलिस की गिरफ्त में आए पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले नोमान इलाही से पूछताछके दौरान कई अहम खुलासे हुए हैं। नोमान इलाही ने जासूसी के वीडियो पाकिस्तान में बैठे आतंकी इकबाल काना को भेजे थे।इसके लिए उसे पाकिस्तान बैंक के खातों ने कोई पेमेंट नहीं मिला था बल्कि उसके भारतीय खातों से ही पेमेंट मिला।

पानीपत पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार नोमान इलाही से सात दिन के रिमांड के दौरान हर पहलू पर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि नोमान को हमेशा भारतीय खातों से पेमेंट किया जाता रहा। जिस कारण किसी को शक भी नहीं हुआ। कई लोगों के खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए। जांच के दौरान पुलिस ने एक दर्जन से ज्यादा ऐसे खातों की जांच शुरू की है। इन खातों में भारतीय खातों से पैसे ट्रांसफर किए गए।

पुलिस के अनुसार इलाही पर प्रशिक्षित आईएसआई जासूस होने का संदेह है। वह लगातार जांच एजेंसियों को गुमराह कर रहा है और सही जानकारी नहीं दे रहा है। सीआईए ने उत्तर प्रदेश के कैराना से उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया है। जिसकी वैधता 2010 में समाप्त हो चुकी थी। सूत्रों ने कहा कि आरोपित ने दावा किया था कि वह वर्ष 2017 में पाकिस्तान गया था। एजेंसियां वर्ष 2017 में उसकी पाकिस्तान यात्रा के बारे में सभी विवरण प्राप्त करने की कोशिश कर रही हैं। नोमान इलाही का पांच साल की उम्र में ही पासपोर्ट बन गया था।

पेज एक का शेष

जहां से सीजफायर...

कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत की कार्रवाई के बाद, पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा और जम्मू और कश्मीर में गोलाबारी की। सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन से हमले करने की कोशिश भी की गई। इसके बाद भारत ने एक समन्वित हमला किया और पाकिस्तान में 11 एयरबेस पर रडार सिस्टम, संचार केंद्रों और हवाई क्षेत्रों को निशाना बनाया। 10 मई को, दोनों देश शत्रुता समाप्त करने के लिए सहमत हुए।

18 पीसीएस...

तथा ग्रामीण जलापूर्ति) राजेश कुमार गुप्ता को लखनऊ एडीएम (प्रशासन), रामपुर एडीएम हेम सिंह को सचिव विकास प्राधिकरण अयोध्या, चित्रकूट एडीएम (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति) सुश्री वंदिता श्रीवास्तव को बरेली विकास प्राधिकरण सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण सचिव रहे सत्येंद्र सिंह को शामली एडीएम, प्रयागराज एडीएम विनय कुमार सिंह को एडीएम नगर गाजियाबाद, बरेली विकास प्राधिकरण सचिव योगेन्द्र कुमार को उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ, नगर निगम लखनऊ अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार श्रीवास्तव को बागपत एडीएम (न्यायिक), रायबरेली एसडीएम राजित राम गुप्ता को बलिया एडीएम (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), उन्नाव उप जिलाधिकारी रहीं सुश्री नम्रता सिंह को लखनऊ नगर निगम अपर नगर आयुक्त, शामली एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव को एडीएम चित्रकूट (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति) और ललितपुर एसडीएम रहीं सुश्री रोशनी यादव को एडीएम (न्यायिक) लखनऊ बनाया गया है।

बंगलादेश से निर्यात ...

बंगलादेश भारत के साथ जुड़ाव में समानता चाहता रहा है। सूत्रों ने पारस्परिकता के सिद्धांत के बारे में कहा कि बंगलादेश के साथ संबंध पारस्परिक शर्तों पर होंगे। बंगलादेश से केवल दो बंदरगाहों (कोलकाता और न्हावा शेवा, मुंबई) तक सीमित आरएमजी आयात बांग्लादेश के लिए एक पारस्परिक उपाय है जो भारतीय धागों और चावल पर समान व्यापार प्रतिबंध लगाता है और साथ ही बंगलादेश को निर्यात किए जाने वाले सभी भारतीय सामानों पर चुनिंदा रूप से उन्नत निरीक्षण करता है। सूत्रों के अनुसार बंगलादेश भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को एक कैप्टिव मार्केट मान रहा है। बंगलादेश को यह महसूस करने की आवश्यकता है कि वह केवल अपने लाभ के लिए द्विपक्षीय व्यापार की शर्तों को नहीं चुन सकता है या यह नहीं मान सकता है कि पूर्वोत्तर अपने निर्यात के लिए एक कैप्टिव बाजार है, जबकि इसे बाजार तक पहुंच और पारगमन से वंचित कर सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखांकित किया है कि पूर्वोत्तर बिम्सटेक का अभिन्न अंग है। संसाधनों से समृद्ध पूर्वोत्तर में अब उपलब्ध समान बाजार स्थान से आत्मनिर्भर भारत योजनाओं और नीतियों के तहत इस क्षेत्र में विनिर्माण और उद्यमिता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

बसपा ने आकाश...

नहीं सहने संबंधी भारत सरकार की चेतावनी उचित है। उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका या किसी अन्य तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार न करने की राष्ट्रीय सहमति का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। क्योंकि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर देश अपने अलावा किसी और पर भरोसा न करे तो बेहतर होगा। सीमा पार से बार-बार हो रही घातक आतंकवादी घटनाओं को रोकने के लिए केन्द्र सरकार कोहर संभव ठोस और प्रभावी उपाय करना चाहिए। मायावती ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाया है। भविष्य में ऐसा न करने की सख्त चेतावनी भी दे रही है। ऐसे में केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने सुरक्षा उपायों से देश में घातक आतंकी घटनाएं अब किसी भी कीमत पर आगे नहीं होने दे। बसपा प्रमुख ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री द्वारा पहले विदेश सचिव और फिर सेना की वरिष्ठ महिला अधिकारी के बारे में की गई टिप्पणियों से पार्टी स्तर पर सख्ती से निपटा जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने इसका स्वतः संज्ञान लेते हुए मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जो स्वागत योग्य है। भाजपा की ओर से भी मंत्री के खिलाफ जरूरी एक्शन का अभी भी पूरे देश को इंतजार था और आगे रहेगा। मायावती ने कहा कि सपा के वरिष्ठ नेता ने भी सेना को जाति के आधार पर बांटने की कोशिश की, जो अत्यंत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सेना और उसके पराक्रम पर पूरे देश में खुशी मनाई जानी चाहिए, लेकिन किसी भी पार्टी को इसकी आड़ में राजनीति नहीं करनी चाहिए।

जवानों के त्याग और बलिदान पर देश को गर्व : नड्डा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में सेना, आईटीबीपी, एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीमा की रक्षा में तैनात हथियार, उपकरण और अन्य रक्षा संसाधनों की भी जानकारी ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए जवानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश वीर जवानों के त्याग और बलिदान का सम्मान करता है और उनकी कर्तव्यनिष्ठा पर गर्व करता है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के भ्रमण पर हैं। वे आज पूर्वाह्न 11:45 बजे गुंजी हेलीपैड पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने रंग संस्कृति की पगड़ी पहनाकर पारंपरिक रीति-रिवाज से उनका स्वागत किया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने सेना, आईटीबीपी व एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात हथियारों व उपकरणों की जानकारी भी ली। उन्होंने जवानों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया। इसके उपरांत पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने जनपद के विभिन्न विभागों से संबंधित वाइब्रेंट विलेज के अंतर्गत गतिमान योजनाओं एवं प्रस्तावित कार्यक्रमों की पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण दिया। जिलाधिकारी ने सभी विकासखंडों के अंतर्गत आने वाले वाइब्रेंट विलेज की जानकारी दी। पर्यटन विभाग ने पर्यटन योजनाओं, आदि कैलाश ओम पर्वत यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बताया कि स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के संचालित योजनाओं के भी स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी गई। बताया कि आईटीबीपी और क्षेत्रीय पशुपालकों का आपस में अनुबंध है। स्थानीय ग्रामीण आईटीबीपी को ताजा, उच्च गुणवत्ता वाली पोल्ट्री और भेड़-बकरी उपलब्ध करवाते हैं। इस योजना में सहकारी समितियां और किसान उत्पादक संगठन आईटीबीपी को खाद्य पदार्थ की आपूर्ति में शामिल है। इस दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा, पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उत्तराखंड, मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रविवार को देहरादून पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जालीग्रांट एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में लिखा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद भेंट किए गए। साथ ही उन्हें हमारी मातृशक्ति और स्थानीय लोगों की ओर से स्वरोज़गार के क्षेत्र में किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों के विषय में अवगत कराया। मातृशक्ति के अथक परिश्रम, देवभूमि के शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्थानीय उत्पादों का 'हाउस ऑफ़ हिमालयाज़' संग्रह है। जेपी नड्डा का एयरपोर्ट पर मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरिद्वार विधायक मदन कौशिक, रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ, सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर, मेयर सौरभ थपलियाल सहित अन्य पार्टी नेताओं ने स्वागत किया। जेपी नड्डा पिथौरागढ़ के गुंजी गांव जाएंगे, जहां वह गुंजी (पिथौरागढ़) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करेंगे। साथ ही उननके द्वारा ज्योलिंगकोंग से आदि कैलाश के दर्शन और महिला फ़ेडरेशन की ओर से गुंजी में संचालित होम स्टे का भ्रमण भी किया जाएगा। इसके बाद वे सीमांत क्षेत्र ज्योलिंगकोंग से आदि कैलाश के दर्शन करेंगे। रात को उनका प्रवास गूंजी में ही रहेगा।

जनकपुरी में मंत्री आशीष सूद ने लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। हमने अब तक हजारों लोगों के कार्ड बनाए हैं। इसके साथ ही हम अस्पतालों की सूची भी उपलब्ध करा रहे हैं ताकि वे उन अस्पतालों में जाकर इसका लाभ उठा सकें। हम उन्हें इसके बारे में जागरूक भी कर रहे हैं। मंत्री ने बताया कि हम एक छोटा सा आयुष्मान भारत कार्ड दे रहे हैं, जो ड्राइविंग लाइसेंस जैसा दिखता है। साथ ही अस्पतालों की सूची भी दी जा रही है। यह कार्ड सुविधाजनक है और इसे जेब में रखा जा सकता है। इसे आप कहीं भी ले जा सकते हैं। दुर्भाग्य से अगर कोई बाहर यात्रा करते समय बीमार पड़ जाता है, तो इस कार्ड से उसे 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकता है। दिल्ली की सभी विधानसभाओं में आयुष्मान कार्ड का वितरण लगातार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दस अप्रैल को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरुआत के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। विज्ञान भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। आयुष्मान योजना के तहत दिए जा रहे 5 लाख के स्वास्थ्य सुरक्षा के अतिरिक्त दिल्ली सरकार भी 5 लाख का टॉप-अप कवर प्रदान कर रही है। इस तरह प्रत्येक लाभार्थी को कुल 10 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध हो रहा है। दिल्ली के नागरिक बेझिझक और बिना किसी बाधा के अपना इलाज इस कार्ड से करा सकेंगे, किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में यह सुविधा मिलेगी, जिससे इलाज की गुणवत्ता और पहुंच दोनों सुनिश्चित होंगी। यह योजना न सिर्फ स्वास्थ्य सुरक्षा है, बल्कि हर परिवार को सम्मान और आत्मविश्वास देने वाला कदम है। दिल्ली सरकार का संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति पैसों की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहे। सरकार इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि हर पात्र व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिले। यह योजना विशेष रूप से गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक संजीवनी साबित होगी। दिल्ली सरकार, हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है।

आरसीपी सिंह ने अपनी पार्टी का जनसुराज में किया विलय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी बदलने और पार्टी के विलय करने का सिलसिल शुरू हो गया है। इस सिलसिल में रविवार को जदयू से अलग होकर आरसीपी सिंह ने अपनी बनायी पार्टी आसा का विलय प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज में कर दिया। पत्रकार सम्मेलन का आयोजन कर दोनों पार्टियों के प्रमुख ने आज पटना में विलय की जानकारी दी और दोनों नेताओं ने जदयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला। प्रशांत किशोर ने आरसीपी सिंह के जनसुराज संग आने को नीतीश कुमार के खिलाफ एक मजबूत गठजोड़ बताते हुए कहा कि 'कमजोर नीतीश कुमार को गिद्ध की तरह नोचा जा रहा है'।जदयू में जो लोग खुद को नेतृत्वकर्ता कहते हैं, वे नीतीश कुमार को कितना सहयोग करते थे, यह सबको पता है। पीके ने बिना किसी का नाम लिए यहां तक कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में शामिल कुछ मंत्री 'वसूली मंत्री' हैं। प्रशांत किशोर ने जदयू के लोगों से अपील की है कि जदयू डूबता हुआ नाव है और वे जल्दी से जदयू को छोड़कर जनसुराज के साथ आ जाएं क्योंकि नीतीश कुमार की स्थिति पहले जैसे नहीं है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जदयू के जो पांच नेता हैं, जिन्होंने पार्टी को हाईजैक किया है उनसे जाकर पूछिए कि उनकी जनता में क्या पैठ है। अगर हम लोग नहीं होते यह लोग अभी कहां होते। उन्होंने कहा कि आरसीपी सिंह का काम करने का जो अनुभव है, बिहार में ऐसे बहुत कम लोग हैं। आरसीपी सिंह आईएएस ऑफिसर रह चुके हैं। मैं जानता हूं कि अगर सबसे समझदार कार्यकर्ता किसी दल में हैं तो वह जनता दल यूनाइटेड में हैं। जन सुराज में समाजवाद को जिंदा रखा जाएगा। आरसीपी सिंह ने कहा कि आज रविवार है, सूर्य भगवान का दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अपनी पार्टी का विलय करूंगा, लेकिन यह हो गया। यह ईश्वर का आशीर्वाद है। आरसीपी सिंह ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से बिहार में घूम रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं और अब एक नई लड़ाई के लिए तैयार हैं। महागठबंधन की सरकार के वक्त जैसी मेहनत की गई थी, अब फिर वैसी मेहनत होगी, मगर इस बार खुद के लिए मेहनत करूंगा।

डीजे विवाद को लेकर युवक की चाकू घोपकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिले के महेन्द्रा पार्क थाना क्षेत्र में डीजे को लेकर हुए विवाद में आरोपितों ने एक युवक को चाकू मार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल युवक को उसके दोस्तों ने नजदीकी अस्पताल में भर्तीकराया और मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान बाढ़ोला गांव निवासी पंडित भीम सेन के रूप में हुई है। महेन्द्रा पार्क थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर चार नाबालिग को हिरासत में लिया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक को आरोपितों ने चाकू मार दिया है। खबर मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिसको पता चला कि घायल को उसके दोस्तों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। डीसीपी के अनुसार जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना से एक दिन पहले, यानी 16 मई को, मृतक का डीजे की व्यवस्था को लेकर एक युवक से मामूली विवाद हुआ था।

दो आदतन वाहन चोर गिरफ्तार, दो स्कूटी और मोबाइल फोन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तरी-पश्चिमी जिले के महेन्द्रा पार्क थाना पुलिस व एनएस मंडी पुलिस चौकी ने वाहन चोरी और मोबाइल फोन चोरी में लिप्त दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा और उनके कब्जे से दो चोरी की स्कूटी व दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उत्तरी-पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राहुल और जाहिद अली उर्फ अली के रूप में हुई है। दोनों जहांगीरपुरी के रहने वाले है। डीसीपी के अनुसार दोनों शातिर और सक्रिय अपराधी हैं और पहले 28 और 4 मामलों में शामिल रह चुके हैं। राहुल थाना महेन्द्रा पार्क का घोषित बदमाश है। डीसीपी के मुताबिक शनिवार रात हेड कांस्टेबल सुनील, हेड कांस्टेबल दयाराम और कांस्टेबल दशरथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इस दौरान दो युवक एक स्कूटी पर संदिग्ध हालत में घूमते नजर आए। जब पुलिस ने उन्हें रोका और स्कूटी के दस्तावेज दिखाने को कहा तो वे कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। जांच में स्कूटी थाना आदर्श नगर क्षेत्र से चोरी की पाई गई। उनकी तलाशी में दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जो थाना महेन्द्रा पार्क क्षेत्र से चोरी किए गए थे। पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर एक और चोरी की स्कूटी बरामद की गई। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

पानी और बिजली की समस्या को लेकर बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के नाथनगर प्रखंड के दिलदारपुर दियारा के ग्रामीणों ने पानी और बिजली की समस्या को लेकर रविवार को सागर महतो की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में एक्शन एड और जनप्रिय के गौतम कुमार और सुभाष प्रसाद ने भाग लिया। बैठक में मोसमात सोहरा देवी ने कहा इस भीषण गर्मी में हम लोगों को पानी तक नसीब नहीं है। दिनभर में सुबह 10 मिनट के लिए पानी आता है। वह भी कहीं मिलता है और कहीं नहीं मिलता है। उस 10 मिनट के दौरान यदि बिजली चली गई तो दिनभर पानी नहीं मिलेगा। जमीन के पानी का लेयर नीचे जाने के कारण चापानल नहीं चलता है। सुदर्शन महतो ने कहा गांव को नियमित बिजली नहीं मिलता है। रात को तो रहता ही नहीं। तीन फ़ेज में से किसी एक ही फ़ेज में ही बिजली रहता है, जिस कारण आधा अधूरा लोगों को बिजली मिल पाता है। घोलटी महतो ने कहा हर वर्ष बाढ़ के कारण हम लोगों को विस्थापित होना पड़ता है। यदि जिला प्रशासन हमारे गांव में मिट्टी भरवा दे तो बाढ़ के दिनों में विस्थापित होने का दंश झेलना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा चंपा नदी से मिट्टी का उठाकर गांव में भरवा दिया जाए तो नदी का भी जीर्णोद्धार होगा और परंपरागत रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सागर महतो ने कहा दिलदारपुर घनी आबादी वाला दिया है। दियारा में हम लोग तकरीबन 5 से 6 हजार लोग और 2000 वोटर रहते हैं।

मोतिहारी पुलिस ने पंजाब से लाई जा रही शराब की बड़ी खेप किया बरामद

पूर्वी चंपारण। जिला के पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर शराब और मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान मेहसी थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर कार्रवाई करते हुए में 999 लीटर विदेशी शराब सहित एक 18 चक्का ट्रक जब्त करते हुए ट्रक के चालक और उपचालक को भी गिरफ्तार किया है। दरअसल मेहसी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच-27 होकर शराब की बड़ी खेप जाने वाली है,लिहाजा पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए संदिग्ध वाहनों की तलाशी शुरू की। इसी दौरान एक 18 चक्का ट्रक (नंबर घ्उ11एख्र7970) को रोककर जब तलाशी ली गई तो ट्रक के अंदर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया।

हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान परवेश कुमार उर्फ धिल्लू के रूप में हुई है। आरोपित पिछले छह महीनों से पुलिस को चकमा दे रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि 13 सितंबर 2024 को नरेला थाने में एक हत्या का मामला दर्ज हुआ था। इसमें परवेश कुमार, दीपांशु उर्फ गोलू और राहुल हुड्डा पर सुमित नामक युवक की हत्या का आरोप था। मृतक सुमित हरियाणा के सोनीपत जिले के मांडोरा गांव का रहने वाला था और नरेला में खाद-बीज की दुकान चलाता था। पूछताछ में परवेश ने बताया कि सुमित द्वारा उसकी बहन के साथ की गई छेड़खानी का बदला लेने के लिए उसने अपने दोनों रिश्तेदारों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।वारदात के बाद से आरोपित फरार चल रहा था। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली कि परवेश कुमार दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में कहीं छिपा हुआ है। सूचना को तकनीकी सहायता से पुख्ता कर पुलिस टीम ने नजफगढ़ के पास जाल बिछाया और आरोपित को दबोचा। जांच में पता चला है कि पकड़ा गया परवेश ने 9वीं कक्षा में फ़ेल होने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और बुरी संगत में पड़कर पहले भी अपराध कर चुका है। उस पर पहले से नरेला थाने में लूटपाट का मामला दर्ज है।

मोतिहारी के प्रसिद्ध साहित्यकार प्रसाद रत्नेश्नर लिखित चार पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर निवासी प्रसिद्ध साहित्यकार प्रसाद रत्नेश्वर लिखित चार पुस्तको का दिल्ली स्थित कर्नस्टिट्यूशन क्लब में लोकार्पण किया गया। साहित्यिक उपलब्धियों के इस उत्सव का आयोजन दिल्ली में प्रवासी बिहारियों की एक प्रमुख सांस्कृतिक- साहित्यिक संस्था बिहार महोत्सव समिति के बैनर तले आयोजित किया गया। प्रसाद रत्नेश्वर पुस्तक लोकार्पण समारोह के इस भव्य आयोजन में पहुंचे अतिथियो ने प्रसाद रत्नेश्वर की सद्यः प्रकाशित चार पुस्तक बेचिरागी (हिन्दी कविता - संग्रह), लड़कियों के कपड़े (हिन्दी ग़ज़ल- संग्रह), निलही कोठी (पाँच मंचीय नाटकों का संग्रह) एवं थारु : विश्व की एक नई सभ्यता (शोध - पत्र - संग्रह) का लोकार्पण किया। समारोह में पहुंचे संजय मयूख, सदस्य, बिहार विधान परिषद, पटना,डॉ. निवेदिता झा, प्रसिद्ध कवयित्री व लेखिका, महेंद्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ नाट्यकर्मी, नीरज कुमार, सहायक आयुक्त,एमसीडी, दिल्ली, तनवीर हसन,फिल्मकार ने संयुक्त रूप से पुस्तकों का विमोचन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में संजय मयूख ने कहा कि प्रसाद रत्नेश्वर जी का साहित्य विश्व साहित्य की धरोहर है। उनकी पुस्तकें अनमोल है जो भारतीय संस्कृति और चिंतन- धारा का प्रतिनिधित्व करती हैं। डॉ. निवेदिता झा ने कहा कि दिल्ली के साहित्यिक मंच पर एक ऐसा ऐतिहासिक लम्हा है जो सुनहला और अविस्मरणीय है। महेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रसाद रत्नेश्वर के मंचीय नाटकों की सराहना करते हुए कहा कि वे दिल्ली में इसका मंचन करेंगे। सहायक आयुक्त नीरज कुमार ने इसे प्रसाद रत्नेश्वर के लेखकीय जीवन की एक बड़ी साहित्यिक उपलब्धि बताया। तनवीर हसन ने कहा कि लेखक की उम्र के चौथेपन में एक साथ चार पुस्तकों का लोकार्पण एक प्रेरित करने वाली साहित्यिक घटना है। बिहार सेंट्रल के एमडी सुधाकर शरण ने मोतिहारी को रत्नगर्भा बताते हुए कहा कि रत्नेश्वर इसी की उपज हैं जो साहित्य की दुनिया में चम्पारण और बिहार का नाम आलोकित कर रहे हैं। मौके पर हिन्दी साहित्य में पाँच अनमोल पुस्तकों का योगदान करने के उपलक्ष्य में प्रसाद रत्नेश्वर को ' सहित्य श्री सम्मान से भी विभूषित किया गया।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063